Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-296
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00







## क्विक न्यूज

### 14 जुलाई से छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। इस बार छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम् सत्र 14 जुलाई 2025 सोमवार से प्रारंभ होकर 18 जुलाई 2025 तक रहेगा। बता दें कि इस बार के मानसून सत्र में केवल 5 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

### कांग्रेस ने जातिगत जनगणना पर किया संदेह व्यक्त



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना की अधिसूचना पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए पूरी प्रक्रिया का पालन और पर्याप्त बजट का आवंटन किया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 16वीं जनगणना के लिए जारी की गयी अधिसूचना में जातिगत जनगणना का उल्लेख नहीं है। इससे सरकार की मंशा पर संदेह पैदा होता है।

### धान का रकबा बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है जबकि अन्न का रकबा घट गया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने जारी आंकडों में बताया कि 13 जून तक देश में धान का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में चार लाख हेक्टेयर से 0.53 प्रतिशत बढ़कर 4.53 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह दलहन का रकबा 0.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.60 लाख हेक्टेयर से 3.07 लाख हेक्टेयर हो गया है। अन्न का रकबा मामूली रुप से घटकर 5.90 लाख हेक्टेयर से 5.89 लाख हेक्टेयर रह गया है।

## एक मंत्री की छुट्टी और तीन मंत्रियों की शपथ का फार्मुला लेकर रायपुर पहुंचे शिव प्रकाश और जामवाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मंगलवार को रायपुर पहुंचे। कहा जा रहा है कि एक मंत्री की छुट्टी और तीन मंत्रियों की शपथ का फार्मुला लेकर यह दोनों दिग्गज रायपुर पहुंचे है। हालांकि मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं है। लेकिन सोशल मीडिया में यह चर्चा छिड़ी हुई है कि विधानसभा के मानसून सत्र के पहले तीन मंत्रियों की शपथ हो सकती है। शिवप्रकाश, जामवाल और नितिन नबीन के रायपुर आगमन से मंत्री पद के दावेदारों के चेहरे खिल गए है। वहीं एक मंत्री को बदले जाने की चर्चा है। दोनों नेताओं की अगुवाई को लेकर रायपुर हवाई अडडे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने स्वागत किया।

प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन भी छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। दरअसल यहां भी मध्य प्रदेश की तर्ज पर सांसद विधायकों के प्रशिक्षण पर चर्चा हो सकती है। भाजपा विधायक दल की बैठक 18 जून को होगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन दोपहर 12 बजे बैठक लेंगे। इस दौरान नितिन नबीन संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा करने के साथ ही कई अन्य बैठक लेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, अजय जामवाल, पवन साय भी मौजूद रहेंगे।

### केबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज सवेरे 10 बजे केबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री के सिविल लाइन रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित होगी। जानकारी अनुसार कैबिनेट की बैठक में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे की पत्नी स्नेहा गिरपुंजे के अनुकंपा नियुक्ति प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर लग सकती है। इसके साथ ही विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर कैबिनेट में चर्चा के आसार हैं।

## भारतीय नागरिकों को तेहरान छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया

वार्ता < तेहरान/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इजरायल की ओर से किये जा रहे हमलों के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को शहर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। भारतीय दूतावास ने नागरिकों से दूतावास को अपना संपर्क विवरण और जिस स्थान पर रह रहे हैं उसका विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ जो अपने संसाधनों का उपयोग करके तेहरान से बाहर जा सकते हैं, उन्हें शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाने की सलाह दी है। सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और संपर्क नंबर प्रदान करें। कृपया +989010144557, +989128109115, +989128109109 @एमईएइंडिया इंडिया इन ईरान, @इंडिया _इन_ईरान पर संपर्क करें।

## इंडिगो विमान की नागपुर में इमर्जेंसी लैंडिंग

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



इंडिगो एयरलाइन्स की कोच्चि से दिल्ली आ रहे विमान को सुरक्षा संबंधी कारणों से नागपुर के डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि उड़ान संख्या 6ई1272 मस्कट से कोच्चि आया था और बाद में यही विमान मंगलवार को कोच्चि से दिल्ली की उड़ान पर था। प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और विमान को नागपुर की ओर मोड़ दिया गया। उड़ान सुरक्षित रूप से डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नागपुर पर उतरी और सभी यात्रियों को उतारा गया और सुरक्षा जांच की जा रही है।

## इजरायल और ईरान के बीच का युद्ध एक नये मोड़ पर

एजेंसी < तेहरान/यरुशलम
www.dailypioneer.com



इजरायल और ईरान के बीच का युद्ध एक नये मोड़ पर पहुंच गया है जिसमें ईरान के सैन्य प्रमुख शादमानी को मार गिराने का दावा किया गया है। इजरायल ने अपने दावे में कहा है कि ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ एवं इस्लामिक रिपब्लिक के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में से एक अली शादमानी को मार दिया गया है। इजरायल ने तेहरान में उसके सरकारी मीडिया आईआरआईबी न्यूज के मुख्यालय को निशाना बनाया है । इजरायल के हमलों में अब तक 227 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को आईआरआईबी न्यूज मुख्यालय पर इजरायली हमले की पुष्टि करते हुए उसे अपराध की संज्ञा दी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायली हमले को रोके जाने का आग्रह किया है। बाघेई ने एक्स पर कहा इजरायल ने सरकारी टेलीविजन और रेडियो कंपनी पर हमला कर एक और जघन्य अपराध किया है और ईरान की जनता पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा परिषद को अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी है। दूसरी ओर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफजारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त कराने का अभियान बताते हुए कहा कि उनके दिन अब लद गये हैं और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल के सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। इसी से जुड़े एक और घटनाक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान के लोगों से शहर खाली करने का आग्रह किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'ट्रुथ' पर लिखा, ईरान को उस 'समझौते' पर हस्ताक्षर करना चाहिए था जो मैंने उन्हें करने के लिए कहा था। उन्होंने कहा मैं बार-बार कहता आया हूं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। हर किसी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। दूसरी ओर तबरीज में ईरान ने एक इजरायली एफ - 35 लड़ाकू जेट विमान को मार गिराने का दावा किया है। पूर्वी अज़रबेजान संकट प्रबंधन के महानिदेशक माजिद फार्शी ने मंगलवार को जानकारी दी कि तबरीज के आसपास तीन स्थानों को निशाना बनाया गया और वायु रक्षा प्रणाली की ओर से इज़रायल के माइक्रो एयर व्हीकल्स (एमएवी) पर आक्रमण किया गया। ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने इजरायल के चौथे एफ-35 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कनाडा में जी 7 शिखर सम्मेलन को जल्दी छोड़ कर वापस लौटने का फैसला किया है।

## आपदाओं की बदलती प्रकृति से निपटने के लिए तैयारी और जागरूकता महत्वपूर्णः डा. मिश्रा

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने आपदाओं की निरंतर बदलती प्रकृति का उल्लेख करते हुए कहा है कि इनके प्रभाव तथा जोखिम बचाव उपायों की तुलना में कई गुना बढ़ रहे हैं और इनसे निपटने के लिए तैयारी तथा जागरूकता महत्वपूर्ण हैं। डा़ मिश्रा ने गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और राज्य आपदा मोचन बलों के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने सम्मेलन को आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने, उसका पुनरावलोकन करने और सुदृढ़ करने का साझा अवसर बताया। उन्होंने कहा, आपदाओं की प्रकृति बदल रही है और हमें इस वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि खतरे आपस में जुड़े हुए हैं, प्रभाव कई गुना बढ़ रहे हैं और जोखिम हमारी अनुकूलन गति से कहीं तेजी से विकसित हो रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने आपदाओं से निपटने के लिए दीर्घावधि उपायों के तहत आपदा की अनिश्चितता को देखते हुए तैयारी और जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्यों से तैयारी के स्तर को बढाने पर भी जोर दिया। राज्यों से यह भी कहा गया कि वे विभिन्न आपदाओं के दौरान सीखे गये सबकों संस्थागत रूप दें। देश के विशाल भौगोलिक आकार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि एक मजबूत राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के अलावा, राज्यों को आपदा राहत कार्यों में शामिल एजेंसियों की क्षमता में बढ़ोतरी का आकलन और उनमें निवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा आपदा की तैयारी घंटों नहीं, बल्कि मिनटों का मामला है, क्योंकि राहत कार्य शुरू करने और लोगों को जुटाने में लगा हर मिनट महत्वपूर्ण है।

## भारतीय सैन्य टुकड़ी फ्रांस के साथ 'शक्ति' अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रवाना

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को फ्रांस रवाना हो गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह इस अभ्यास का आठवां संस्करण है जो फ्रांस में ला कैवेलरी के कैंप लारजैक में बुधवार से शुरू होकर एक जुलाई तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी में 90 सैनिक हैं और इसका प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 सदस्य हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-गेड (13वीं डीबीएलई) के सैनिक कर रहे हैं। 'शक्ति' अभ्यास भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं के बीच एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन, परिचालन समन्वय और परस्पर सैन्य संपर्क को बढ़ाना है। यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत अर्ध-शहरी इलाकों में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास दोनों टुकड़ियों को सामरिक अभ्यासों , उन्हें परिष्कृत करने, रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नई पीढ़ी के उपकरणों (समकालीन सैन्य प्रौद्योगिकियों) का प्रशिक्षण देने और शारीरिक सहनशक्ति को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यह दोनों सेनाओं के बीच एकता, आपसी सम्मान और पेशेवर सौहार्द को भी बढ़ावा देगा। 'शक्ति' अभ्यास भारत और फ्रांस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग का प्रतीक है और इससे दोनों मित्र देशों के बीच रणनीतिक संबंध मजबूत होंगे।

## मुख्यमंत्री ने परिवहन सुरक्षा बेड़े में शामिल 48 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

## सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। परिवहन और यातायात सुरक्षा में लगे उड़नदस्ता दल को 48 नवीन वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी, यातायात सुगम होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। सीएम साय अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर परिवहन विभाग के निरीक्षकों को इन वाहनों की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नवीन शासकीय वाहनों की मदद से परिवहन उड़नदस्ता दल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उड़नदस्ता दल की कार्यक्षमता में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, सुरक्षा मानकों का बेहतर क्रियान्वयन और यातायात व्यवस्था में सुधार व अनुशासन बनाए रखने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी परिवहन दस्ते की निगरानी और पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री साय ने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हम एक सुरक्षित, संयमित और संवेदनशील सड़क परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील भी की। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर सहित परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अमित शाह ने धामी को सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता < देहरादून
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से पेश सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। धामी ने नयी दिल्ली में मंगलवार को शाह से भेंट कर, राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत, केंद्रीय मंत्री से देहरादून में 'साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना के लिए 63.60 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया है। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फोरेंसिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। धामी ने राज्य की विद्युत अधोसंरचना को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति पर चर्चा करते हुए विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण परिसंपत्तियों को एनडीआरएफ/एसडीआरएफके तहत क्षतिपूर्ति के दायरे में लाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य का आपदा प्रबंधन तंत्र और अधिक प्रभावी व सशक्त होगा। उन्होंने सितारगंज केंद्रीय कारागार के विस्तार के प्रस्ताव पर 150.16 करोड़ रुपये की लागत से शीघ्र स्वीकृति देने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इनवेस्टर समिट-2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य ने 3.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसे गर्व का विषय बताते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया कि इसे उत्सव के रूप में मनाते हुए 'उत्तराखण्ड निवेश उत्सव' का आयोजन प्रस्तावित है।

## प्रदेश में बांग्लादेशी घुसपैठिये मोदी सरकार की नाकामी : बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश में रोज रोहंगिया, और बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने की खबरे सामने आ रही है। पाकिस्तान म्यांमार से भी घुसपैठिये छत्तीसगढ़ आये, ऐसा दावा किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में देश की सीमायें पार करके घुसपैठिये आ गये है, यह तो केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की विफलता है। केंद्र सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित नहीं रख पा रही तभी विदेशी घुसपैठिये देश के मध्य में स्थित छत्तीसगढ़ आ रहे। बताया जा रहे 10-12 सालों से राज्य में बांग्लादेशी रह रहे थे तब तो देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। मैं मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को बधाई देता हूं कि वे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री की विफलता को उजागर करने का साहस दिखा रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मैं रायगढ़ गया था वहां सरकार की तानाशाही और आतंक देखने को मिला, गरीबों के आशियाने उजाड़े गये। चंद बिल्डरों को फायदा पहुंचाने गरीबों को बेघर किया जा रहा है। यह सरकार की असंवेदनशीलता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज चल रहा, रेत माफिया कभी गोली चला रहा, कभी पत्रकारों को पीट रहा, कभी विरोध करने वाले को खंभे से पीट कर मारा जा रहा, कभी सिपाही की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या की जा रही है। धमतरी में रेत माफिया चाकूबाजी किये, पुलिस ने गिरफ्तार किया, वो थाना से फरार हो गया।

# सेना ने पूर्व सेना प्रमुखों के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गहन विचार मंथन किया

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक , जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया। जनरल द्विवेदी ने सेना में किये जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गयी। साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्व्य पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने 'बेहतर लुधियाना के लिए विजन डॉक्यूमेंट' किया जारी

एजेंसी < लुधियाना
www.dailypioneer.com

पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा (राज्य सभा सांसद) ने 'बेहतर लुधियाना के लिए विजन डॉक्यूमेंट' जारी किया। अरोड़ा ने अपने 'विजन' के बारे में कहा कि 'वी' का मतलब है 'महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवायें'। 39 प्रतिशत नागरिकों द्वारा पहचानी गयी सर्वोच्च प्राथमिकता 100 दिनों के भीतर गड्ढों को ठीक करना और क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण पूरा करना, जल-जमाव की समस्या को हल करना, सभी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना, यातायात की भीड़ को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार करना और बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए नये ट्रांसफार्मर लगाना और ट्रांसमिशन सिस्टम को अपग्रेड करना है। उन्होंने कहा कि 'आई' का मतलब है 'समावेशी सुरक्षा उपाय'। पैंतीस प्रतिशत नागरिकों की दूसरी सबसे बड़ी चिंता यह है कि जहां आवश्यक हो वहां सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें, आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगायी जायें और कम्युनिटी के वालंटियर के साथ नागरिक पुलिस दल बनाये जायें। अरोड़ा ने कहा कि क्एस' का मतलब है, 'बेहतर स्वास्थ्य सेवायें।' स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके रिकॉर्ड के आधार पर 17 प्रतिशत नागरिकों की पहली प्राथमिकता मोहल्ला क्लीनिक सेवाओं का विस्तार, कृष्णा प्राण कैंसर ट्रस्ट के ज़रिए मुफ़्त ब्रेस्ट कैंसर जांच और नियमित मोबाइल स्वास्थ्य शिविर लगाना है। क्आई' का मतलब है क्इनोवेटिव एजुकेशन एंड जॉब ग्रोथ'। बीस प्रतिशत नागरिकों ने कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार और उन्हें जोड़ने, गारंटीड प्लेसमेंट पार्टनरशिप के लिये लुधियाना एमएसएमई के साथ सहयोग करने, सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, शिक्षकों का कौशल विकास और करियर की तैयारी बढ़ाने, और छोटे व्यवसायों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने की मांग करते हुये ये चिंतायें उठायीं।

# सहकारिता में हुए नवाचारों और उपलब्धियों से अवगत होगी केन्द्र सरकार

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने 20 जून को केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री की उपस्थित में होने वाली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की तैयारियों संबंधी आवश्यक बैठक ली। प्रस्तावित बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्षता करेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सहकारिता विभाग में किये गये नवाचारों और उपलब्धियों को बताया जायेगा। बैठक में सहकारिता विभाग से जुड़े मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास, पशुपालन एवं डेयरी, लघु वनोपज संघ के अधिकारी भी शामिल होंगे। सारंग ने कहा कि बैठक में मध्यप्रदेश में विकास की ओर सहकारिता के कदम में किये गये सीपीपीपी मॉडल और बीज संघ द्वारा जारी चीता ब्रांड आदि की जानकारी दी जाये। मध्यप्रदेश में बहुउद्देशीय व्यवसायिक केन्द्र के रूप में पैक्स का रूपांतरण, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किये गये और प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत करवाया जाये। साथ ही सहकारिता विभाग में किये जा रहे हर आयामों जैसे विशेष कार्यक्रम, प्रशिक्षण, एडवांस स्टोरेज, माइक्रो एटीएम सहित 1 से 6 जुलाई को होने वाले कार्यक्रमों का भी समावेश किया जाये। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्धारित सहकार से समृद्धि'' के विज़न के अंतर्गत दी गई गाइड-लाइन्स के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी जाये। सारंग ने प्रदेश के पैक्स की वर्तमान स्थिति, पैक्स अंतर्गत की जा रही गतिविधियाँ, प्रदेश के सहकारी बैंकों की वर्तमान स्थिति एवं सुदृढ़ीकरण पर चर्चा, पैक्स सोसाइटी द्वारा खाद एवं बीज वितरण व्यवस्था, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, प्रत्येक पंचायत में पैक्स, प्राथमिक डेयरी एवं मत्स्य पालन सहकारी समितियों का गठन एवं संचालन, पैक्स के माध्यम से सीएससी सेवाएं, जन-औषधि केन्द्र का संचालन, भारतीय बीज सहकारी समिति, नई राष्ट्रीय सहकारी जैविक समिति, एफ्पीओ का गठन एवं भविष्य की कार्य-योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रबंध संचालक विपणन संघ आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प, उप सचिव मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शिवसेना (यूबीटी) ने पुणे में पुल हादसे को लेकर महायुति सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के पुणे में पुल ढहने की घटना को लेकर राज्य की महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए इसे प्रशासनिक लापरवाही से उपजी 'सदोषपूर्ण हत्या 'करार दिया। पिछले सप्ताह पुणे में इंद्रायणी नदी पर बने पुल के ढह जाने से चार पर्यटकों की जान चली गयी और 51 अन्य घायल हो गए थे। शिवसेना(यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा गया, यह त्रासदी सीधे तौर पर आवंटित धन के बावजूद जीर्ण-शीर्ण इंद्रायणी नदी पुल की मरम्मत करने में अधिकारियों की विफलता के कारण हुई। कठोर प्रवृत्ति के लोग महाराष्ट्र पर शासन कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संवेदना, मुआवजे की घोषणा (प्रत्येक मृतक के लिए पांच लाख रुपये) और घटना की जांच का वादा 'एक दिखावा'और 'मगरमच्छ के आंसू'हैं। मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी माने जाने वाले आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन को निशाना बनाते हुए संपादकीय में सवाल किया गया, सरकारी लापरवाही से जान गंवाने वालों की कीमत पांच लाख क्यों लगायी गयी ये लोग क्यों मरे इसका जवाब कौन देगा पुल के पुनर्निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे, लेकिन यह राशि कागज़ों पर ही रह गयी , क्योंकि राज्य के खजाने को कथित तौर पर राजनीतिक रूप से लाभकारी योजनाओं में खर्च कर दिया गया। संपादकीय में पुणे के संरक्षक मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार पर भी आरोप लगाया गया है कि यह दुर्घटना मावल निर्वाचन क्षेत्र में हुई, जिसका प्रतिनिधित्व उनके (अजित पवार) करीबी विश्वासपात्र विधायक सुनील शेलके करते हैं। उन पर आरोप लगाया गया है कि विधायक ने चुनाव जीतने के लिए सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, लेकिन उन्हें अपने गांव में जर्जर पुल नहीं दिखा। संपादकीय में हाल की त्रासदियों का उल्लेख करते हुए कहा गया , रेलवे, नदियाँ, सड़कें और हवाई परिवहन सभी असुरक्षित हो गए हैं। यह उन लोगों के दावों पर सवाल उठाता है जो खुद को 'विकास पुरुष' (विकास चैंपियन) या लोगों के रक्षक कहते हैं। संपादकीय में अहमदाबाद विमान हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन देशों की यात्रा की आलोचना करते हुए कहा गया कि सरकार अनावश्यक परियोजनाओं पर पैसा बर्बाद करती है लेकिन इंद्रायणी पुल जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की उपेक्षा करती है।

# आय से अधिक संपत्ति के आरोप में नायब तहसीलदार सतर्कता ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के सतर्कता विभाग ने नायब तहसीलदार वरिंदरपाल सिंह धूत, निवासी गांव धूत कलां, होशियारपुर को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी जालंधर रेंज द्वारा की गयी सतर्कता जांच के बाद की गयी है, जिसमें धूत द्वारा स्वयं और अपने पारिवारिक सदस्यों के नाम पर अपनी वैध आय से अधिक संपत्ति इकट्ठा करने के आरोपों की जांच की गयी थी। प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान एक जनवरी 2009 से 31 दिसंबर 2018 की अवधि को कवर किया गया। जांच से पता चला कि इस अवधि के दौरान धूत की सभी स्रोतों और माध्यमों से कुल आय तीन करोड़ 58 लाख 97 हजार 111 रुपये थी, जबकि उनका कुल खर्च और संपत्ति 11 करोड़ 18 लाख 34 हजार 544 रुपए थी, जो कि उसकी कानूनी आय से 211.54 प्रतिशत अधिक थी। प्रवक्ता ने बताया कि इस महत्वपूर्ण असमानता से यह स्पष्ट होता है कि धूत ने एक सार्वजनिक सेवक के रूप में सेवा करते हुये बेहिसाबी चल-अचल संपत्ति अर्जित की और अपनी वैध आय से कहीं अधिक राशि खर्च की, जो भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का सीधा उल्लंघन है।

# राज्य सरकार की उदासीनता के कारण गंगानगर के किसानों को नहीं मिल रहा सिंचाई पानी

एजेंसी < श्रीगंगानगर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में श्रीगंगानगर के विभिन्न किसान संगठनों ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की उदासीनता और नाकामी की वजह से ही फसलों की बिजाई के समय किसानों को पंजाब से पूरा पानी नहीं मिल रहा है। स्थानीय गुरुद्वारा सिंहसभा में ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) के प्रदेशाध्यक्ष रणजीतसिंह राजू ने पत्रकारों से कहा कि किसानों को पूरा पानी दिये जाने की मांग को लेकर किसान संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल आज जयपुर रवाना हुआ है, जो बुधवार को सिंचाई मंत्री सुरेश रावत, मुख्य सिंचाई सचिव अभय कुमार और जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता (सामान्य) अमरजीत मेहरडा से मुलाकात करेगा। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के बाद भी अगर सिंचाई पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं उपलब्ध करवाया गया, तो फिर आंदोलन शुरू कर दिया जायेगा। पंजाब जाने वाले मार्गों पर ही रास्ते जाम नहीं किये जायेंगे, बल्कि रेलगाड़ियां भी रोक दी जायेंगी। किसान नेताओं ने बताया कि पंजाब में गंगनहर को पानी मुहैया कराने वाली फिरोजपुर फीडर नहर की हालत बहुत ही खस्ता है। यह नहर अपनी क्षमता के अनुसार पूरा पानी नहीं ले रही। इस नहर के नवनिर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनकर तैयार है, लेकिन इसका कार्य शुरू नहीं हो रहा। इस समय गंगनहर के लिए आरडी 45-हैड पर जितना पानी उपलब्ध हो रहा है।

# करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में मंडी शहर के चौहटा बाजार में एक टीवी केबल



लगाते समय बिजली का तेज झटका लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सांबली निवासी विजय कुमार (45) के रूप में हुई है। मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

## हरियाणा के 10 जिलों में बारिश, सबसे ज्यादा हिसार में

**हिसार।** हरियाणा के 10 जिलों में जम कर बारिश हुई और इनमें सबसे ज्यादा पानी हिसार शहर में बरसा। सोमवार रात करीब एक बजे बूंदाबांदी



शुरू हुई और उसके बाद तक तेज बारिश होती रही। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा है कि पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक हरियाणा का मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश हिसार में हुई है। हिसार में सुबह साढ़े 8 बजे तक 61.8 एमएम बारिश हो चुकी है। इसके अलावा भिवानी, रेवाड़ी, सिरसा में 5 एमएम, जींद में 9.5 एमएम मेवात और सोनीपत में 2.5 एमएम अंबाला में 7.6 एमएम, महेंद्रगढ़ में 3.5 एमएम, कैथल में 3एमएम और रोहतक, पंचकूला, करनाल व चरखी दादरी में बारिश दर्ज की गई है। हिसार के नारनौंद में पानी भरने के बाद एक लोहे के पोल में करंट आने से वकील के पास काम करने वाले 28 वर्षीय मनजीत की मौत हो गई। वहीं, हिसार जिला के उकलाना क्षेत्र के गांव बुड्ढा खेड़ा में आसमानी बिजली गिरने से एक किसान की भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। बारिश से हिसार के कई इलाके जलमग्न हो गए। हिसार जिला के गांव जुगलान के आयुष्मान भारत हेल्थ सेंटर में पानी घुस गया। इसके कारण यहां स्टाफ और रोजाना दवाई लेने आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के गेट पर भी पानी जमा हो गया। यहां छात्र पानी निकालते दिखे। वहीं, हिसार जिले के उकलाना तहसील परिसर के पीछे स्थित पटवार खाना इन दिनों बारिश के पानी से तालाब में तब्दील हो गया। हालात ऐसे हो गए कि न तो पटवारी बाहर आ सके और न ही आमजन आसानी से अंदर जा सके। यह मानसून पूर्व बारिश थी।

# एक्सएलआरआआइ में वर्किंग प्रोफेशनल के लिए दो नए कोर्स लॉच

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com

देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में शामिल एक्सएलआरआइ जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने दो नए कोर्स लॉंच किए हैं। पब्लिक पॉलिसी एंड सस्टेनेबल लीडरशिप ( पीपीएसएल) और पब्लिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ( पीएचआरएम) नामक उक्त कोर्स की पढ़ाई हाइब्रिड मॉडल से हो सकेगी। इन पाठ्यक्रमों को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सहयोग से विकसित किया गया है। ये कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के वर्किंग प्रोफेशनल के लिए ख़ास तौर पर डिजाइन किया गया है। इसमें सिविल सर्विसेज, कॉर्पोरेट सेक्टर, गैर सरकारी संगठन और डेवपलमेंट एजेंसियों से जुड़े अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।ये पाठ्यक्रम हाइब्रिड मोड में संचालित होंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन कक्षा कर सकेंगे साथ ही उन्हें अपने कोर्स के दौरान दो बार एक्सएलआरआइ कैंपस में रह कर पढ़ाई करनी होगी। पब्लिक पॉलिसी एंड सस्टेनेबल लीडरशिप ( पीपीएसएल) में 6 मॉड्यूल होंगे, प्रत्येक 30 घंटे के, जबकि पब्लिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ( पीएचआरएम) में 3 मॉड्यूल होंगे। प्रत्येक 60 घंटे के इस प्रकार कुल 180 घंटे की एकेडमिक रूप से समृद्ध शिक्षा दी जाएगी। पीएचआरएम कार्यक्रम के निदेशक प्रो. एमजी जोमन और पीपीएसएल कार्यक्रम के निदेशक प्रो. कल्याण भास्कर ने आज कहा, इन कार्यक्रमों के ज़रिये हम ऐसे लीडर तैयार करना चाहते हैं जो न सिर्फ प्रशासनिक दक्षता रखते हों बल्कि नैतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े हों।

# दिल्ली में पहले 100 दिनों में 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए गए : सिरसा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि सरकार ने 100 दिनों में 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए हैं और यह एक बड़ी उपलब्धि है। सिरसा ने राजौरी गार्डन में आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करने के बाद कहा, नई सरकार के केवल 100 दिनों में 33 केंद्र खोलना एक बड़ी उपलब्धि है। हर दिल्लीवासी को इन केंद्रों का दौरा करना चाहिए और देखना चाहिए कि यहां किस तरह की विश्वस्तरीय सुविधाएं, अच्छी दवाइयां और अनुभवी डॉक्टर मौजूद हैं। ये आयुष्मान केंद्र किसी निजी अस्पताल से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा,हमारे आरोग्य मंदिर पिछली सरकार के कंटेनर क्लीनिक जैसे नही हैं। यही फर्क है हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि का कि हम सोच, योजना और नतीजों, तीनों में उनसे अलग हैं। आने वाले समय में सैकड़ों ऐसे आयुष्मान केंद्र खोले जाएंगे जो दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार 'विकसित दिल्ली' के सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा सरकार ने अगले कुछ महीनों में सैकड़ों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की योजना बनाई है ताकि हर नागरिक को घर के पास बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके।

# पंजाब को सद्भाव, व्यवस्था बहाल करने के लिए शिरोमणि अकाली दल की जरूरत : ब्रह्मपुरा


एजेंसी < तरनतारन
www.dailypioneer.com



शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने कहा कि आगामी लुधियाना पश्चिम उपचुनाव पंजाब के लिए एक निर्णायक क्षण है, जहां मतदाता आम आदमी पार्टी (आप) के धोखे और शोषण को निर्णायक रूप से खारिज कर देंगे। ब्रह्मपुरा ने कहा, लुधियाना में दिल्ली के नेतृत्व का डेरा डालना ताकत का प्रदर्शन नहीं है, यह हताशा का स्पष्ट संकेत है, क्योंकि वे पंजाब में अपने घटते समर्थन को बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह एक ऐसी पार्टी है जो अपने आखिरी गढ़ को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, राजनीतिक वास्तविकता बदल रही है। यहां तक कि जो लोग हमारा विरोध करते थे, वे भी यह पहचान रहे हैं कि केवल शिरोमणि अकाली दल ही पंजाब के भविष्य की रक्षा कर सकता है। सांप्रदायिक सद्भाव को बनाये रखने और कानून-व्यवस्था को बहाल करने के लिए हमारे अनुभवी नेतृत्व की तत्काल आवश्यकता है। ब्रह्मपुरा ने आप सरकार के कार्यकाल की कड़ी आलोचना करते हुये कहा, आम आदमी पार्टी की हार अपरिहार्य है और उनकी विफलतायें स्पष्ट हैं। उन्होंने लाभ के लिए बाहरी लोगों को राज्य सभा सीटें बेचकर पंजाब का अपमान किया है। उन्होंने हमारी सड़कों पर भय की संस्कृति को फैलने दिया है, जिससे व्यापारी और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नशीली दवाओं के संकट से निपटने के उनके खोखले वादों ने हमारे युवाओं की दुर्दशा को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आर्थिक धड़कन के रूप में लुधियाना अपने व्यापारियों और चतुर मतदाताओं की भावनाओं को दर्शाता है। जब वे आप से खुद को दूर करते हैं, तो यह न केवल चुनावी हार का संकेत है, बल्कि एक ऐसी पार्टी के खिलाफएक शक्तिशाली जनादेश है, जिसने लगातार पंजाब के हितों के खिलाफ काम किया है। तथाकथित 'परिवर्तन' जिसने तबाही ला दी है, अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## जनजाति सशक्तिकरण का धरती आबा अभियान ऐतिहासिक कदम : पटेल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुरू किया गया जनजातीय



ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं। पटेल धरती आबा अभियान के तहत सीहोर जिले के ग्राम झोलियापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के नागरिकों का कल्याण, सशक्तिकरण और विकास करना है। सरकार का यह प्रयास है कि जनजातीय समुदाय के जो नागरिक अभी तक सरकार की सेवाओं, सुविधाओं और योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें लाभान्वित किया जाएं। उनकी देश के विकास में सहभागिता को सशक्त नागरिक के रूप में सुनिश्चित किया जाए।

# पीएमईजीपी में 300 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




खादी एवं ग्रामाद्योग आयोग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम- पीएमईजीपी के अंतर्गत देशभर में 11 हजार 480 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मंगलवार को लाभार्थियों को यह राशि ऑनलाइन जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' के लिए पीएमईजीपी योजना इसका मजबूत स्तंभ बन गयी है। यह योजना लाखों युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि मध्य मंडल में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में कुल 2403 परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जिसके लिए कुल 218 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। पूर्वी मंडल में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 996 परियोजनाओं के लिए 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि ऋण स्वीकृति लगभग 71 करोड़ रुपये थी। उत्तर मंडल में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू - कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ को कुल 2713 परियोजनाओं को 61 करोड़ रुपये की सब्सिडी और 25 लाख रुपये का ऋण दिया गया। इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को दो करोड़ रुपये की सब्सिडी मिली, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल थे। दक्षिण मंडल में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 4565 परियोजनाओं को 116 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई।इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण मंजूर किए गए। पश्चिम मंडल के राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा में कुल 722 परियोजनाओं के लिए 26 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई, जो 82 करोड़ रुपये के ऋण मंजूरी के लिए दिये गये है। वित्त वर्ष 2024-25 तक प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में केंद्र सरकार ने 73 हजार 348 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

# विमान हादसा :135 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान, 101 शव परिवारों को सौंपे

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे में मारे गए 135 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हो गया है। अब तक कुल 101 शव परिवारों को सौंपे जा चुके हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि निकट भविष्य में 12 परिवार अपने परिजनों के पार्थिव शरीर लेने आएंगे, अस्पताल प्रशासन पांच परिवारों के संपर्क में है जबकि 17 परिवार अन्य रिश्तेदारों के डीएनए मिलान का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक जिले में सौंपे गए शवों का विवरण प्रदान किया, जिसमें वडोदरा से 13, अहमदाबाद से 30, आणंद से नौ, भरूच से चार, गांधीनगर से पांच, मेहसाणा से पांच, खेड़ा से 10, सूरत से तीन, अरावली से दो, दीव से चार तथा बोटाद, जूनागढ़, अमरेली, महिसागर, भावनगर, गिर सोमनाथ, नाडियाड और राजकोट से एक-एक शव तथा उदयपुर से दो, जोधपुर से एक, पटना से एक तथा महाराष्ट्र के निवासी रहे चार मृतकों के शव परिजनों को सौंपे गए।

# आपदाओं की बदलती प्रकृति से निपटने के लिए तैयारी और जागरूकता महत्वपूर्ण : डॉ. मिश्रा

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने आपदाओं की निरंतर बदलती प्रकृति का उल्लेख करते हुए कहा है कि इनके प्रभाव तथा जोखिम बचाव उपायों की तुलना में कई गुना बढ़ रहे हैं और इनसे निपटने के लिए तैयारी तथा जागरूकता महत्वपूर्ण हैं। डा़ मिश्रा ने यहां गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और राज्य आपदा मोचन बलों के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने सम्मेलन को आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने, उसका पुनरावलोकन करने और सुदृढ़ करने का साझा अवसर बताया। उन्होंने कहा, आपदाओं की प्रकृति बदल रही है और हमें इस वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि खतरे आपस में जुड़े हुए हैं, प्रभाव कई गुना बढ़ रहे हैं और जोखिम हमारी अनुकूलन गति से कहीं तेजी से विकसित हो रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने आपदाओं से निपटने के लिए दीर्घावधि उपायों के तहत आपदा की अनिश्चितता को देखते हुए तैयारी और जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्यों से तैयारी के स्तर को बढाने पर भी जोर दिया। राज्यों से यह भी कहा गया कि वे विभिन्न आपदाओं के दौरान सीखे गये सबकों संस्थागत रूप दें। देश के विशाल भौगोलिक आकार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि एक मजबूत राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के अलावा, राज्यों को आपदा राहत कार्यों में शामिल एजेंसियों की क्षमता में बढ़ोतरी का आकलन और उनमें निवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा , आपदा की तैयारी घंटों नहीं, बल्कि मिनटों का मामला है, क्योंकि राहत कार्य शुरू करने और लोगों को जुटाने में लगा हर मिनट महत्वपूर्ण है।

# भाजपा के इशारे पर चल रही है केन्द्रीय एजेंसियां : बिसेल नाग

## ईडी भारतीय जनता पार्टी के अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य कर रही : रवि देवांगन

### शहर व जिला कांग्रेस कमेटी ने किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com







केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है इनके इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जिला मुख्यालय, सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणपुर द्वारा 16 जून को तहसील ऑफिस के सामने भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है जिसके विरोध मे भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। आगे रवि देवांगन ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने की नियत से प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर सुकमा के राजीव भवन में छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावनावश यह कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। केन्द्र की तानाशाह मोदी व प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है। पुतला दहन कार्यक्रम मे बिसेल नाग अध्यक्ष जिला कांग्रेस, रघु मानिकपुरी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस, वेदबती पात्र महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस रशीला कश्यप अध्यक्ष महिला कांग्रेस, बोधन देवांगन अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, विजय सलाम अध्यक्ष एनएसयूआई, प्रमोद नैलवाल पूर्व उपाध्यक्ष नपा. नारायणपुर,पंडी राम वड्डे पूर्व अध्यक्ष जनपद नारायणपुर, गजा पटेल पूर्व एल्डरमैन रमेश ध्रुव कांग्रेस सदस्य एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# खदान मजदूर संघ किरंदुल द्वारा एनएमडीसी भर्ती में स्थानीय अभ्यर्थियों को बोनस अंक देने हेतु सीएमडी के नाम सीजीएम को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



वर्तमान में एनएमडीसी लिमिटेड मुख्यालय हैदराबाद द्वारा विविध रिक्त पदों पर भर्तियों हेतु विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल द्वारा विज्ञापित पदों में से आर.एस.-01 के 221 एवं आर.एस.-02 के 276 पदों पर नियुक्ति हेतु बस्तर संभाग के शैक्षणिक संस्थानों से कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 20 अंक बोनस का प्रावधान निहित करने की मांग को लेकर एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही को ज्ञापन सौंपा गया, जिसकी प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री, बस्तर सांसद, दंतेवाड़ा विधायक, दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर एवं मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल को प्रेषित की गई है। इस अवसर पर खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, उपेंद्र त्रिपाठी, सुधा बाघ, सूरमा दास, दिव्या चुन्नम, नितेश उपस्थित थे। श्रमिक संघ द्वारा जानकारी दी गई कि किरन्दुल एवं बचेली परियोजना में भर्ती हेतु स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है, यह सराहनीय पहल है, किन्तु पिछ्ली भर्तियों के समय सोशल मीडिया एवं अन्य स्त्रोतों के माध्यम से ऐसी जानकारी प्राप्त हुई थी कि परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण में बताये जा रहे प्रश्नोत्तरी को यू-ट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से वृहद पैमाने पर वायरल किया गया था, जिसके कारण स्थानीय अभ्यर्थियों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से जो प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, उस पर सन्देह व्याप्त हो गया है। चूंकि सुदूरवर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण तथा शैक्षणिक संस्थाओं एवं संसाधनों की कमी होने से हमारे स्थानीय युवा, महानगरों के अभ्यर्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं और यदि इस तरह से जिस माध्यम से उन्हें लाभ पहुंच सकता है, उसी प्रक्रिया में जब संशय की स्थिति उत्पन्न हो जाये तो इससे हमारे स्थानीय अभ्यर्थियों को नुकसान हो सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्थानीय अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक प्राथमिकता मिल सके, इसके लिए बस्तर संभाग की विद्यालयों से कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं उत्तीर्णअभ्यर्थियों को 20 अंक बोनस दिए जाने पर सारे समस्याओं का समाधान हो सकता है।

# अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त ग्रामीणों की शिकायत पर नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com




देवरी के शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा, शिकायत के बाद भी कब्जाधारी ग्रामीणों को दिखा रहा ठेंगा
नाप करने पहुँचे आरआई के पंचनामा से असंतुष्ट ग्रामीणों ने कहा हम नहीं करेंगे हस्ताक्षर

ग्राम पंचायत बारदेवरी में राईसमिलर द्वारा अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारी को तहसीलदार कांकेर द्वारा अधिसूचना जारी कर 20 जून तक कार्यालय में उपस्थित हो जवाब मांगा है। विदित होकि ग्राम पंचायत बारदेवरी के जागरूक युवकों द्वारा ग्राम पंचायत की शासकीय जमीन पर राईसमिलर द्वारा अवैध कब्जा की शिकायत ईमेल के माध्यम से राष्ट्रपति भारत सरकार, मुख्य न्यायधीश उच्चत्तम न्यायालय भारत सरकार नई दिल्ली, कार्मिक लोके शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय नई दिल्ली, जिला अधिकारी कांकेर एवं तहसीलदार को भेजी गई थी जिसके उपरांत आरआई कांकेर द्वारा जांच कर नाप जोक किया गया जिसमें खसरा नंबर 1140 में 0.39 हेक्टेयर में से 0.1 हेक्टेयर पर कब्जा पाया गया है। जिसको लेकर ग्रामीण एकमत होकर अतिक्रमण को हटाने नाप जोक करने पहुंचे आरआई से की है।इन दिनों पूरे प्रदेश में कब्जा हटाने को लेकर शासन प्रशासन जिस तरह से सख्ती दिखा रही है उसी तर्ज पर ग्राम पंचायत बार देवरी के ग्रामीण भी अपने गांव से अतिक्रमण को हटाने डटे हुए है। विदित होकि की इस अतिक्रमण की जानकारी पायनियर को जैसे ही मिली तो सबसे ग्राउंड में टीम पहुंचीं जहाँ पर अतिक्रमण का नाप जोक चल रहा था जिसकी रिपोटिंग करते हुए ग्रामीणों की आवाज बनकर पायनियर ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए शासन प्रशासन का इस ओर ध्यान आकर्षित करवाया जिसके बाद राजस्व विभाग इसको संज्ञान में लेते हुए अतिक्रमणकारी के विरुद्ध नोटिस जारी कर जवाब तलब करते हुए 20 जून तक जवाब मांगा गया है। अन्यथा प्रशासन द्वारा कार्यवाही करने की बात की गई है।

### ग्रामीण लामबद्ध फिर भी अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद

ग्राम पंचायत बारदेवरी के ग्रामीण इस अवैध अतिक्रमण की जांच एवं सूचना कई बार राजस्व विभाग को दे चुके है इसके बाद भी अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद है और अपने आप को सत्ता सरकार में वैठे नेताओं के करीबी बताकर प्रशासन को अपने इशारों पर नचाने की बात कहते फिर रहे हैं। बहरहाल इस अतिक्रमण पर किस तरह की कार्यवाही होती है यह तो वक्त ही बतायेगा की कई मामलों की तरह इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी तरह यह अतिक्रमण गांव से हटना चाहिये नहीं तो इस अतिक्रमण के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# स्कूल, छात्रावास परिसर, रिक्त मैदानों व सड़कों के किनारे सघन पौधरोपण कराएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

### समय-सीमा बैठक में विश्व योग दिवस व धरती आबा अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मानसून के आगमन के साथ ही जिले में सघन पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसके तहत जिले में स्थित शासकीय कार्यालयों, स्कूल एवं छात्रावास परिसर, खाली मैदानों, मिनी स्टेडियम के अलावा सड़कों के किनारे व मार्ग विभाजकों में पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया, साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय नरहरदेव विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन के अंतर्गत सभी अनुविभागीय अधिकारियों को ऐसी जगहों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए, जहां बाढ़ की आशंका बनी रहती है। ऐसे स्थानों पर पहले से ही तीन माह का राशन वितरण करने, मितानिन पेटी में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्षा जल के ठहराव वाले स्थलों की साफ-सफाई कराने, खाद-बीज की उपलब्धता तथा वर्षा मापी यंत्र के समुचित रख-रखाव व अन्य जरूरी राहत सामग्री व उपकरणों की पूर्व-व्यवस्था करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल मरम्मत, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण तथा उचित मूल्य की दुकान निर्माण की मदवार जानकारी लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत पंजीयन की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य के विरूद्ध जिले में अब तक 51 प्रतिशत पंजीयन पूर्ण हो चुका है। इसी तरह डीएमएफ मद से निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यां की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द पूर्ण कर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, नियद नेल्लानार, पीएमश्री स्कूल सहित विभिन्न एजेंडों के संबंध में साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** मत्स्य संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हे संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदीयों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये हैं में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, तथापि ऐसी मछली के परिवहन या विक्रय के दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य रखना आवश्यक है। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित हो।

# लाल पानी से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक विक्रम मंडावी से मिले और ज्ञापन सौंपा



विधायक ने ग्रामीणों की मांगों को जायज़ बताते हुए सरकार से शीघ्र मांगे पूरी करने की करी मांग, विधायक मंडावी 20 जून को प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे दौरा

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के ग्राम पुसनार, हिरोली और डुमीरपालनार के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात कर एनएमडीसी के बैलाडीला स्थित आयरन खदान से निकलने वाली लाल मिटटी से गांवों को होने वाले नुक़सान की जानकारी देते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांवों से होकर बहने वाली बेरूकी नदी का पानी एनएमडीसी के आयरन खदान से दूषित हो गया है इस नदी के पानी के उपयोग से मवेशियों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है खेतों के फसल नष्ट हो रहे है और आम जनता इसी पानी का उपयोग करके बीमार हो रहे है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि ग्रामवासियों को रहे नुकसान का भरपाई करते हुए मुहवाजा राशि प्रदाय करने किया जाये। साथ ही ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग उठाई कि एक बार लाल पानी प्रभावित क्षेत्र का सर्वे किया जाए। जो नुकसान हो रहा है मुवाहजा मिलना चाहिये। एनएमडीसी बचेली में लाल पानी प्रभवित क्षेत्रो के बेरोजगार युवकों को रोजगार दिया जाये। लाल पानी प्रभावित क्षेत्र में एक सर्वसुविधा युक्त अस्पताल खोला जाये। गाय बेल के मृत्यु होने पर उसका मुदाहजा मिलना चाहिये। कद्मपाल डेम जैसा एक डेम डुमरीपालनार में भी बानाया जाये। विधायक विक्रम मंडावी ने लाल पानी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के मांगों को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार को जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए इसके साथ ही विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि आने वाले 20 जून को वे एनएमडीसी खदान से निकलने वाले लाल पानी से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने स्वयं भी जाएँगे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से जनजातीय परिवारों को लाभान्वित किये जाने हेतु जिले के सभी विकासखंड में क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप कोंडागांव विकासखंड के बुनागांव और माकड़ी विकासखंड के ग्राम मारागांव में आयोजित शिविर में शामिल हुए। बुनागांव शिविर में किवईबालेंगा, पाला, कोंगेरा, मालाकोट, बनजुगानी, बांसगांव, तोड़म, चिंचडोंगरी, बुनागांव, मसोरा, केवटी, भीरागांव ब और देवखरगांव के ग्रामीण शामिल हुए। इसी प्रकार ग्राम मारागांव में आयोजित शिविर में कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, शामपुर, मांझी बोरंड, बाडरा, केरावाही, हाड़ीगांव और बड़गांव के ग्रामीण सम्मिलित हुए। शिविर को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाते हुए जनजातीय समाज का गौरव को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग का विकास हो रहा है। गांव गांव में पक्का आवास बन रहा है, जल जीवन मिशन से हर घर शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है, घर घर शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन और से महिलाओं को बहुत राहत मिली है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, अंत्यावसायी व स्वरोजगार स्थापित करने हेतु संचालित योजनाओं का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 ग्रामीणों को पौधे का वितरण किया गया। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। सांसद कश्यप एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिक शाला मारागांव में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर 06 बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया।

# नारायणपुर में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित, मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर लगी प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नारायणपुर द्वारा 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर के समीप एक भव्य प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजमोहन देवांगन ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से अवगत कराना है।विगत 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, मेक इन इंडिया जैसे महत्वपूर्ण निर्णयो से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी गई है जिसे प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया है। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व आमजन की उत्साहजनक भागीदारी रही। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में देश ने जनसेवा और विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, पीएम किसान योजना जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी मदद पहुंचाने का काम किया है। नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल ने देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के मुददों पर सरकार की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के मोर्चे पर साहसिक निर्णय लिए हैं, जिससे देशवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य गौतम गोलछा ने विकसित भारत की संकल्पना को साझा करते हुए कहा कि विकास अब महज नारा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं को अवसर दिए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा आने वाले समय में भी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए देश को समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर रहेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप मंडावी, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री द्वय संजय नंदी, संदीप झा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवती हलधर एवं प्रमुख भाजपा कार्यकर्तागण सुदीप झा, कमलजीत आहूजा, जैकी कश्यप, मोहम्मद फिरोज खान, अख्तर अली, बिंदेश महावीर, अभिषेक झा, उज्जवल सोनी, बिंदेश पात्र ,साधन भद्र, आदिल खां, विशु दत्ता, निलेश बघेल, राम दुलार बघेल, बोधनारायण सहित नगर के प्रबुद्धजन एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सप्लाई, ठेका लेने आतुर एमआईसी मेंबर परेशान, महापौर के आगे नहीं गल रही दाल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम धमतरी में पिछले वर्षों में जब कांग्रेस समर्थित शहरी सरकार बैठी थी, उसके बैठते ही तीन माह बाद टेंडरों में भारी हेरफेर किया गया था जो किसी ठेकेदार द्वारा सार्वजनिक की गई। इसके बाद से यहां बैठे जनप्रतिनिधियों के मंसूबे जनता की नजर में आने लगे और यह मामला इतना तूल पकड़ा कि इसकी शिकायत आज की सत्तासीन पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित अनेकों ने कलेक्टर से की थी। इसी तर्ज पर अब भाजपा की शहरी सरकार में भी एक एमआईसी मेंबर द्वारा ऐसा कृत्य किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। सप्लाई, ठेका लेने आतुर एक एमआईसी मेंबर बेहद परेशान है क्योंकि महापौर के आगे इनकी दाल नहीं गल रही है। महापौर के भ्रष्टाचार के विरूद्ध रौद्र रूप देखकर किसी भी अधिकारी, कर्मचारी या ठेकेदार की हिम्मत नहीं हो रही है कि वह सेटिंग के तहत कोई कार्य संपादित करा सके।



न खाउंगा, न खाने दूंगा, सुशासन, जीरो टालरेंस, जनता के हितों की रक्षा, उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले का बीड़ा उठाने वाले महापोर जगदीश रामू रोहरा ने पिछले माह दो-तीन ठेकेदारों को नियम विरूद्ध कार्य किये जाने को लेकर भारी नाराजगी जाहिर करते हुए उनका भुगतान रोकने का आदेश दिया था जिसे लेकर कुछ लोगों द्वारा उन्हें मनाने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने ऐसे लोगों को फटकार लगाते हुए अपने चेंबर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। निगम में चल रही निष्पक्ष कार्यवाही की शहर में प्रशंसा हो रही है। महापौर द्वारा नागरिकों के मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्कूटी से स्वयं उनके वार्डों में पहुंचकर जानकारी ली जाती है और यथासंभव उनके दुख दर्द को दूर करने की कोशिश की जाती है। उनके द्वारा शासन से विभिन्न कार्यों के लिये शहर विकास हेतु करोड़ों रूपये की स्वीकृति दिलवाई जा रही है। ऐसे कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का माद्दा रखने वाले एक एमआईसी मेंबर द्वारा सप्लाई, ठेका लेने की कोशिश की गई। लेकिन उक्त एमआईसी मेंबर की बातों को सुनकर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की। महापौर का कहना था कि मैं ऐसे कार्य में कभी भी कमीशनबाजी पसंद नहीं करूंगा। मुझे जनता ने चुना है, जनता के हितों पर कुठाराघात मेरे होते हुए नहीं किया जा सकता।

बताया जाता है कि उनकी निष्पक्ष, ईमानदार गतिविधियों को लेकर कुछ तथाकथित व्यक्तियों द्वारा यहां तक एक एमआईसी मेंबर द्वारा उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही थी जिसे लेकर उन्होंने उक्त एमआईसी मेंबर को अपने चेंबर में बुलाकर समझाईश दी कि वे भाजपा की छवि धूमिल न करे और ईमानदारी के साथ काम करे जबकि एमआईसी के सहयोगियों को फटकार लगाकर अपने चेंबर से बाहर कर दिया। यह चर्चा अभी सूख भी नहीं पाई थी कि एक एमआईसी मेंबर के द्वारा सप्लाई, ठेका लेने की पेशकश की गई। एमआईसी मेंबर की बातों को सुनकर उन्होंने उक्त मेंबर को दो-टूक कहा कि मेरे होते हुए किसी भी सप्लाई, ठेका में कमीशनखोरी को मैं बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा और इस तरह एमआईसी मेंबर का सपना चूर-चूर हो गया और वह हताश होकर चेंबर से बाहर निकल गया। महापौर के दो-टूक शब्दों में मना करने के बाद एमआईसी सदस्य काफी परेशान नजर आ रहा है और शहर में यह कहते फिर रहा है कि मैं निगम में अब उक्त महापौर के रहते कोई काम नहीं करूंगा। लेकिन मौका मिलने पर मैं मजा चखा के रहूंगा। उनका यह भी कहना है कि मैने चुनाव में लाखों रूपये खर्च जीत हासिल की है, जिसे मुझे वसूलना भी तो है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अभी तक के कार्यकाल में महापौर रोहरा पर कमीशनखोरी का कोई आरोप नहीं लगा है और न ही उनके रहते कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार निगम में हो सकता है। लेकिन महापौर के इस सुशासन को कुछ लोग तोड़ने की असफल कोशिश कर रहे हैं जिसकी चौक चौराहों में जबरदस्त चर्चा है।

# मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे हेमराज सोनी




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

महानदी हमारी स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है। विगत 13 वर्षो से महानदी के उदगम स्थल सिहावा से लेकर गंगरेल, रूद्री, देवपुर, राजिम, शिवरीनारायण, चंद्रहासिनी तक महानदी बचाओ अभियान समिति व आस्था मंच द्वारा नदी स्वच्छ रखने व निर्मल धारा अविरल बहे, इसके लिये संस्था के माध्यम से लगातार नदी को स्वच्छ रखने जागरूकता अभियान घाट के पास साफ सफाई व नदी की धारा निरंतर अविरल बहे उसके लिए सफाई अभियान जागरुकता चल रहा है। अभियान के संयोजक हेमराज सोनी ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर छत्तीसगढ़ के गंगा नदी जीवनदायनी महानदी को स्वच्छ रखने हेतु जागरुकता अभियान चलाया जाता है, सावन मास मे रुद्रेश्वर महादेव घाट मे सफाई अभियान मे आमंत्रित करने आग्रह संस्था के द्वारा मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर निवेदन किया गया।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

रायगढ़ प्रवास के दौरान सरायपाली आगमन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज न्यू विश्राम गृह पहुंचे और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं से संगठन के कई अहम विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर एन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, महिला नेत्री दीपांजलि बारीक, सीता पटेल, हेमा श्रीवास, जयकुमारी नायक, कमल अग्रवाल, परमानंद नायक, सुरेश पटेल, गोपाल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, दीपक साहू, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, अरमान हुसैन, पार्षद रमीज रजा, पंकज बीसी, अनस खान, केशव अग्रवाल, राजेंद्र यादव, जयंत यादव, दुष्यंत साहू, सहित नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2025-26 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सादमोती सिदार सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हारी, अति विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य मधु प्रेमलाल खुटे, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ शिव चौधरी, प्रधान पाठक नवरतन चौहान, सहायक शिक्षक उर्वशी नायक, शाला विकास समिति अध्यक्ष चैतराम पटेल, उपाध्यक्ष देवकी सिदार उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय आने प्रेरित किया गया तथा ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे बच्चों को समय पर विद्यालय में प्रवेश दिलाएं तथा उन्हें पढ़ने के लिए घर में भी माहौल दें जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस दौरान सक्रीय महिला संतोषी सिदार, पालकगण नरेश कुमार सिदार, पदमन पटेल, खिरसाय पटेल, जयराम दास मानिकपुरी, गंगा बरिहा, वृंदावती बरीहा, पदुमवती सिदार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुंदरमोती सिदार, बिलासिनी सिदार, मालती बरीहा इत्यादि उपस्थित रहे।





# बोंदा स्कूल मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड के बोंदा में शिक्षा सत्र के तहत जनपद अध्यक्ष, सरपंच, पंच ग्राम पंचायत बोंदा नवापली एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य की उपस्थिती में शासकीय प्राथ. एवं उच्च प्राथ. शाला में नए शिक्षा सत्र के आरंभ में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शा. प्रा. एवं उच्च प्रा. शाला बोंदा में आयोजित किया गया।

# योग भवन में योग महोत्सव 21 को स्वस्थ रहने की विद्या बताएंगे योगाचार्य



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

करे योग रहे निरोग के नारे के साथ 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन शाखा महासमुंद में प्रातःकाल 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग महोत्सव में योगासन व प्राणायाम का कार्यक्रम रखा गया है। शहर एवं ग्रामीण के महिला पुरुष इस महोत्सव में शामिल हो सकते हैं जो नियमित योग नहीं कर रहे वह अपना रजिस्ट्रेशन योग भवन में सुबह 6 से 7.30 पहुँच कर करवा सकते हैं उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के तारेंद्र चन्द्राकर ने दी।

# विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल छुईपाली द्वारा ग्राम कलेंडा के सरस्वती शिशु मंदिर के शाला प्रांगण में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता सरला कोसरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष वक्ता मंडल प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विशेष रूप से पुष्पलता चौहान जिला महिला मोर्चा महामंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, मंडल महामंत्री संजय प्रधान, उपाध्यक्ष नीलांबर सीतारामपटेल दया निधि जाल मंत्री नृपराज रावल कोषाध्यक्ष नित्यानंद कंद पूर्व महामंत्री पंकज साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अन्तराम बिशी जनपद प्रतिनिधि वेद प्रकाश नायक और समिति अध्यक्ष रमेश नायक कैलाश साहू घनश्याम भोई डॉ नरेश प्रधान प्रसन्न प्रधान प्यारी लाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा भरत पटेल आनंद बरिहा अमित प्रधान प्रेमलाल पटेल करुणा साहू श्वेत कुमार पटेल कांतामणि पटेल जगत राम पटेल तरुण पांडे उत्तम सलमा अयोध्या प्रसाद चौधरी तोषराम कुम्हार अर्जुन प्रधान कपिल पटेल दुर्योधन चौहान सरपंच बाबूलाल पांडे त्रिलोचन चौहान तीरथ रामबाग तेजराम सभी कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार 11 साल बेमिसाल संबंधित कार्यशाला भंवरपुर मंडल के जमदरहा ग्राम पंचायत में संपन्न

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकल्प से सिद्धि तक केंद्र की मोदी सरकार 11 साल बेमिसाल संबंधित कार्यशाला भंवरपुर मंडल के जमदरहा ग्राम पंचायत में संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रस्ताव रखते हुए मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने बताया प्रधानमत्री मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, का मन्त्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र को एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत आगे की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं सभापति जिला पंचयात देवकी दीवान ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने 11 साल में हर घर में शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री नलजल योजना, प्रधानमंत्री द्वारा सीएससी सेंटर, अन्नपूर्णा योजना, केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को कार्यकर्ताओं को बीच रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुंच गया है। साथ ही




स्वदेशी हेलीकाप्टर 'प्रचंड मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रह्मोस का इस्तेमाल कर अपने दुश्मनों को तबाह कर दिया। मोदी के साहस और दूरदर्शी विजन के चलते ही भारतीय सशस्त्र बलो का आपरेशन सिंदूर में पीओके और पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकवादी कैम्प और 11 एयर बेस तबाह किए गए। कांग्रेस के शासनकाल में देश में एक के बाद एक आतंकी हमले होते थे और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती थी। मुंबई का 26/11 हमला हो पुणे की जर्मन बेकरी दिल्ली हाई कोर्ट या हैदराबाद का दिल सुखनगर हर जगह लहूलुहान भारत और दिल्ली की सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार सिर्फ शोक संदेश भेजती थी। कार्रवाई की बात तो दूर पाकिस्तान का नाम लेने से भी करती थी इतना ही नहीं कांग्रेस के 10 सालों में 53 बड़े आतंकी हमले हुए लेकिन कांग्रेस की नीति थी। आतंकियों को बचाओ भारत को समझाओ यह वही कांग्रेस है जिसने राष्ट्र की सुरक्षा को तुष्टिकरण की राजनीति के अधीन कर दिया। इस सोशल मीडिया व मौखिक रूप से जनता के बीच में रखने की बात को प्रमुखता से कहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जनक राम चौधरी, कार्यक्रम मंडल प्रभारी मोहित लाल नायक, कार्यक्रम मंडल सह प्रभारी ऋषिकेश पटेल, जिला किसान मोर्चा जिला महामंत्री मंडल उपाध्यक्ष भोज प्रधान, कृष्ण कुमार नायक, जागेश्वर पटेल पूर्व जनपद सदस्य, मनीराम पटेल, निरंजन साहू, दुर्योधन पटेल, चितरंजन नायक, काशीराम बरिहा, ताराचंद साहू पूर्व जनपद, प्रकाश सिंह परेश्वर, लाल बहादुर, प्यारेलाल निषाद, रमेश कुमार भोई, आत्माराम सिदार, कौशल्या साहू, जीतू वैष्णव, मनोज भाई, द्वितीय राम बारीक, मोहित नायक, बसंत लाल नायक, ईश्वर प्रसाद जांगिड़, राजेंद्र कोरिया, पंकज साहू, श्रीराम साहू, महिला मोर्चा महामंत्री चंद्रिका साहू, सपना साहू, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष वर्तमान बसना विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त मंडल महामंत्री धर्मेंद्र पटेल ने किया।

# किसान केवल अन्नदाता नहीं राष्ट्र के निर्माता भी हैं : मोनिका देवांगन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम कसावाही में एकादशी के पावन अवसर पर हमारी पूरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए किसान भाइयों और ग्राम वासियों के द्वारा एकादशी बीज बोनी तिहार बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन सम्मिलित हुई। मोनिका देवांगन ने ग्रामवासियों से रूबरू होते हुए कहा कि आषाढ़ लगने के साथ ही खरीफ फसल की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। ग्राम सरपंच सोमन राम मंडावी एवं सभी किसान भाइयों के साथ धरती माता एवं भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर पुरानी पद्धति से खेत में हल चलाकर जुताई एवं बीज बोनी के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी किसान भाइयों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किए। भगवान वरुण देव से अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल के लिए कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार किसानों की समृद्धि एवं उनके आय को बढ़ाने हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनको आर्थिक रूप से सबलता प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। फसल बीमा योजना, समर्थन मूल्य में धान खरीदी, किसान सम्मान निधि एवं खाद में सब्सिडी प्रदान करके किसान भाइयों के आय को दोगुना की दिशा में काम कर रहे हैं। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रामू रोहरा, ग्राम सरपंच सोमन राम मंडावी, जनपद सदस्य पार्वती साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव, उप सरपंच आत्माराम कोर्राम, बूथ अध्यक्ष रूप राम मंडावी, कचरुराम नेताम, सभी पंचगण एवं बड़ी संख्या में किसान भाई एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## बच्चे हमारे देश के भविष्य के धरोहर, ग्राम अछोटा के विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया

अछोटा जेपीजी फोटो है।

ग्राम अछोटा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में नौनिहालों का शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन सम्मिलित हुई। नव प्रवेशी बच्चों और जो पांचवी से छठी क्लास माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश किए हैं ऐसे सभी बच्चों का स्वागत अभिनंदन एवं मुंह मीठा और पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उनके उज्जवल भविष्य एवं बेहतर चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों पालकों के साथ.साथ हम सब की है। हमें अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करना होगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित होगा। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या का लगातार कम होना चिंतन का विषय है। हमें सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों के समान बेहतर संसाधन, बेहतर प्रबंधन, भौतिक एवं शैक्षणिक माहौल में गुणात्मक सुधार लाकर सामाजिक गतिविधियों के साथ जोड़कर अपने विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाना होगा। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ऋषभ देवांगन, ग्राम सरपंच संतोषी बाई ढीमर, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गौतम साहू, माध्यमिक शाला के कार्यवाहक प्रधान पाठक ध्रुव मैडम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय देवांगन, पूर्णिमा यादव, सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहायिकाएं पालकगण उपस्थित रहे।

# पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। मिली जानकारी अनुसार नवप्रवेशी बच्चों को मुख्यद्वार से तिलक लगाकर पुष्प बरसाते उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाया गया, तत्पश्चात अतिथियों द्वारा गुलाल, पुष्प, मुंह मीठा कराकर गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक वितरण कर नव प्रवेशी बच्चों को शाला में प्रवेश दिया गया। शाला प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोज के रूप में खीर, पूड़ी, सब्जी भी परोसा गया, जिसके लिए संजय पटेल, महेंद्र पटेल एवं कलाबाई सिदार द्वारा आंशिक सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश बरिहा सरपंच प्रतिनिधि एवं संजय पटेल उप सरपंच प्रतिनिधि द्वारा शाला में नील कमल पानी में लगाकर रखने हेतु दो नग बड़े आकार के सीमेंट से बना गमला देने की घोषणा की गई, एवं कुंजन पटेल द्वारा शाला प्रांगण के गार्डन हेतु सीमेंट से बना लंबी चेयर दो नग गार्डन में रखने एवं बच्चों के बैठने हेतु घोषणा की गई, धर्मेंद्र पटेल द्वारा अपने उदबोधन में बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किये गए। प्रधानपाठक नीलांबर नायक ने पालकों से अपील कर कहा कि इस बार दर्ज संख्या के हिसाब से तीन शिक्षक पदस्थ हैं, आप प्राइवेट स्कूल का मोह छोड़ अनुकरणीय पीएमश्री स्कूल में विश्वास कीजिए हम परिणाम देंगे। इस सत्र गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए विशेष रणनीति बनाकर अध्ययन अध्यापन किया जाएगा, विद्यार्थी सूचकांक, समय सारिणी, शिक्षक डायरी, वार्षिक कैलेंडर को ध्यान में रख कर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों, पालकों के अलावा नरेश यादव, उमावती, शिक्षिका प्रभा जगत एवं शिक्षक विजय दास महंत उपस्थित रहे।

# महापौर की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजनांतर्गत मिला 2 करोड़ का विशेष अनुदान



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर रामू रोहरा ने सीएसपीडीसीएल विद्युत विभाग के अधिकारियों, नगर निगम प्रशासन तथा एमआईसी सदस्यों के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर ने नगर के कई वार्डों में जर्जर हो चुकी विद्युत लाइनें, ट्रांसफॉर्मर की नए खंभा केबल लाइन और अनियमित सप्लाई जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस सक्रिय पहल का परिणाम रहा कि 2 करोड़ की स्वीकृति मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना अंतर्गत प्राप्त हुई। महापौर ने कहा हर घर रोशन हो, हर मोहल्ला रोशन हो, यही मेरा सपना है। यह स्वीकृति केवल रकम नहीं, बल्कि विकास की रौशनी है।

### जल्द ही होंगे ये कार्य शुरू

जर्जर विद्युत लाइनों का जीर्णोद्धार, नए ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना, अतिरिक्त पोल व केबल बिछाने का कार्य, अंधेरे क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था। यह निर्णय धमतरी को स्मार्ट और सुरक्षित शहर की दिशा में एक ठोस कदम है। जनता की समस्याओं को समाधान में बदलना ही सच्ची जनसेवा है और यही है महापौर रामू रोहरा की कार्यशैली।

# बरसात में घर खाली करने,नोटिस से परेशान ग्रामीणों ने आबादी पट्टा दिलाने जनदर्शन में दिया आवेदन

## जलभराव से फसल खराब होने की आशंका, पक्की नाली निर्माण की मांग, जनदर्शन में 122 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 122 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बिरेझर थाना अंजोरा निवासियों ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि ग्रामीण परिवार पिछले 8-10 वर्षों से पंचायत की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे है। इन परिवारों के पास स्वयं की कोई निजी भूमि नहीं है। भूमि स्वामित्व प्रमाण न होने के कारण ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। परिवार में छोटे-छोटे बच्चे हैं, बरसात के मौसम में घर से न हटाने और पंचायत की आबादी भूमि पर पट्टा दिलाने की मांग की। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम चंदखुरी के कृषकों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम चंदखुरी नाला क्रमांक 11 के पास स्थित है। हाल ही में बनी सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर कृषि भूमि की ओर बहता है, जिससे वहां डूबान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आगामी बारिश में फसल को भारी नुकसान हो सकता है। कृषकों का कहना है कि जब सड़क निर्माण हो रहा था, तब उन्होंने इस संभावित समस्या से अवगत कराया था। जब पिछले वर्ष खरीफ की फसल जलभराव के कारण खराब हो गई, तब भी उन्होंने निर्माण एजेंसी को पक्का नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृषकों ने मांग की है कि स्थायी समाधान के रूप में पक्का नाला का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात में उनकी कृषि भूमि जलभराव से सुरक्षित रह सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने एनएचएआई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। घासीदास निवासियों ने वार्ड 23 में अवैध निर्माण कर मुर्गा दुकान संचालित करने की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि जामुल थाना रोड पर अनावश्यक रूप से दुकान की क्षमता से ज्यादा बड़ा बोर्ड लगाकर मुर्गा दुकान संचालित किया जा रहा है। मुर्गा रखने के लिए बड़े-बड़े जालियां सड़क की ओर लगा दी गई है, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में रुकावट हो रही है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा लगाए गए पेवर ब्लॉक पर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है और सड़क किनारे की नाली को भी बंद कर दिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# महापौर ने आयुक्त के साथ किया शिवनाथ नदी इंटकवेल का निरीक्षण

## बरसात के दिनों में झिल्ली पन्नी फंसने से रोकने सायफन में जाली लगाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात्रि को हुए भारी बारिश के चलते पुलगांव नाला में जमा झिल्ली पन्नी व जलकुंभी बहकर शिवनाथ नदी के 24एमएलडी इंटकवेल सम्प में फंस जाने के कारण सोमवार को विभिन्न वार्डों में पेयजल सप्लाई बाधित हुई जिसकी जानकारी मिलने पर आज सुबह महापौर अलका बाघमार अधिकारियो के साथ पुलगांव नाला व इंटकवेल का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था सामान्य बनाए रखने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए इस दौरान निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जलगृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, लीलाधर पाल पार्षद संजय अग्रवाल कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपभियंता गिरीश दीवान सहायक अभियंता मोहित मरकाम, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। ईस दौरान महापौर व आयुक्त ने इंटकवेल में बार बार कचरा कचरा फंसने से रोकने सायफन में जाली लगाने व बारिश के दिनों में इस प्रकार की समस्या आने से रोकने नियमित झिल्ली पन्नी साफ करने इंटकवेल में कर्मचारी रखने कहा ताकि प्लांट तक पानी सप्लाई बाधित न हो। उल्लेखनीय कि केलाबाड़ी कसारीडीह बोरसी पोटिया सहित शहर के विभिन्न वार्डो से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी विभिन्न नाली व नालों के जरिए पुलगांव नाला में आकर मिलता है जो सामान्य दिनों में प्रवाह नहीं होने के कारण इसमें बहकर आए झिल्ली पन्नी प्लास्टिक जैसे कचरा जलकुंभी के बीच जम जाता है जो बारिश के दिनों में नाला में पानी चढ़ने के कारण सीधे शिवनाथ नदी इंटकवेल के सायफन में फंस जाता है और इसका सीधा असर फिल्टर प्लांट पर पड़ता हैं जहां मोटर बंद होने से पानी सप्लाई ठप्प होने के कारण शुद्धिकरण के पश्चात भरा जाने वाले टंकियो में पानी भर नही पाता इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अलका बाघमार द्वारा जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की मौजदगी में विभागीय अधिकारियों को ईस तरह से समस्या रोकने वैकल्पिक व्यवस्था करने व आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है।ताकि पानी सप्लाई कम बाधित हो।

# प्राथमिक शाला खुडमुडा में नवप्रवेशी बच्चों का अभिनंदन कर कराया नेवता भोज

पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com





विकास खंड पाटन अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुडमुडा में कक्षा 1 के नवप्रवेशी बच्चो के प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमार साहू पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा समस्त बच्चो के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी खीर पूड़ी, छोले आलू ,की सब्जी, चावल प्रदान किया गया। और नवप्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर और मुँह मीठा करा कर स्वागत किया गया। और उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, पूरन साहू, पार्षद गण ललिता कुमार साहू, खूबी राम सोनकर, भेजलाल सोनकर, दीपक घिडोडे युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र सोनकर, विधायक प्रतिनिधि चिंतामणि सोनकर, शिवा साहू, प्रधान पाठक रोमन लाल कैवर्त, वरिष्ठ शिक्षक चेतन सिंह परिहार, केसू राम साहू, हेमन्त कुमार दीवान, विकास सिंह राठौर, कृष्ण कुमार कुर्रे, मोनिका देवांगन सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# साप्ताहिक बाजार में पसरा गंदगी, पंचायत है मौन, व्यापारी परेशान

पायनियर संवाददाता अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाहंदा (अ) में साप्ताहिक बाजार में घर से निकला हुआ गंदा पानी पसरा रहता है।नाली का निर्माण नहीं होने के कारण व्यापारियों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रोड किनारे नाली होने के बाद भी बाजार परिसर में घर का गंदा पानी पसरा रहता है वही कीचड़ भी हो गया है।सब्जी भाजी खरीदने आने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही पंचायत के द्वारा नहीं की जा रही है। बड़ी बात यह है कि ग्राम के हृदय स्थल बाजार चौक में शहीद वीर नारायण और पटेल समाज के ईस्ट देवी शाकंभरी देवी की मूर्ति भी स्थापित की गई है जहां पर गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि सप्ताह में 2 दिन बाजार लगता है मंगलवार और शुक्रवार को जिससे पंचायत को लाखों का राजस्व मिलता है फिर भी पंचायत किसी प्रकार की सुविधा ग्रामीणों को देने में असफल दिख रही है। बाजार में पसरा गंदगी से लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत के सरपंच पंच इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए है ।वहीं वार्ड पंच की भी निष्क्रियता दिखाई दे रही है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं देना पंचायत का काम है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को बाजार की साफ -सफाई पर ध्यान देना चाहिए जिससे आम लोगों को इस परेशानी से निजात मिल सके।

# कार्टूनिस्ट राव की उपलब्धि वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज, तुर्किए ने भी किया प्रकाशित

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक बी.वी. पांडुरंगा राव ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके बनाए 92 कार्टून, 14 त्रिआयामी (3डी) चित्र, विभिन्न प्रोफाइल, साक्षात्कार और अन्य विभिन्न उपलब्धियों को तुर्किए की मासिक अंतर्राष्ट्रीय हास्य पत्रिका 'फेनामिज़ा' में अप्रैल 2012 से अप्रैल 2025 तक प्रकाशित 77 अंकों में प्रकाशित किया है। वहीं उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूनिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने मान्यता देते हुए उन्हें प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए हैं। उनकी सभी रिकॉर्ड कायम करने वाली उपलब्धियाँ आगामी रिकॉर्ड बुक में प्रकाशित की जाएँगी। बीएसपी से सेवानिवृत्ति के बाद इन दिनों बैंगलुरू में रह रहे 81 वर्षीय पांडुरंगा राव को पहले से ही 15 लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 14 इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड इंडिया रिकॉर्ड्स, यूआरएफ रिकॉर्ड, जीआईएफ जीनियस कार्टूनिस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें आई कैन फाउंडेशन के मानवतावादी राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार और भारत गौरव-24 पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। पिछले 30 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कार्टून प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए राव ने विभिन्न देशों से कई पुरस्कार जीते हैं और उनके कार्यों को 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के लिए चुना गया है।

# इस्लाम के बुनियादी उसूलों को समझा नौजवानों ने एसआईओ भिलाई ने लगाया समर इस्लामिक कैंप

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com





भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन (एसआईओ)-भिलाई यूनिट की ओर से तीन दिवसीय समर इस्लामिक कैंप का सफल आयोजन 13 से 15 जून तक किया गया। इस कैम्प का मकसद नौजवानों में ईमान, इल्म और अखलाक (बेहतर आचरण) से परिचित कराना रहा। कैंप की शुरुआत पवित्र कलाम पाक की तिलावत से हुई। मुख्य वक्ताओं में मौलाना अब्दुल अज़ीज़, के.वी. मुहम्मद (पूर्व अमीर-ए-मुक़ामी, जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, भिलाई), अमीन आरिफ (पूर्व जोनल अध्यक्ष, एसआईओ छत्तीसगढ़), अदनान (विज्ञान शिक्षक), और साजिद अली (यूनिट अध्यक्ष, एसआईओ रायपुर एवं कैंपस व दावत सचिव, एसआईओ छत्तीसगढ़) शामिल रहे, जिन्होंने युवाओं को प्रेरणादायक बातें बताईं। इस कैंप में 12 से 25 वर्ष के लगभग 30-35 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्हें इस्लाम के बुनियादी उसूल, कुरआन, सुन्नत, सीरत और इस्लामी अख़लाक़ पर व्याख्यानों और चर्चाओं के ज़रिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र और इंटरएक्टिव एक्टिविटीज़ ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कई प्रतियोगिताएं और खेल गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को इनाम और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद आमिर अली (अध्यक्ष, एसआईओ भिलाई), मोहम्मद आरिफ ख़ान (सचिव) और मोहम्मद अयूब ख़ान (संयुक्त सचिव) ने किया। इनके साथ रियान ख़ान, जस्सिम शेख़, शेख़ अमीन, ज़ैद अली, उबैद ख़ान, इमरान अज़ीज़, मोहम्मद अनस रज़ा और अन्य कार्यकर्ताओं व सहयोगियों ने कैम्प में अहम भूमिका निभाई।

# युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षकों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बताई अपनी पीड़ा

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



युक्तियुक्तकरण में कई-कई किलोमीटर दूर,दूसरे जिलों में भेज देने से शिक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और ऐसे प्रभावित शिक्षक शासन की युक्तिकरण की नीति के खिलाफविरुद्ध आवाज उठा रहे हैं. ऐसे ही प्रभावित शिक्षकों ने यहां सांसद विजय बघेल से मुलाकात की है और उनसे शासन की युक्तियुक्तकरण की नीति में संशोधन करते हुए शिक्षकों को दूसरे जिलों में पदस्थापना करने पर रोक लगाने का आग्रह किया है. दुर्ग जिले में युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल से आज मुलाकात कर जिले के शिक्षकों को जिले से बाहर कबीरधाम जिला, राजनांदगांव, खैरागढ़ छुईखदान और बेमेतरा के अंतिम छोर के गांव में पदांकित किये जाने से पैदा हो रही परेशानियों से अवगत कराया. सांसद विजय बघेल ने पीड़ित शिक्षकों की बात को गम्भीरता से सुना एवम माननीय मुख्यमंत्री जी से इस विषय को लेकर चर्चा करने एवम पत्र लिखने तथा अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया है। प्रभावित शिक्षकों ने बताया है कि युक्तियुक्तकरण के तहत दुर्ग जिले से 257 शिक्षकों को जिले से बाहर पदांकित किया गया है जिसमें अधिकांश महिला शिक्षक हैं। बिजौरा ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने एवम युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों को दुर्ग जिले के ही अंदर समायोजित करने सांसद विजय बघेल जी से निवेदन किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**दुर्ग।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार योगा संगम एवं हरित योग की थीम पर इस पर वर्ष भी 21 जून 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तरीय कार्य म का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में प्रातः 6 से 7 बजे के मध्य किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित इस महत्वपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें, अध्यापक, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक समस्त शासकीय/अशासकीय अधिकारी/कर्मचारी, समस्त स्थानीय समाचार पत्रों के पत्रकार भाग लेने हेतु आमंत्रित किये गये हैं।

# टेंडर प्रक्रिया में लॉटरी सिस्टम बंद करने की मांग बायोमेट्रिक को मजदूरों के लिए बताया अव्यावहारिक

## सीजीएम सर्विसेस से मिला सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष के. ऐ. अब्दुल कादिर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 16 जून को भिलाई स्टील प्लांट के चीफजनरल मैनेजर (प्रभारी) सर्विसेज तुषार कांत एवं सेनगुप्ता चीफ जनरल मैनेजर (कॉन्ट्रैक्ट सेल-वर्क्स) के साथ बैठक की। यह बैठक विगत महीनों में कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार एवं कार्यपालक निदेशक (एचआर) पवन कुमार के साथ सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन की चर्चा के नतीजे के रूप में आयोजित की गई थी। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। जिसमें सीजीएम (प्रभारी) सर्विसेज तुषार कांत एवं सेनगुप्ता सीजीएम (कॉन्ट्रैक्ट सेल-वर्क्स) ने सकारात्मक कदम उठाने की बात कही। एसोसिएशन ने मैनेजमेंट का ध्यान कुछ विसंगतियों की और दिलाया। सदस्यों ने बताया कि कुछ क्षेत्र के ठेका मजदूरों पर बायोमेट्रिक सिस्टम लागू करने में व्यावहारिक दिक्कतें हैं। मसलन कैपिटल रिपेयर और शट डाउन जैसे कार्य निरंतर चलते हैं और मजदूरों के आने-जाने का समय निर्धारित नहीं किया जा सकता। इसलिए ऐसे क्षेत्रों में बायोमैट्रिक सिस्टम पूरी तरह अव्यावहारिक है। इसी तरह एसोसिएशन की ओर जानकारी दी गई कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम भिलाई में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल अपने भवन शुरू हो चुका है, जिसका उद्घाटन 25 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ था। यहां ईएसआईसी कवर्ड श्रमिकों को आई. पी नंबर जारी होने के कारण सभी सुविधाएं उपलब्ध है और जो सेवाएं वहां नहीं मिलती उसके एवज में रेफर किया जाता है।

## ग्राम महमरा पृथ्वी पैलेस के पीछे जुआ खेल रहे 18 गिरफ्तार

**दुर्ग।** ग्राम महमरा पृथ्वी पैलेस बाउण्ड्रीवाल के पीछे में 52 पत्ती ताश से रुपये पैसों का हार-जीत दाँव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध रुप से 52 पत्ती ताश से रुपये पैसे का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते 18 लोगो को पकड़ा गया। जुआ की रकम कुल 10.82 लाख- रु नगदी व 20 नग मोबाईल जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध छग जुआं प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2).5 के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक खगेंद्र पठारे, चौकी प्रभारी अंजोरा, प्रधान आरक्षक आशीष राजपूत, राकेश सिंह, आरक्षक सुमन मंडावी, कमल नारायण ठाकुर एवं हिरेन्द्र निषाद की उल्लेखनीय भूमिका रही।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग**
**पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर मेन रोड बीजापुर जिला-बीजापुर (छ.ग.)**
Phone No. 07853-220390, Fax-07853-220129 E-Mail:- eepwdbijapur129@gmail.com

ज्ञा.क्रं. 2052/स्टॉक/2025 बीजापुर दिनांक 12/06/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार शासकीय स्थानीय तथा वी.वी.आई.पी. कार्यक्रम हेतु टेंट, पण्डाल, इत्यादि के आयोजन व्यवस्था संपादित किया जाता है। वर्ष 2025-26 में संपादित किये जाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आयटमों के दर निर्धारण हेतु इच्छुक अनुभवधारी एवं अर्हताधारी टैंट हाउस प्रतिष्ठानों से आयटमवार दर प्रस्तुत करने हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा है।

इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान दिनांक 23/06/2025 को दोपहर 1:00 बजे के पूर्व इस कार्यालय में संबंधित दस्तावेज जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा में निहित विस्तृत विवरण की जानकारी कार्यालयीन अवधि में इस कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 26/06/2025 दिन संध्या 4.00 बजे खोली जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

G-252601605/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)**
Email ID:- ee-dhamtari@nic.in

क्रमांक 3668/NIT-13/2025-26/व.ले.लि. दिनांक 14/06/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**
**द्वितीय आमंत्रण**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 04/07/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) / बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 13<br>T0040 | धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रोड कटिंग का मरम्मत कार्य, द्वितीय आमंत्रण | 9.95<br>7500.00<br>300000.00 |

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 ।
2. प्रत्येक कार्यों का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है।
3. एनआईटी क्र. T0040 समयावधि 2 माह वर्षा ऋतु सहित।
4. टीप EMD के साथ क्लास CD हेतु अनेक्जर 2,3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

G-252601587/1



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**केल्हारी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**
(श्रीमती सरला पाण्डेय प्रति छ.ग.शासन)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./अ-2/ वर्ष 2024-25

ग्राम मुसरा की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरला पाण्डेय पति दीपक कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम पेण्डारी तहसील केल्हारी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा-172 के तहत् प.ह.नं. 09, ग्राम मुसरा में स्थित भूमि खसरा नंबर 383/5 रकबा 0.0600 हे. भूमि का राजस्व अभिलेखों में एकमात्र खातेदार के रूप में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। उक्त भूमि का आवेदक व्यावसायिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय, बी-वन, खसरा नक्शा एवं रीनम्बरिंग, विक्रय पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 23/06/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केल्हारी, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/ /रीडर-1/2025 जशपुर, दिनांक -12/06/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **जशपुर** प.ह.नं. **07** तहसील **जशपुर** जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदकगण अनुप गुप्ता पिता स्व. कुलदीप साव एवं तालकेश्वर गुप्ता पिता स्व. यशवंत साव निवासी ग्राम जशपुर तहसील व जिला-जशपुर (छत्तीसगढ़)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-गिरांग स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी**

**ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 391/7, जिसका रकबा 0.1160 हे., में से/वर्ग.मी. 05 डिसमिल, प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 23/06/2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)



**न्यायालय नायब तहसीलदार 80 रायपुर**

**मामले की श्रेणी–राजस्व**

संदर्भ :- जिला - **रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक :- **RD20242544072560034O**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00070** के अंतर्गत ग्राम **टिकरापारा** के वर्तमान भूमिस्वामी **श्रध्दा मिश्रा पिता/पति-अखिल कुमार मिश्रा पता-मार्बल पैलेस के पीछे सिध्दी विनायक के पास लक्ष्मी नगर रायपुर छ.ग.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **199/25(0.0070)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **श्रीनी अवस्थी पिता/पति-रितेश अवस्थी पता-लक्ष्मी नगर रायपुर छत्तीसगढ़, रितेश अवस्थी पिता/पति-रमेश चंद्र अवस्थी पता-लक्ष्मी नगर रायपुर छत्तीसगढ़** के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा अपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

ज्योति सिंह
नायब तहसीलदार
रायपुर

## संपादकीय

# ईरान पर हमला शांति को खतरा


**ईरान के नाभिकीय ठिकानों** पर इस्राइल के हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई से विश्व शांति को खतरा पैदा हो सकता है। लंबे समय से जारी तनाव को नाटकीय ढंग से बढ़ाते हुए इस्राइल ने ईरान पर व्यापक हवाई हमले किए जिसमें उसके प्रमुख सैनिक और नाभिकीय ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इसके जवाब में ईरान ने बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं जिससे वर्तमान समय में दोनों देशों के बीच सैनिक टकराव बहुत तेज हो गया है। दोनों देशों द्वारा भयंकर आक्रामकता दिखाने के कारण पूरे मध्य पूर्व में पूर्ण युद्ध छिड़ने की आशंका पैदा हो गई है जिससे वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन बिगड़ेगा। बताया जाता है कि इस्राइली हमलों में 200 से अधिक विमानों का प्रयोग हुआ जिन्होंने 200 से अधिक ईरानी ठिकानों पर निशाना लगाया। इनमें इस्फहान और फोर्डो की नाभिकीय सुविधायें तथा सैनिक कमांड केन्द्र शामिल थे। इन हमलों में ईरान के कई उच्च पदस्थ सेनाधिकारी तथा आठ परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं जिनमें इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्पर्स-आईआरजीसी के प्रमुख जनरल हुसेन सलामी तथा ईरानी सेना प्रमुख जनरल मुहम्मद बाघेरी शामिल हैं। इसके जवाब में ईरान ने सैकड़ों बैलस्टिक मिसाइलें दागीं जिससे तेलअबीब और येरूशलम में धमाके सुनाई दिए। हालांकि, इस्राइली रक्षा प्रणालियों ने अनेक मिसाइलों को बीच में ही नष्ट कर दिया, पर इस व्यापक हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

इस टकराव के व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका है। ईरान के सहयोगियों में लेबेनान के हिजबुल्ला तथा ईराक और यमन के अनेक सशस्त्र समूह हैं जिनके युद्ध में कूद पड़ने की आशंका है। ऐसा होने पर इस्राइल को अनेक मोर्चों पर युद्ध लड़ना पड़ेगा। इससे सऊदी अरब, यूएई और तुर्की जैसी क्षेत्रीय शक्तियां भी युद्ध में शामिल हो सकती हैं। इस स्थिति में हर्मुज की खाड़ी से तेल परिवहन मार्ग बाधित हो सकते हैं जिससे दुनिया के ऊर्जा बाजारों में संकट पैदा हो जाएगा। इसके साथ ही अमेरिका या नाटो की परोक्ष या प्रत्यक्ष सहभागिता से व्यापक टकराव में रूस और चीन भी शामिल हो सकते हैं क्योंकि इन दोनों के ईरान के साथ रणनीतिक संबंध हैं। ऐसे में पहले से ही संवेदनशील और अस्थिर मध्यपूर्व क्षेत्र एक नये व विनाशकारी वैश्विक टकराव का केन्द्र बन सकता है। अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलेआम इस्राइली कार्रवाई का समर्थन किया है, हालांकि उन्होंने टकराव में अमेरिका की सक्रिय भागीदारी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया। इससे संकेत मिलता है कि पर्दे के पीछे इस्राइल को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। ट्रंप के बयानों से इस्राइली नेतृत्व का साहस बढ़ सकता है जिससे ईरान का अलगाव बढ़ेगा तथा तनाव घटाने के प्रयास और कठिन हो जाएंगे।

इस्राइल और ईरान के बीच यह टकराव ऐसे समय हुआ है जब इस्राइली सेना की गाजा में कार्रवाई जारी है। इससे सारी दुनिया का ध्यान अब ईरान-इस्राइल संकट की ओर चला गया है। इससे गाजा में मानवीय संकट पर अंतरराष्ट्रीय चिन्ता घटेगी तथा इस्राइल को वहां कम राजनयिक दबाव के अपना अभियान चलाने का मौका मिल जाएगा। इस्राइल-ईरान टकराव ने 'प्रोक्सी शक्तियों' के बीच टकराव के बजाय सीधे टकराव को जन्म दिया है जिससे मध्य पूर्व में स्थिरता को गहरा धक्का लगा है। इस्राइल और ईरान की शक्तिशाली सेनाओं के बीच टकराव के कारण अब तनाव घटने की संभावनायें कम हो गई हैं। इससे क्षेत्रीय और यहां तक कि वैश्विक स्तर पर युद्ध के विस्तार का खतरा पैदा हो गया है। इस्राइल और ईरान के बीच इस टकराव को देखते हुए सारी दुनिया के नेताओं को तेजी से काम करते हुए निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि एक विनाशकारी युद्ध से बचा जा सके। राजनयिक चैनलों को सक्रिय कर युद्धविराम पर बातचीत शुरू होनी चाहिए तथा क्षेत्रीय शांति के लिए एक व्यापक व दूरगामी दृष्टिकोण पर विचार किया जाना चाहिए। दुनिया इस समय रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गाजा में सैनिक कार्रवाई के बाद बेलगाम युद्धों की आग झेलने के लिए तैयार नहीं है। इस्राइल और ईरान के बीच इस भयानक युद्ध से केवल मध्यपूर्व में ही शांति को नहीं, बल्कि पूरी मानवता को भी खतरा है।

# मोदी सरकार के 11 साल

## एक समय दुनिया भर में लोकतंत्र का प्रतीक मानी जाने वाली म्यांमार की 80 वर्षीय जेल में बंद आंग सान सूकी की पीड़ा पर दुनिया भर में गुस्सा नहीं पैदा हो रहा है।



शिव प्रकाश
(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव हैं)



**आंग सान सूकी** 19 जून, 2025 को अपने जीवन के 80 वर्ष पूरे कर 81वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। वे लंबे समय से जेल में बंद हैं। पिछली अंतिम फर्जी सुनवाई 30 दिसंबर, 2022 को हुई थी जिसकी दुनिया भर में व्यापक निन्दा हुई थी। इसमें उनको सात साल के लिए जेल भेज दिया गया था। इसके साथ सूकी को 33 साल कैद की सजा दी गई है जिसे बाद में घटा कर 27 साल किया गया था। इससे संकेत मिलता है कि म्यांमार के सैनिक शासक जो स्वयं को 'राज्य प्रशासनिक परिषद' कहते हैं, चाहते हैं कि वे जेल में ही मर जाएं। इस संबंध में यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि पश्चिमी लोकतंत्रों में उनके जेल में बंद होने तथा म्यांमार में लोकतंत्र के लिए संघर्ष के प्रति दिलचस्पी घटती जा रही है। हालांकि, असंदिग्ध रूप से उन्होंने सैनिक शासन का समर्थन नहीं किया है और उसके तथा उसके नेताओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके बावजूद उनके लगातार जेल में बंद होने तथा सैनिक शासन द्वारा नागरिकों के खिलाफ बर्बर सैनिक कार्रवाई के खिलाफ गुस्से की अभिव्यक्ति बहुत कम और हल्की हो गई है। यह बर्बर सैनिक दमन पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ, विपक्षी राष्ट्रीय एकीकरण सरकार-एनयूजी तथा नस्ली सशस्त्र संगठनों-ईएओ के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में हो रहा है जो एक दूसरे से सहयोग कर सैनिक शासक के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए हैं। हालांकि, इसका कारण यह भी है कि यूक्रेन युद्ध तथा गाजा में इस्राइली कार्रवाई जैसेस नए मुद्दे सामने आ गए हैं और उनको अब सामान्य वैश्विक विमर्शों में केन्द्रीय स्थान मिल रहा है। लेकिन वैश्विक आकर्षण में कमी के कारण सैनिक शासक पर देश में लोकतंत्र बहाली के लिए दबाव घटाने में सहायता मिली है। इससे यह सुनिश्चित हो गया है कि सैनिक शासक को तभी सत्ता से हटाया जा सकता है जब उसे म्यांमार में इस समय जारी गृह युद्ध में पराजित कर दिया जाए।

सैनिक शासक के खिलाफ संघर्षरत बलों में पीडीएफ के अलावा थ्री ब्रदरहुड एलायंस भी है जिसमें म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षे9 में सक्रिय है, टांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए शान राज्य में तथा अराकान आर्मी-एए देश के पश्चिमी हिस्से के राखीन राज्य में सक्रिय हैं। ये पीडीएफ व अन्य नस्ली सेनाओं के साथ सहयोग कर सैनिक शासक के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। धीरे-धीरे ये बल सरकारी बलों पर हावी होते जा रहे हैं। म्यांमार की सेना 'सिट-टैट' एलायंस द्वारा हमलों के बाद कई पराजयों का सामना कर चुकी है। 27 अक्टूबर, 2023 को शुरू किए इस आक्रमण का नाम 'आपरेशन 1027' रखा गया है।

एए ने अप्रैल, 2024 के बाद पूरे राखीन प्रांत पर कब्जा कर लिया है। एमएनडीएए ने 31 जुलाई, 2024 को दावा किया था कि उसने सिट-टैट के लाशियो सैनिक अड्डे और चीनी सीमा के निकट शान राज्य के हवाईअड्डे पर कब्जा कर लिया है। यह सैनिक शासक के लिए बड़ा झटका था। विवेक शंकर ने 5 अगस्त, 2024 को 'द न्यूयार्क टाइम्स' में दावा किया था कि 'लाशियो शहर और उसके हवाईअड्डे पर कब्जा हो गया है। यहां करोड़ों डालर खर्च कर हाईस्पीड नेल नेटवर्क व अन्य ढांचागत परियोजनायें सीमा के दोनों ओर बनाई गई थीं।' विपक्षी बलों ने अब म्यांमार की सीमाओं और पहाड़ी क्षेत्रों के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और सेना का नियंत्रण केन्द्रीय इरावडी घाटी के प्रमुख शहरों तथा जमीनों पर ही कब्जा है। सेना अब शहरों और कस्बों में भी हार रही है। 13 अगस्त, 2024 को 'द इरावडी' वेबसाइट में दावा किया गया था कि 'सैनिक शासक का कब्जा अब म्यांमार के 350 शहरों में से केवल 100 पर बचा है।' इसमें रक्षा मंत्री यू यी मोन के हवाले से कहा गया था कि म्यांमार के 350 कस्बों में से केवल 98 पर ही सेना का कब्जा बचा है। एनयूजी के रक्षा मंत्रालय ने म्यांमार के कस्बों को चार श्रेणियों में बांटा है। इनमें से 75 पर पूरी तरह सरकार-विरोधी समूहों का कब्जा है, 105 ने सरकार-विरोधी समूहों के समक्ष समर्पण कर दिया है, 75 में संघर्ष चल रहा है तथा केवल 98 कस्बे ही सरकार के नियंत्रण में बचे हैं।

4 जून, 2025 को द इरावडी में बेनयार आंग के लेख में दावा किया गया था कि नस्ली अराकान आर्मी-एए ने नवंबर, 2023 में राखीन आक्रमण शुरू करने के बाद पश्चिमी राज्य के 17 कस्बों में से 14 पर कब्जा कर लिया है। सैनिक शासक के नियंत्रण वाले तीन कस्बों में से सिटवे व कायुकफू में लड़ाई जारी है तथा मानुंग ऐसा अकेला कस्बा बचा है जहां से टकराव की खबर नहीं है। एए ने भारत और बांग्लादेश सीमा से सटे पूरे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। इसके पहले उसने नाफ नदी से सटे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था जिसमें मुंगडा, बूठीडौंग ओर चिन राज्य के पलेटवा कस्बे भी शामिल हैं। इससे बांग्लादेश से उसका सीधा संबंध स्थापित हो गया है तथा भारत मिजोरम सरकार के माध्यम से उनसे सपंर्क बनाए हुए है। असंदिग्ध रूप से सरकारी सेना ने जवाबी हमला करने का प्रयास किया है। 19 मार्च, 2025 को द इरावडी में प्रकाशित लेख 'मैपिंग द म्यांमार जुंटाज़ गेन्स, लासेज़ एंड स्टेलमेट्स सिंस 1027' में सैनिक विश्लेषक ने लिखा था कि 2024 में सैनिक शासक की सेना सिट-टैट ने ज्यादा गतिशील रणनीति अपनाते हुए मोबाइल व सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियां अपनाई और पूरे देश में जवाबी हमले किए। उसकी निर्भरता मुख्यत: युद्धक विमानों तथा ड्रोनों पर थी। लेकिन इन रणनीतियों के कारण सार्थक या निर्णायक विजय नहीं प्राप्त हुई। लेख में बताया गया है कि सैनिक शासक द्वारा कब्जे वाले क्षेत्र कुल मिला कर उन कस्बों और शिविरों के एक प्रतिशत से अधिक नहीं हैं जिन पर प्रतिरोधी बलों ने पहले कब्जा किया था। इसके अलावा सैनिक शासक के पुन: कब्जे वाले क्षेत्रों पर लगातार खतरा मंडरा रहा हैऔर उनको प्रतिरोधी बलों ने घेर रखा है। लेख में यह भी कहा गया है कि विपक्षी बलों ने गुरिल्ला शैली की कार्रवाइयां तेज की हैं जिनमें घात लगा कर हमले करना, माइन्स बिछाना तथा सिट-टैट के ठिकानों पर लगातार हमले शामिल हैं। असंदिग्ध रूप से उनको अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, सैनिक शासक ने 2024 में अधिकांश लोईका कस्बे के बड़े हिस्सों पर पुन: कब्जा कर लिया था और करेनी प्रतिरोधी बलों को पीछे हटना पड़ा था। संभवत: इसका कारण उनके पास गोला-बारूद की कमी थी। लेकिन सिट-टैट को अपनी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और दीर्घकालीन रूप से उसे निश्चित रूप से पराजय साफ दिख रही है। उसमें उत्साह का घोर अभाव है तथा आंतरिक मतभेद बढ़ रहे हैं। अनेक तीन-सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। अनेक युवा अधिकारी असंतुष्ट हैं क्योंकि उनकी पहचान पूरे देश के दुश्मन की तरह हो रही है। 'युनाइटेड इंस्टीट्यूट आफ पीस' में 4 मई, 2023 को प्रकाशित एक लेख के अनुसार, 'सिट-टैट की जो शक्ति विद्रोह के पहले 300,000-400,000 थी अब वह घट कर लगभग 150,000 कर्मियों की बची है।'

हालांकि, सिट-टैट को टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के रूप में लाभ प्राप्त है, पर इस तथ्य के कारण उसे इनका ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि घने जंगलों वाले पहाड़ी क्षेत्रों में इनका प्रयोग बहुत कठिन है जहां गहरी खाइयां और खड़ी ढलाने हैं। इन पर सैनिक शासक विरोधी बलों का कब्जा है। वैसे भी तोपखाने और वायुसेना के समर्थन से युद्ध नहीं जीते जा सकते हैं, जब उनका मुकाबला अच्छी तरह हथियारों से लैस और प्रशिक्षित सैनिकों से हो। यदि ऐसा न होता तो अमेरिका की वियतनाम में विजय होती। अब सैनिक शासक को सत्ता से हटाने के लिए केवल समय की प्रतीक्षा है। जब ऐसा होगा तो म्यांमार में लोकतंत्र और स्वतंत्रता की विजय होगी। यह आंग सान सूकी द्वारा छेड़े गए लंबे संघर्ष की विजय होगी। लेकिन फिलहाल सूकी पर बहुत गंभीर खतरा मंडरा रहा है और उसके बारे में बात होनी चाहिए। सैनिक शासक जेल में जहर देकर उनकी हत्या करा सकते हैं अथवा उनकी मौत को वृद्धावस्था संबंधी प्राकृतिक कारणों से हुआ बताया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो इसका कारण सैनिक शासक का यह विश्वास होगा कि पश्चिम की म्यांमार में दिलचस्पी समाप्त हो गई है और वह ज्यादा महत्वपूर्ण दिखने वाले मुद्दों के बहाने म्यांमार में सैनिक शासन के दमन तथा लोकतंत्र की हत्या की रूटीन निन्दा के सिवा और कुछ नहीं कर रहा है।

# ईरान-इसराइल युद्ध में दाँव पर किसका भविष्य?

राजीव सक्सेना
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**मध्य पूर्व** में इसराइल और ईरान के बीच दुश्मनी एक नए और ख़तरनाक मोड़ पर पहुँच गई है। यह दुश्मनी सालों से चली आ रही है। दोनों देश एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को ईरान ने जबरदस्त हमला किया। इसराइल भी लगातार बम बरसा रहा है। इसराइल के हमलों का मकसद केवल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तबाह करने की कोशिश नहीं है, बल्कि यह ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन को कमजोर करने और शायद उसे उखाड़ फेंकने की कोशिश भी है। इसराइल लंबे समय से ईरान में अपने मुताबिक़ शासन के बदलाव का सपना देखता रहा है और इसके लिए मौक़े ढूँढता रहा है। लेकिन यह कभी आसान नहीं रहा। मगर इस बार इसराइल की बेहद गहरी खुफिया पहुँच खामेनेई के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं, जो क्षेत्रीय समर्थन की कमी से भी जूझ रहे हैं। वैसे तो ईरान इस्लामी दुनिया का झंडाबरदार बनने की बात करता रहा है। लेकिन जब बात असल समर्थन की आई तो वह अकेला पड़ गया। पिछले गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी यानी आईएईए की बैठक में 35 देशों के बोर्ड ने 19-3 के वोट से ईरान को परमाणु समझौते का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया। यह 20 साल में ईरान के खिलाफ़ पहला ऐसा प्रस्ताव था। इस मामले में केवल चीन, रूस और बुर्किना फासो ने ईरान का साथ दिया। हैरानी की बात यह है कि अल्जीरिया, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, क़तर, सऊदी अरब और तुर्की जैसे मुस्लिम देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। हालाँकि, इन देशों ने इसराइल के हमलों की निंदा की।

इस सबके चलते इसराइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के ज़रिए मध्य पूर्व की सियासत में एक बड़ा भूचाल खड़ा कर रखा है। यह न सिर्फ़ ईरान की परमाणु ताक़त को चुनौती दे रहा है, बल्कि खामेनेई के नेतृत्व और उनके शासन की नींव को भी हिला रहा है। मौजूदा हालात में सबसे बड़ा सवाल है— क्या खामेनेई के शासन का अंत होगा या वे इस भूचाल से बच पाएंगे? इसराइल ने सबसे पहले ईरान के परमाणु ढांचे, वैज्ञानिकों, सैन्य ठिकानों और नेताओं पर जोरदार हमला बोला है। यह कोई छोटा-मोटा हमला नहीं है, बल्कि इसराइल का यह ऐलान है कि वह अब ईरान को पीछे हटने पर मजबूर कर देगा। जवाब में ईरान ने हाइफ़ा और तेल अवीव के निकट सहित पूरे इज़राइल में मिसाइलों का हमला किया, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए। इस हमले ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। ईरान की ओर से ऐसे हमले की उम्मीद किसी को नहीं थी। माना जा रहा है कि इसराइल ने इस बार ठान लिया है कि वह ईरान की परमाणु और मिसाइल ताक़त को तब तक निशाना बनाएगा, जब तक वह पूरी तरह ख़त्म न हो जाए। यह कोई एक दिन का खेल नहीं है। नेतन्याहू ने साफ़ कहा है कि हमले जितने दिन चाहिए, उतने दिन चलेंगे। हालाँकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना इतना आसान भी नहीं है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम दशकों में बना है। यह कुछ चुनिंदा वैज्ञानिकों पर नहीं टिका है। उसी तरह ईरानी सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स भी सिर्फ कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर निर्भर नहीं हैं कि उनके हटने से पूरी सैन्य संरचना ढह जाए। प्रमुख अधिकारी जैसे कि चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हुसैन सलामी मारे गए हैं, लेकिन उनकी जगह लेने के लिए नए नेता पहले से तैयार हैं। ये सभी उसी व्यापक तंत्र से निकले हैं जिसने ईरान का परमाणु बुनियादी ढांचा खड़ा किया गया है। इसराइल ये सब बखूबी जानता है। इसलिए उसकी रणनीति के पीछे सालों की तैयारी है। उसने न सिर्फ ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि उसके वैज्ञानिकों, वार्ताकारों और सैन्य कमांडरों को भी मार गिराया।

ऐसा करके इसराइल ने ईरान के अंदर तक अपनी खुफ़िया पहुँच दिखाई, जो खामेनेई के शासन के लिए खतरे की घंटी है। वैसे ईरान ने पिछले पांच दशकों में तमाम आर्थिक और सैन्य चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। उसने इसराइल को जवाबी हमलों से भी डराया है। लेकिन इस बार बात अलग है। इसराइल के हमले यह दिखा रहे हैं कि उसकी खुफ़िया ताक़त कितनी गहरी है। ईरान के अंदर तक ऑपरेशन करना और चुन-चुनकर नेताओं को निशाना बनाना, यह सब खामेनेई के शासन की कमजोरियों को उजागर करता है। 1989 से ईरान के सर्वोच्च नेता रहे खामेनेई अब 86 साल के हो चुके हैं।

असल में ईरान को क्षेत्रीय समर्थन न मिल पाने का एक बड़ा कारण ये है कि कई अरब देश ईरान की परमाणु ताक़त से उतने ही चिंतित हैं, जितना इसराइल। इसलिए बग़ैर कुछ बोले वे चाहते हैं कि इसराइल या अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ख़त्म कर दे। यही नहीं, कई अरब देश तो चुपके-चुपके इसराइल के साथ सैन्य सहयोग भी कर रहे हैं। युद्ध के इस खेल में अमेरिका और ट्रंप का रुख भी खासा दिलचस्प है। इसमें एक ट्विस्ट तब देखने को मिला, जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक मेक अमेरिका ग्रेट अगेन यानी MAGA आंदोलन ने इसराइल के हमलों का विरोध किया। ट्रम्प को दोबारा सत्ता में लाने वाला यह आंदोलन अमेरिका को युद्धों से दूर रखना चाहता है। MAGA नेताओं ने चेतावनी दी कि नेतन्याहू अमेरिका को ईरान के साथ युद्ध में घसीट सकता है। इस दबाव के चलते अमेरिका ने इसराइल के हमलों से खुद को अलग कर लिया और ईरान को साफ़ चेतावनी दी कि वह अमेरिकी ठिकानों को निशाना न बनाए। ट्रंप ने इसराइल की तारीफ़ तो की, लेकिन साथ ही ईरान को सलाह दी कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़कर शांति और समृद्धि का रास्ता चुने, वरना और नुक़सान झेले। ट्रंप ने यह भी ज़िक्र किया कि इसराइल ने हाल के हमलों में उन ईरानी नेताओं को निशाना बनाया, जो परमाणु समझौते के ख़िलाफ़ थे। मतलब साफ़ है कि वे ईरान के शासन में फूट डालना चाहते हैं। ट्रम्प का ताज़ा बयान है कि वे इस युद्ध को रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं।

मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए ईरान के सामने दो रास्ते नज़र आते हैं। पहला, वह मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और अरब पड़ोसियों पर हमला कर सकता है या अपने समर्थक हिजबल्लाह जैसे संगठनों को सक्रिय कर सकता है। लेकिन ऐसा करने से पूरे क्षेत्र में युद्ध छिड़ सकता है, जो इस्लामिक गणराज्य के लिए तबाही ला सकता है। दूसरा रास्ता है कि ईरान सैन्य जवाब और बातचीत का मिलाजुला तरीक़ा अपनाए। लेकिन यह आसान नहीं होगा, क्योंकि इसराइल का दबाव बढ़ता जा रहा है। इज़राइल द्वारा किए गए हमले कब तक जारी रहेंगे, और इनका अंतिम लक्ष्य क्या है। यह साफ नहीं है। इस हमले की रणनीति इज़राइल की एक बहु-स्तरीय योजना की ओर इशारा करती है, जिसमें ईरानी शासन की सैन्य पकड़ को कमजोर करना, उसके परमाणु कार्यक्रम की रीढ़ को नुकसान पहुंचाना, ईरान की जवाबी क्षमता को निष्क्रिय करना, नैतिक और मनोवैज्ञानिक झटका देना और अंतत: एक ऐसा जनविद्रोह भड़काना शामिल है जिससे इस्लामी गणराज्य का शासन गिर सके। लेकिन क्या यह सब इतना आसान है? इज़राइल की मौजूदा रणनीति कई ऐसे तत्वों पर आधारित है जो इज़राइल पहले भी इस्तेमाल कर चुका है। सवाल यह है कि क्या इन सभी हथकंडों से ऐसा नतीजा निकाला जा सकता है जो ईरान के खतरे की प्रकृति को ही बदल दे और पूरे क्षेत्र में नई हकीकत बना दे? क्या इस बार इज़राइल को कामयाबी मिलेगी या वह मुँह की खाएगा?

## आप की बात

### एआई की प्रगति

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई की प्रगति चौंकाने वाली है। यह तकनीक जहां जीवन को आसान बना रही है, वहीं इसके बेलगाम विकास से भविष्य में मानवता के सामने कई चुनौतियाँ खड़ी हो सकती हैं। विशेष रूप से रोजगार के क्षेत्र में चिंता बढ़ रही है कि एआई आधारित रोबोट कहीं इंसानों की नौकरियाँ न छीन लें। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई एक्शन समिट- 2025 में स्पष्ट किया कि तकनीक नौकरियाँ समाप्त नहीं करती, बल्कि उनके स्वरूप को बदलती है और नए अवसर भी पैदा करती है। भविष्य में एआई की अहम भूमिका तय है। ऐसे में शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से पुनर्गठित कर कंप्यूटर विज्ञान, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करने की ज़रूरत है। इंजीनियरिंग शिक्षा के पुराने पाठ्यक्रम अब अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। नए कोर्स ऐसे होने चाहिए जो छात्रों को केवल डिग्री नहीं, बल्कि विशेषज्ञता प्रदान करें तथा वे उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार हों। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई को नियंत्रित करने के लिए एक मजबूत नियामक दृष्टिकोण व परस्पर सहमति से बनाई व्यवस्था जरूरी है, ताकि यह तकनीक मानवता के लिए खतरा और अपराधियों के लिए हथियार न बने।

**–सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### हवाई यात्रा की चुनौतियां

**भारत** समेत दुनिया भर में हवाई यात्रा को सबसे सुरक्षित यात्रा साधन माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में हेलीकॉप्टर और छोटे विमान हादसों में वृद्धि इस धारणा को चुनौती दे रही है। ताज़ा हादसे फिर से यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हवाई यात्रा की सुरक्षा वास्तव में प्राथमिकता है या सिर्फ दस्तावेज़ों तक सीमित है। विचारणीय यह है कि अतीत में जिन हेलीकॉप्टर हादसों की जांच हुई, उनकी रिपोर्टें तैयार तो हुईं पर वे फाइलों में धूल फांक रही हैं। न तो उन पर संजीदगी से अमल हुआ और न ही किसी स्तर पर जवाबदेही तय की गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा उपायों को व्यवहार में उतारने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। कई बार देखा गया है कि विमान कंपनियाँ अधिक लाभ कमाने के लिए सुरक्षा मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेना, पुराने हो चुके कल-पुर्जों का इस्तेमाल, पर्याप्त निरीक्षण न होना जैसे कारक भी हादसों की प्रमुख वजह बनते हैं। पायलटों की योग्यता, थकान प्रबंधन और मौसम की स्थिति की उपेक्षा जैसे पहलुओं की नियमित निगरानी जरूरी है। हवाई हादसों की रिपोर्ट सार्वजनिक करना तथा दोषियों पर कार्रवाई भी हवाई यात्रा के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**– विभूति बुपक्या**, खाचरौद

### बेलगाम पर्यटन

**पर्यटन** अनंतकाल से आर्थिक श्रोत का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। पर्यटन कई यूरोपीय देशों के लिए भी आय का एक महत्वपूर्ण श्रोत रहा है। लेकिन यूरोप के कुछ देश पिछले कुछ वर्षों से खुलकर आप्रवासियों का विरोध कर रहे थे। अब उन पर्यटकों का भी विरोध शुरू हो गया है जो वहां थोड़े समय के लिए जाते हैं। स्पेन, इटली और पुर्तगाल जैसे देशों में अत्यधिक पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों के बारे में चिंताओं के कारण पर्यटन-विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां के निवासी बढ़ती आवास लागत, स्थानीय संसाधनों पर दबाव और पर्यटकों की आमद से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इसी रविवार को पर्यटन-विरोधियों के अनुसार, लिस्बन के साथ वेनिस, जेनोवा, पलेर्मो, मिलान और नेपल्स में भी विरोध प्रदर्शन देखे गए। अति-पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों के बारे में चिंताओं से प्रेरित पर्यटन-विरोधी प्रदर्शनों का वैश्विक आंदोलन बढ़ रहा है। हालांकि, वैश्विक पर्यटन प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग 33 करोड़ नौकरियों का सृजन करने में सफल रहा है, पर इसके नकारात्मक प्रभावों के कारण स्थानीय निवासियों को भारी कष्टों का सामना भी करना पड़ रहा है। इससे प्राकृतिक संसाधन भी नष्ट होते हैं।

**– जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### दिल्ली में प्रदूषण

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने लैंडस्केप से संबंधित पुस्तक का विमोचन करते हुए दिल्ली में प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दीवारों को गंदा करने वालों के खिलाफ एक अध्यादेश लाया जाएगा जिसमें कड़े दंड के प्रावधान होंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दिल्ली की दीवारों को पोस्टर बैनर और स्लोगन से बदरंग न किया जाए। प्रदूषित यमुना, प्रदूषण, फुटपाथ पर कब्जों और गंदे नालों से निजात दिलाकर दिल्ली को स्वच्छ, शानदार तथा प्रदूषण एवं अतिक्रमण मुक्त दिल्ली बनाने का संकल्प रेखा गुप्ता सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध है कि वे दिल्ली की मलिन, पुनर्वास एवम नई शहरी बस्तियों के समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष अभियान चलाएं। उम्मीद है कि वर्तमान दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगमों से सार्थक संवाद एवं समन्वय व सहयोग से देश की राजधानी को एक शानदार आकार देने में कामयाब हो सकेंगे। इसके लिए जरूरी है कि योजनायें बनाने और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो।

**– वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक दीपेश साहू ने महाराज गुहा निषादराज चौक का किया लोकार्पण

## निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन मे विधायक कुंवर सिंह निषाद के उदबोधनों ने भरा जोश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा में जिला निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन एवं महाराज गुहा निषादराज चौक के लोकार्पण का आयोजन ऐतिहासिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गुंडरदेही कुंवर सिँह निषाद ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात निषाद समाज के युवाओं के द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस से बाइक रैली निकालकर अतिथियों का रथ मे बिठाकर स्वागत करते हुए वार्ड नंबर 5 मोहभाट्टा गार्डन पास नवनिर्मित महाराज गुहा निषादराज तक हुआ। तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर महाराज गुहा निषाद राज चौक का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात गुहा निषाद राज के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पहार चढ़ाकर नमन किया। इस दौरान पूरा कार्यक्रम भगवान राम के अनन्य भक्त महाराज गुहा निषाद राज के जयकारे के साथ गूंज उठा। लोकार्पण पश्चात् नगर के टाउन हॉल मे आयोजित निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन मे विधायक दीपेश साहू विधायक कुंवर सिँह निषाद सहित समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम मे शिरकत किये। कार्यक्रम की शुरुवात महाराज गुहा निषाद राज के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरुवात हुए। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का सौँखी जाली एवं महाराज गुहा निषाद राज की की छाया चित्र भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए नन्ही नन्ही बालिकाओं ने मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बंदव बारंबार गीत पर सजीव प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमने विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं में निषाद समाज के प्रतिनिधियों को नामित किया है। ये समाज के सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम हैं। निषाद समाज केवल पारंपरिक मछली पालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा, व्यापार, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विधायक साहू ने इस अवसर पर निषाद समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश निषाद समाज के अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा महाराज गुहा निषाद केवल निषाद समाज के नहीं, बल्कि पूरे भारत के आत्मसम्मान और समर्पण के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम के साथ उनकी मित्रता ने यह सिखाया कि जाति, वर्ग, संप्रदाय से ऊपर मानवता और भक्ति होती है। उन्होंने समाज को संगठित होने, शिक्षा पर ध्यान देने और युवाओं को नेतृत्व के लिए आगे लाने का आह्वान किया। यदि हम एकजुट रहें, तो निषाद समाज को कोई पीछे नहीं कर सकता। राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी लगातार बढ़ रही है, इसे और सशक्त करने की आवश्यकता है। कुंवर सिंह निषाद ने विधायक दीपेश साहू को समाज के प्रति उनके विशेष सहयोग, सम्मान एवं आर्थिक योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि निषाद समाज उनके इस समर्पण को सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अतिथि दिलीप निषाद जिला अध्यक्ष, निषाद समाज, नेहरू निषाद अध्यक्ष, छ.ग. पिछड़ा वर्ग आयोग, भरत मटियारा अध्यक्ष, मछुवारा कल्याण बोर्ड, विजय सिन्हा अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बेमेतरा, मनोहर निषाद प्रदेश महासचिव, अशोक निषाद प्रदेश संगठन सचिव, प्रदीप कैवर्त्य उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय मछुवारा समन्वय समिति बोधीराम निषाद पूर्व प्रदेश महासचिव ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद पंचू साहू, चांदनी रोशन दत्ता, आकिब मलकानी, राजू साहू, रवि मुलवानी, विकाश तम्बोली, लक्की साहू, बिमलेश निषाद, सहित निषाद समाज के पदाधिकारी गण समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रेवा राम निषाद द्वारा किया गय।

# विश्व योग दिवस पर 17 से 21 जून तक बेमेतरा जिले में होगा पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



योग भारतीय संस्कृति में स्वस्थ जीवन शैली का मूल आधार रहा है। केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा योग को जनसामान्य तक पहुँचाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, बेमेतरा द्वारा 17 जून से 21 जून तक पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा ने जानकारी दी कि ये शिविर जिले के 20 आयुर्वेद आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय बेमेतरा में दो विशेष स्थानों पर भी शिविर आयोजित होंगे। प्रातः 7:00 बजे से पी.जी. कॉलेज मैदान में (आयुष योगा एंड वेलनेस सेंटर के तत्वावधान में), प्रातः 6:00 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर में (एनसीडी क्लीनिक, जिला चिकित्सालय के अंतर्गत), इन शिविरों का उददेश्य आमजन को नियमित योगाभ्यास हेतु प्रशिक्षित करना है ताकि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपना सकें। यह पहल मधुमेह, रक्तचाप, वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग जैसे जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम में सहायक सिद्ध हो सकती है। शासन द्वारा सभी प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान में बेमेतरा जिले में 20 आयुर्वेद आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एक आयुष योगा एंड वेलनेस सेंटर तथा एक एनसीडी क्लीनिक में नियमित योग प्रशिक्षण की व्यवस्था है। कलेक्टर बेमेतरा के मार्गदर्शन में सभी शिविरों हेतु प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो प्रतिदिन प्रातः दो घंटे योग की कक्षाएँ संचालित कर रहे हैं और नागरिकों को स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

# रेत व मुरुम खनन तथा बिजली कटौती का विरोध, प्रशासन को ज्ञापन सौंप उग्र आंदोलन की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



युवा कांग्रेस ने अवैध रेत व मुरुम उत्तखनन सहित अघोषित बिजली कटौती के विरोध प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। युकांइयों ने क्षेत्र में अवैध उत्खनन, अवैध शराब बिक्री, अघोषित बिजली कटौती एवं सोसायटियों में खाद की कमी का हवाला देते हुए ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के भीतर समाधान नही होने होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। युकां ने एसडीएम के नाम तहसीलदार पीएल नाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश सेन, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, रितेश राजपूत, पुष्पेंद्र नेताम, राजा शर्मा, यादराम पटेल, मनोज निषाद, अजय श्रीवास, छोटू राजपूत, जसवंत ठाकुर, दुर्गेश पटेल, खिलेश्वर, दुर्गेश देवांगन, हेमचंद पटेल, अजय व मनीष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जिला जेल का किया गया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय के रिट पीटिशन (सी) क्र. 1404/2023, सुकन्या संस्था विरूद्ध यूनियम ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय 03.10.2024 के निर्णय की कंडिका 231 (आईआईआई) के निर्देशानुसार नालसा के द्वारा प्राप्त एसओपी के तहत बृजेन्द्र कुमार शास्त्री अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की अध्यक्षता में एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कलेक्टर बेमेतरा, पुलिस अधीक्षक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, जेल अधीक्षक, जेल विजिटर्स एवं अन्य सदस्यों की उपस्थित में गठित जिला यूनिट द्वारा जिला जेल बेमेतरा का निरीक्षण तथा जॉच किया गया। जिला जेल में जाति आधारित भेदभाव या इसी तरह की भेदभावपूर्ण प्रथाएं अभी भी जेलों के अंदर हो रही है या नहीं, साथ ही जिला जेल के समस्त बैरकों में जाकर उपस्थित बंदियों एवं जिला जेल के अधिकारियों, कर्मचारियों से उक्त संबंध में चर्चा किये जाने पर जाति आधारित भेदभाव या इसी तरह की भेदभावपूर्ण प्रथाओं के संबंध में निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अस्पताल की व्यवस्था, जेल अभिलेख एवं अधोसंरचना का भी निरीक्षण तथा जाँच किया गया। जिला जेल अधीक्षक दिनेश ध्रुव, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ, मोतीलाल वर्मा, असिस्टेंट अमन दुबे, गीता दास, अधिकार मित्र (पी.एल.व्ही.) की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं की ली जानकारी

## नन्हे दिव्यांग बालक ओजेश को मिला व्हीलचेयर, आवेदकों के समस्याओं के निराकरण हेतु दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। एक सच्चे अभिभावक की भाँति जिला प्रशासन के मुखिया की स्नेहिल एवं आत्मीय व्यवहार से जनदर्शन में पहुँचे आम नागरिक बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद ब्लॉक के ग्राम चिल्हाटीकला के दिव्यांग बालक ओजेश साहू के पिता से बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उनके पिता ने बताया कि उनका 10 वर्षीय पुत्र ओजेश दोनों पैर से दिव्यांग है, उसे चलने फिरने में समस्या होती है अतः उसे व्हीलचेयर प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने तत्काल समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तलब कर ओजेश साहू को व्हीलचेयर प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन के दौरान नन्हे दिव्यांग ओजेश को व्हीचेयर प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### झलमला के ग्रामीणों ने हाईस्कुल भवन मरम्मत कराने की मांग की

जनदर्शन में ग्राम खैरा की डोमिन निषाद ने उज्वला गैस कनेक्शन दिलाने, ग्राम मटिया की टेमिन बाई ने आबादी भूमि दिलाने, ग्राम नर्राटोला के तुलसीराम ने बिजली बिल में सुधार कराने, ग्राम झलमला के ग्रामीणों ने हाईस्कुल भवन मरम्मत कराने, ग्राम पीपरछेड़ी के शाला प्रबंधन समिति ने स्कूल में रिक्त पदों की पूर्ति कराने, ग्राम जाटादाह के टिकेश कुमार ने जाति प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम पैरी की पार्वती बाई ने आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम भूसरेंगा के सरपंच ने हाईमास्क लाईट लगाने, पाररास के कुलदीप साहू ने गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने, ग्राम किसना के ग्रामीणों ने विद्युत पोल विस्तार कराने की मांग की।

# कलेक्टर ने किया हेलमेट संगवारी का सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के हेलमेट संगवारी धर्मेंद्र साहू एवं उनकी टीम को कलेक्टर राजनांदगाँव सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे द्वारा सम्मानित किया गया है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव में आयोजित सम्मान समारोह दरम्यान हेलमेट सँगवारी परिवार को कलेक्टर राजनांदगांव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगो को रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेलमेट सँगवारी धर्मेंद्र साहू एवं परिजनों ने रक्तदान किया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर द्वारा साहू परिवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर जिलेभर के रक्तवीर उपस्थित थे।

# जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 40 आवेदन प्राप्त हुए



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 40 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम तेन्दुआ निवासी अंगद ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण जियोटेक कर किश्त भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम भिलौरी निवासी सरपंच व समस्त ग्रामवासी ने शास गौठाल से बरदिहा गुरू मंदिर तक मुरमी करण, डामरी करण कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम मजगांव निवासी मोहन सिन्हा ने स्थगन के बावजूद अवैध निर्माण कार्य जारी होने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील थान खम्हरिया ग्राम टेढी निवासी सुरेन्द्र वर्मा ने कृषि भूमि विक्रय करने हेतु बिक्री नकल जारी करने के लिए हल्का पटवारी को आदेशित देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम सोमई खुर्द निवासी शांती बाई ने अपने निजी जमीन को कोटवार के द्वारा मनमानी कर जेसीबी खुदाई कर अतिक्रमण के संबंध में आवेदन दिया।

# जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्नः गुलाल, तिलक और मिठाई से हुआ नन्हें विद्यार्थियों का स्वागत

## बेमेतरा में शाला प्रवेश उत्सवः शिक्षा, संस्कार और संकल्प का संगम, शाला प्रवेश उत्सव में छाया सांस्कृतिक रंग, खाद्य मंत्री ने दी 10 लाख की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करने के उद्देश्य से ग्राम मोहरेंगा, विकासखंड बेमेतरा (विधानसभा नवागढ़) स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल थे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा हेमा दिवाकर, जनपद सदस्य अजय साहू, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पंच-सरपंच, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंत्री बघेल ने शाला में नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक गुलाल तिलक एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया एवं सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 10 बालिकाओं को सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रेरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं लोकनृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इन प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मंत्री बघेल ने प्रतिभागी छात्राओं को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर की चारदीवारी निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा भी की। खाद्य मंत्री बघेल और अतिथियों ने परिसर में वृक्षारोपण किया। मंत्री बघेल ने कहा शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। 'हर बच्चा स्कूल जाए' का यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की नींव है। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करने के लिए ऐसे आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान है। मंत्री बघेल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक है। विद्यालय प्रारंभिक जीवन की दिशा तय करता है, अतः सभी पालक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि बच्चा स्कूल से आए तो उससे स्कूल में क्या पढ़ाया जानकारी भी लें। उसका ध्यान रखें। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न होती है और पालकों में जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने का सशक्त उपकरण है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें प्रेरणा देने का भी कार्य करें। विधायक ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है और उसकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम को प्रह्लाद रजक और अजय साहू ने भी संबोधित किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव एक सामूहिक प्रयास है, जिससे हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े बच्चे तक शिक्षा का उजाला पहुँचा सकते हैं। जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस साल बीते साल की अपेक्षा हाई/ हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ और आगे भी अच्छे परीक्षा परिणाम की उम्मीद जतायी।

# कलेक्टर-एसपी ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने के लिए दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टास्क फोर्स समिति की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग समन्वित रूप से कार्रवाई करें और खनन क्षेत्रों में सक्रिय अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ीं कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग और पर्यावरण विभाग मिलकर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन और भण्डारण की जांच करें और कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को भारक्षमता से अधिक परिवहन, बिना तरपोलिन ढंके खनिज परिवहन एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों मे आवागमन पर निगरानी रखने एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण एजेंसियों को रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र के बिना भुगतान न किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन कार्यों में संलिप्त वाहनों के चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। उन्होंने नदी मे अवैध रूप से डंप की गई रेत को जेसीबी मशीन की सहायता से पूर्व स्थिति मे संबंधितों से ही कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सूचना तंत्र को सशक्त करने पर बल देते हुए कोटवार, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी सहित संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभागों को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा रात के समय अवैध खनिज परिवहन पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग से समन्वय कर संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर डीएफओ हिमांशु डोंगरे, सर्व एसडीएम, खनिज विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**अब तक 227 प्रकरण किया गया दर्ज-** बैठक मे खनि अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि जिला उडनदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16 जून तक खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 227 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें राशि 63 लाख 88 हजार 852 रूपये वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है। साथ ही इस अवधि की 27 प्रकरणों में कार्यवाही प्रचलन में है।

# रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद

## बुजुर्ग बच्चे एवं महिलाएं रही रात भर परेशान

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को लेकर नगर की जनता आए दिन परेशान रह रही है कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी खराबी के नाम पर घंटो बिजली आपूर्ति बंद कर दी जा रही है और यदि नगर की जनता चाहे की किस वजह से विद्युत आपूर्ति बंद है इसके लिए विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को फोन लगाने पर या तो उनका फोन काट दिया जाता है या फिर फोन ही नहीं रिसीव किया जाता, जबकि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिओ कंपनी का सिम कार्ड उपलब्ध कराया गया है ताकि समय पर विद्युत उपभोक्ताओं को संतुष्ट किया जा सके। जनता इस बात की चर्चा कर रही है कि यदि वह अपने पर्सनल नंबर में फोन रिसीव ना करें तो कोई बात नहीं? लेकिन उपभोक्ता की परेशानियों का समाधान के लिए जो नंबर कंपनी के द्वारा जारी किया गया है उसमें तो बात कर उनको संतुष्ट कर ही सकते हैं लेकिन आम उपभोक्ता को संतुष्ट करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। गौर तलब है कि 14 जून 2025 को जिले के कार्यपालन अभियंता सुधार एवं संचार विभाग प्रकाश अग्रवाल के द्वारा रामानुजगंज के टाउन-2 में मेंटेनेंस कार्य हेतु सुबह 8:00 बजे से 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद कर मेंटेनेंस कराया गया था। और इस भीषण गर्मी में लोग तरही ही तरह ही कर रहे थे और 2 दिन बाद ही सारी मेंटेनेंस की पोल खुल गई। 16 जून 20 25 की रात्रि 10:00 बजे के लगभग विद्युत आपूर्ति एकाएक बंद हो गया आधे घंटे बाद जब उपभोक्ताओं ने वजह जानने की कोशिश की तो पता चला की चांदनी चौक में ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण 40 मिनट विद्युत आकृति बंद रही इसके बाद विद्युत आपूर्ति जैसे ही बहाल हुई आधे घंटे 1 घंटे में ट्रिपिंग का सिलसिला जारी रहा। उपभोक्ताओं ने बताया कि लगभग 2 से 2:30 बजे के बीच जो बिजली आपूर्ति बंद हुई वह सीधा-सुबह 7:30 बजे के लगभग आपूर्ति बहाल हो पाई इससे पहले विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर में एक मैसेज डाला गया कि 11 केबी टाउन-2 फीडर से 17.06.25 को ब्रेकडाउन के कारण 04:00 से 07:00 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अब आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि विद्युत आपूर्ति बहाल रखने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार लापरवाही। बरती जा रही है दो दिन पहले मेंटेनेंस के नाम पर 7 घंटे बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी वह इसलिए कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके लेकिन घटिया मेंटेनेंस का पोल एक दिन के बाद ही खुल गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की छवि धूमिल करने वाले एवं

# चोरभट्ठी में अवैध ईट निर्माण, खनिज विभाग मौन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में अवैध ईट निर्माण का कार्य भारी संख्या में चल रहा है। भारी संख्या में ईट भट्ठे का सचालन किया जा रहा है। क्या चोरभट्ठी गांव के अधिकांश लोग अवैध ईट बनाकर बिक्री करने में लगे हुए हैं लेकिन खनिज विभाग इतने भारी अवैध ईट निर्माण पर रोक क्यों नहीं लगा का रहा है। यह सोचे वाली बात है सोन नदी के किनारे बसे चोरभट्ठी के लोग अवैध ईट निर्माण का कार्य धडले से कर रहे हैं लेकिन खनिज विभाग ने आज तक ग्राम पंचायत चोरभट्ठी जनपद पंचायत जयजयपुर जिला शक्ति में इतने भारी संख्या में ईट का निर्माण होने के बावजूद भी खनिज विभाग आखिर में मौन धारण किया हुआ है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिज विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायत चोरभट्ठी पर मेहरबान लग रहा है। जिनके वजह से अधिकारी मौन धारण किया हुआ है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिज विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्राम चोरभट्ठी के ईट भटठे वालों से मिली भगत होने का स्पष्ट प्रमाण नजर आने की वजह से ईट भट्ठों पर छापेमारी का कार्यवाही नहीं किया जा रहा है नहीं तो यहां पर करोड की संख्या में ईट का निर्माण किया जा रहा है वह आज तक बन्द हो जाता। ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के लोग इसे अपना व्यवसाय मानकर ईट भट्ठे का निर्माण खुले आम शासन को चुनौती देते हुए कर रहे हैं लेकिन खनिज विभाग इनका आज तक कुछ बिगाड़ नहीं सका यह समाचार लगने के बाद अब यह देखना है कि खनिज विभाग इस समाचार से क्या संज्ञान लेते हैं ।ईट भट्ठे वाले के खिलाफ कायवाही करते हैं या फिर अपना पाकेट गरम करते हैं।

# अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष चुनी गई सीमा अग्रवाल, सीमा ने किया अपनी कार्यकारिणी का गठन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय रूप से काम करने वाली वरिष्ठ समाज सेविका सीमा अग्रवाल को अग्रवाल महिला सभा का अध्यक्ष चुना गया है, सीमा अग्रवाल के अध्यक्ष चुने जाने पर जहां महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में शहर में अग्रवाल सभा को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल होने की बात कही है, तो वही सीमा अग्रवाल ने भी अपने इस मनोयन पर कहा है कि आज अग्रवाल सभा द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करूंगी तथा शहर में अग्रवाल समाज के प्रत्येक परिवारों से महिला सदस्यों को इस संगठन से जोड़कर भगवान अग्रसेन जी एवं माता माधवी के बताएं मार्गो पर चलते हुए हम सब सेवा के काम करेंगे तथा वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अग्रवाल सभा के कार्यो को सर्वव्यापी बनाएंगे, ज्ञात हो की सीमा अग्रवाल वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के तथा प्रदेश स्तर के विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रियता के साथ काम कर रही है,तथा वे शहर में भी समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा, रचनात्मक कार्यों में सक्रिय योगदान देती हैं, सीमा अग्रवाल छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा, सहित अनेको संगठनों में काम कर चुकी है।

# आरक्षक को किया गया निलंबित एवं दिये विभागीय जांच के आदेश

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा लगातार थाना व चैकियों का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान नशा न करने की नसीहत दिया जा रहा था किसी प्रकार की कोई ड्यूटी में लापरवाही व अनुशासनहीनता नही करने की हिदायत दी गई थी। लोरमी क्षेत्रान्तर्गत तहसील शराब भट्ठी के आसपास थाना लोरमी में पदस्थ आरक्षक रोशन पहाड़ी के द्वारा तहसील भट्ठी के आसपास मे ड्यूटी के दौरान नशे मे बेशुध होकर कर्तव्य में लापरवाही करते हूये अनुशासनहीनता करते पाये जाने एवं आम जनता मे पुलिस की छबि धुमिल करते पाये जाने तथा वायरल विडियो को संज्ञान में लेते हूये मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा उक्त पुलिसकर्मी को निलंबित (सस्पेंड) किया जाकर विभागीय जांच का आदेश दिया गया।. मुंगेली पुलिस अधीक्षक के द्वारा ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता एवं लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मी बर्दाश्त नही किये जायेंगे एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों/ अधिकारियों को उत्साहवर्धन हेतू ईनाम भी दिया जायेगा।

# शिक्षा विभाग की मेहरबानी अब बन गई परेशानी,मजाक बना गया है शिक्षा विभाग

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग में ऐसा कारनामा सामने आया है जिसे आप लोग भी सुनकर आश्चरित होंगे जो है शक्ति जिले के जहां पर एक ही शिक्षक दो जगह पर अपना ड्यूटी निभाते हुए बताया जा रहा है । इस तरह से देखा जाए तो एक ही इंसान दो जगह में किस तरह से डिप्टी करता होगा? आप सुनकर ही हैरान हो जाएंगे यह कारनामा सुनील कुमार जगत सहायक शिक्षक एल बी जो आज अ ज जा आश्रम आमापाली विकासखंड शक्ति में अधीक्षक के पद है। वहीं पर विजय सिह जगत सहायक शिक्षक अ ज जा बालक आश्रम शाला गुचकुलिया विकासखंड जैजेपुर में अधिक्षक और जो शासकीय प्राथमिक शाला बालक आश्रम कुटराबोड़ में प्रधान पाठक एक इंसान अपना कर्तव्य निर्वहन किस तरह से कर रहा है आप सोच सकते हैं। इस प्रकार से संतोषी चौहान सहायक शिक्षक एल बी जो कन्या छात्रावास डभरा में अधीक्षक के पद पर है वहीं पर जो आदिम जाति बालक आश्रम कवलाझर में प्रधान पाठख के पद आशिन है । इस तरह से देखा जाए तो हमारे शक्ति जिले में ऐसे भी अनेक विद्यालय या आश्रम आ रहे हैं जहां पर एक ही शिक्षक दो जगह पर किस तरह से डिप्टी निभा रहा है। इस तरह के इंसान को क्या दोनों जगह का वेतन ले रहा है या एक ही जगह का वेतन दिया जा रहा है क्योंकि दो विकास खण्ड में एक साथ अपना कर्तव्य को निर्वहन किस तरह से कोई भी इंसान करता होगा यह बड़ी विडंबना की बात है । शिक्षा विभाग इन शिक्षकों के ऊपर खोजबीन करते हुए उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और उन्हें एक ही जगह में नियुक्ति करना उचित होगा। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग इस तरह के कारनामे पर ध्यान देते हुए जो ऐसे अधिकारी एक इंसान को दो जगह अपना कर्तव्य करने के लिए रखा है उनके ऊपर भी कार्यवाही करना उचित होगा ताकि कोई भी इंसान एक ही जगह में रहकर एक ही स्थान का कार्य संभाल सकता है ।तो दो स्थान का कार्य एक हि जगह रह कर कैसे करेगा। इनकी शिकायत संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को शिकायत प्रेषित किया गया है।

# पुलिसिया कार्य प्रणाली में अब दशकों से चली आ रही उर्दू-फारसी शब्दावली की होगी विदाई

## शुद्ध हिंदी भाषा में अब जाना जायेगा 109 शब्दों को

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



आम जनता एवं पीड़ित की समझ के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्य प्रणाली से उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह अब उपयोग होगी सरल हिंदी- गृहमंत्री विजय शर्मा, पुलिस कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भाषाओं के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए। उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं,इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे, छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल चंद्रपुर में संपन्न हुआ दो दिवसीय सीबीएसई बोर्ड का सेमिनार



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली भारत सरकार का आकलन और मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत करना इस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक कल्पना सिंह प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा एवं गोविंद चंद्र दास प्राचार्य अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल बलौदा बाजार के रहे। दो दिवसीय इस कार्यशाला के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र पर विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं आगन्तुक अतिथि मुख्य प्रशिक्षक के कर कमलों से माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर, चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी एवं जी एल डी पब्लिक स्कूल खैरताल जिला जांजगीर चांपा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा के कुल 50 शिक्षकगण कार्यशाला में प्रशिक्षित हुए। दो दिवसीय इस कार्यशाला में आकलन और मूल्यांकन की प्रक्रिया को अच्छे व बेहतर ढंग से करने हेतु विभिन्न क्रियाकलापों एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा समझाया गया। आकलन और मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत करने से विद्यार्थियों की प्रगति का बेहतर मूल्यांकन किया जा सकता है उनके सीखने के अंतराल को पहचाना जा सकता है और शिक्षण में सुधार किया जा सकता है यह छात्रों शिक्षको और स्कूल के प्रशासन के लिए उपयोगी है प्रभावी आकलन और मूल्यांकन छात्रों को सीखने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करते हैं। दो दिवसीय कार्यशाला के दुसरे दिवस के समापन सत्र में विद्यालय के संचालक मनोज अग्रवाल किशोर अग्रवाल एवं वशिता अग्रवाल व प्राचार्य डॉ रामकृष्ण पंडा जी भी उपस्थित रहे।

समापन सत्र पर मुख्य प्रशिक्षकों के सम्मान स्वरुप उपहार प्रदान किया गया। एवं अंत में विद्यालय के उपप्राचार्य सुरेश यादव जी इस दो दिवसीय कार्यशाला के सफल समापन हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।


## मंदिर को नुकसान, मूर्ति रही सुरक्षित

# 22 चकिया टाइल्स लदी गाड़ी पलटी, बाल-बाल बचे चालक व खलासी









पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

मनेंद्रगढ़ में एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। करीब रात 12:30 बजे सिद्ध बाबा मंदिर और हनुमान मंदिर परिसर के पास राजस्थान नंबर की 22-चकिया भारी मालवाहक गाड़ी, जिसमें भारी मात्रा में टाइल्स लदी हुई थीं, अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।

**चमत्कारिक बचाव-**स्थानीय नागरिकों के अनुसार, दुर्घटना का दृश्य काफी भयावह था। लेकिन चमत्कारिक रूप से चालक और खलासी दोनों ही सुरक्षित बच गए। उन्हें मामूली खरोंचें आईं और पुलिस द्वारा प्राथमिक पूछताछ हेतु थाने ले जाया गया है।

**मंदिर को नुकसान, लेकिन मूर्ति अछूती-** इस हादसे में सिद्ध बाबा मंदिर का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, और हनुमान मंदिर परिसर को भी हल्का नुकसान पहुंचा। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि मंदिर में स्थापित माता गौरी की मूर्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। साथ ही, वहां रखे खरगोश के पिंजरे और मूर्ति भी पूरी तरह सुरक्षित रहे, जिसे स्थानीय लोग ईश्वरीय चमत्कार मान रहे हैं।

**प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया-**घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को घेराबंदी कर सुरक्षित कराया गया। इसके बाद क्रेन के जरिए पलटी हुई गाड़ी को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

**स्थानीय जनता में रोष और राहत दोनों-** घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में भय और अफवाह का माहौल फैल गया। लोग मंदिर को हुए नुकसान से आक्रोशित भी दिखे, लेकिन साथ ही किसी की जान न जाने से उन्होंने राहत की सांस ली।

**जांच जारी-**मनेंद्रगढ़ पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा नियंत्रण खोने की बात सामने आई है, हालांकि ब्रेक फेल या मोड़ पर तेज गति जैसे संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग, नवा रायपुर (छ.ग.)**
Email :- eepwd-brnavaraipur@cg.gov.in Add.- नवा रायपुर सेक्टर-18, बी-2/18

**// संशोधित प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

इस कार्यालय के द्वारा जारी **NIT-01** दिनांक 30/05/2025 द्वारा निविदा क्रमांक **T0003, T0004** एवं **T0005** तीन कार्यों की निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें आंशिक संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| | | पूर्व में | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | :- | 19/06/2025 | 20/06/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :- | 24/06/2025 | 27/06/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- | 25/06/2025 | 30/06/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक |

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि (भ/स) संभाग
नवा रायपुर (छ.ग.)

G-252601618/2

# खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन सख्त, राजस्व, पुलिस, वन खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी कड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर सोनी ने जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी एवं कार्यवाही हेतु राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक जिले के रेत खदानों से रेत निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। केवल भंडारित क्षेत्र से रेत का परिवहन रायल्टी पर्ची के साथ कर सकते हैं। सभी सम्बधित विभाग आपसी समन्वय कर ठोस कार्रवाई करें। इसीतरह गौण खनिजो के खदान का निरीक्षण एवं अवैध उत्खनन व परिवहन पाए जाने पर पट्टेधारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में गौण खनिज साधारण रेत के नये खदानों को चिन्हित करने नीलामी करने, उत्खनिपटटा स्वीकृति, गौण चुना पत्थर का ऑक्शन के माध्यम से आबंटन, रेत के भण्डारण अनुज्ञा पत्रों का निरीक्षण, माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के तहत चिन्हित ट्रिगर का सत्यापन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया की वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौण खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 649 प्रकरणों में से 647 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के 450 मामलों में 14448370 रुपये समझौता राशि जमा कराया गया है। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सभी एसडीएम, उप संचालक खनिज प्रशासन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन का किया गया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बारिश के मौसम में डायरिया जैसे रोग की रोकथाम हेतु जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन 16 जून से शुरू कर दिया गया है जो 31 जुलाई तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान मरीज के परिजनों एवं बच्चों को दस्त प्रबंधन व हैंड वॉशिंग की विधि के बारे में जानकारी देने के साथ ही ओआरएस पाउडर एवं जिंक गोली का वितरण भी किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य हेतु निर्देशित किया है। साथ ही किसी क्षेत्र में डायरिया की स्थिति पर तत्काल सूचना और रोकथाम हेतु सभी को सावधान रहने को कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया मृत्यु का मुख्य कारण है। डायरिया पाचन से संबंधित एक संक्रामक रोग है जिसमें व्यक्ति को दस्त आना शुरू हो जाते हैं। यह दूषित पानी और भोजन के सेवन से होता है। डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आते हैं जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है। कुपोषित, शिशुओं, छोटे बच्चों, और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस तरह के खतरनाक संक्रमण का शिकार होने का खतरा अधिक होता है। डायरिया के कुछ लक्षण हैं -पतला दस्त,पेट में ऐंठन या मतली और उल्टी, बुखार, निर्जलीकरण, भूख में कमी। समय पर उपचार न लेने से जान भी जा सकती है। डायरिया से बचाव हेतु साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए दूषित जल और खान-पान से बचना चाहिए। भोजन ताजा और आवश्यकता होने पर जल उबाल कर पीना सही रहता है। घर मुहल्ले में किसी को डायरिया के लक्षण होने पर तत्काल मितानिन तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें।

# साधु से सेवक प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पक्ष का आध्यात्मिक पन्ना : प्रज्ञा निर्वाणी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं महिला अधिकारों के सामाजिक राजनैतिक जागरूकता के लिए काम कर रहीं समाजसेविका प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा एक मोदी और लिखी गई पुस्तक साधु से सेवक भेंट की उन्होंने विवेकानंद विमान तल पर यह भेंट की। इस सौजन्य भेंट के अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के सह प्रभारी अजय जामवाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सिंह, संगठन मंत्री पवन साय, भाजपा नेता एवं मंत्री केदार कश्यप तथा अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सनातन संस्कृति, राष्ट्र धर्म और सामाजिक चेतना को समर्पित जीवन के पक्ष को पाठको के बीच उजागर करता है, छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठनात्मक प्रभारी शिव प्रकाश ने इस भेंट को हर्षपूर्वक स्वीकार करते हुए संगठनात्मक समर्पण और सनातन मूल्यों के संरक्षण हेतु प्रज्ञा निर्वाणी को शुभकामनाएँ दी। संगठन के सह प्रभारी अजय जामवाल ने प्रज्ञा निर्वाणी को महिला सशक्तिकरण, छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण एवं समाज सेवा के साझा संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में कर रहे करूँ की सराहना करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र में बंदेलीन की समस्या के समाधान के लिए शासन के स्तर पर शीघ्र निदान के लिए आश्वस्त किया।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर त्वरित अमल कर समय पर कार्य पूर्ण कराएं : कलेक्टर

## वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण में लापरवाही पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस, कलेक्टर ने की विभागीय कार्यो की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान किये गए घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने वर्षा जल संचयन के लिए नगरीय निकायों के सभी पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भवन निर्माण की अनुमति के दस्तावेज अनुसार भवन स्वामियों से वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर पालिका परिषद भाटापारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा भवन निर्माण अनुमति सम्बन्धी दस्तावेज की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर गरिमामय आयोजन के निर्देश दिये। योगाभ्यास स्थल पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा रोपण, बीज वितरण कराने वन व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। योग में युवाओं की सहभागिता हेतु स्कूल, कॉलेज आईटीआई, आयुष केंद्र, अमृत सरोवर शेड में योगाभ्यास कराने तथा एनएसएस एनसीसी के युवाओ को शामिल करने कहा। योग अभ्यास में शामिल अधिकारी कर्मचारियों का ऑनलाइन पंजीयन के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत राजस्व प्रकारणों की समीक्षा करते हुए 1 वर्ष से लंबित प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाने तथा बारिश से पहले सीमांकन व बटांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व न्यायलय के साथ ही मैदानी कार्यो को भी तत्परता से पूरा करने तहसीलदारों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आरबीसी 6-4, भू - अर्जन, किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता, सीपी ग्राम्स, पीजएन का लंबित आवेदन की समीक्षा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षकों का प्रधान पाठक के पद पर होगी पदोन्नति, जिला शिक्षाधिकारी ने दिया आश्वासन



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

नवीन शिक्षक संघ जिला दुर्ग का प्रतिनिधि मंडल विभिन्न मागो को लेकर जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाकात किया। जिसमे नवीन शिक्षक संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय पूर्व मे जनगणना समर कैम्प चुनाव कार्य प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों को करने वाले शिक्षकों के सेवा पुस्तिका मे अर्जित अवकाश उल्लेख करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने, प्रधान पाठक व शिक्षक के पदों पर पदोन्नति करने सहित अन्य मांगो पर चर्चा किया। जिस पर जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग ने प्रधान पाठक के पदों पर जल्दी पदोन्नति प्रक्रिया प्रारम्भ करने सहित सभी मांगो पर उचित निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार, अमितेश तिवारी, जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, दीपक साहू, राकेश धनकर, सुनील स्वर्णकार, लक्ष्मीकांत नागवंशी शामिल थे।

# भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश दिव्या मिश्रा से मुलाकात कर नगर के विकास के लिए की चर्चा



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तोरण लाल साहू नगरपालिका अध्यक्ष व रमेश मित्तल कार्यकारणी सदस्य भाजपा मंडल के नेतृत्व में भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष गीता मरकाम, कार्यकारणी सदस्य सुखवंतीन ठाकुर, वार्ड नं 10 बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा एवं पार्षद अरुणा रामटेके, मालती निषाद, मोनिका साहू, निर्मल पटेल, तरुण साहू, बिरेन्द्र साहू, पंकज साहू जिलाधीश दिव्या मिश्रा से मुलाकात कर नगर के विकास के लिए चर्चा कर खनिज न्यास निधि से निम्न कार्य कराने का मांग सौंपा गया। जिस पर कलेक्टर ने झरन प्रोजेक्ट को टी एल बैठक में शामिल करने हेतु संबंधित अधिकारी को तत्काल फोन कर शामिल करने हेतु निर्देश दिया गया। नगर के प्रत्येक वार्ड में सोलर पैनल फिल्टर कूलर लगाने के लिए संयुक्त संचालक विवेक देशमुख से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया, जिस पर उन्होंने इस वितीय वर्ष में 3 सोलर पैनल कूलर लगाने की सहमति प्रदान की। मांग पत्र में बताया गया कि लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा से प्रतिवर्ष कई करोड़ रूपये की राशि जिला प्रशासन को खनिज न्यास निधि के मद से प्राप्त होती है। इस राशि में 25 से 50 प्रतिशत दल्ली राजहरा व आसपास के पंचायतों में विकास कार्य करने से यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास की नई इबारत लिखेगा। दल्ली राजहरा का पुराना बाजार क्षेत्र है जो कि वार्ड क्र. 10 से 19 जो कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, इसी क्षेत्र में बी.एस.पी. प्रशासन की समस्त खदान की पहाड़ियों व प्लांट निर्मित है। लेकिन यहाँ भी मूलभूत सुविधा सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। निवेदन किया है कि दल्ली राजहरा के विकास के लिए जिला खनिज न्यास निधि से निम्न कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर यहाँ की जनता को सौगात प्रदान करें। प्रत्येक श्रमिक बाहुल्य वार्डों में सोलन पेनल फिल्टर पानी की व्यवस्था की जाए। दल्ली राजहरा शहर के मुख्य मार्ग व वार्डों के अंदर हाईमास्क लाईट लगाने के लिए राशि स्वीकृत करें। अनुमानित लागत 50-60 लाख रूपये। प्राकृतिक झरनों के कुण्ड के नवनिर्माण के लिए पी.एच.ई. विभाग के प्रजोजल को स्वीकृत कर राशि आंबंटित किया जाए। प्रत्येक वार्डों में सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत किया जाए।

# बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल फरार 01 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार में 10.06.2024 को घटित



तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना पर से थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कुल 14 अपराध दर्ज किया गया है। साथ ही घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी भी लगातार जारी है। उक्त घटना के संबंध प्राप्त वीडियो फुटेज, सीसीटीवी फुटेज, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त फोटो एवं वीडियो, गवाहों से पूछताछ के आधार पर बलौदाबाजार आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त घटना में फरार आरोपियों के छिपने के संभावित ठिकाने पर पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। इसके अलावा साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी फरार आरोपियों के संबंध में लगातार पताशाजी की जा रही है। इसी म में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़, आगजनी घटना में शामिल 01 आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी घटना दिनांक से फरार था तथा गिरफ्तारी के डर से लगातार अपना पता ठिकाना बदल रहा था। पुलिस टीम द्वारा भी उक्त आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगाह रखी जा रही थी। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर उक्त घटना में शामिल आरोपी नोबिल नवरंग को हिरासत में लिया गया है।

# निराश्रित जनों का चरण बंदगी कार्यक्रम के तहत पचास निराश्रित जनों का शाल साड़ी श्रीफल एवं नगद आर्थिक दान दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com





ग्राम साल्हे तहसील डौंडी में निराश्रित जनों का चरण बंदगी कार्यक्रम के तहत पचास निराश्रित जनों का शाल साड़ी श्रीफल एवं नगद आर्थिक दान दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया परीक्षण कर दवाई दिया गया। ज्ञात हो कि केडीवी मिशन के तहत समिति द्वारा दिव्यांगजनों का सर्वे कर, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाना, प्रमाण पत्र बनाए है अगर पेंशन नहीं मिल रहा है तो पेंशन फार्म भरकर संबंधित कार्यालय में जमा करना दिव्यांग जनों को उनके आवश्यकतानुसार उपकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में देना। इस कार्यक्रम में मानसिक दिव्यांग बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र केडीवी मिशन के तहत समिति द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया गया जिसे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के करकमलों द्वारा दिव्यांग बच्चे को प्रदान किया गया। केडीवी मिशन के तहत निराश्रित जनों के कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी जी,जिलापंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, जनपद सदस्य कुलदीप साहू ग्राम पंचायत साल्हे के सरपंच संगीता नेताम समाज सेवक विरेन्द्र तारम तथा समिति के पदाधिकारी गण दयादास मानिकपुरी अध्यक्ष, घनश्यामदास मानिकपुरी सचिव, कृष्णदास मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, दुर्गादास मानिकपुरी सहसचिव, गोविंददास मानिकपुरी, बलदेवदास मानिकपुरी राकेशदास मानिकपुरी मोनिका मानिकपुरी सेवती मानिकपुरी लता मानिकपुरी पुष्पा मानिकपुरी ग्राम के बजरंग मानसमंडली के सदस्य, महिला स्वासहायता समूह के सदस्य रामधुनी पार्टी के सदस्य, समस्त पंचायत के प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण जन समुदाय उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन में मोचन साहू, अमित निर्मलकर, डोमार साहू, भगवन्तीन निर्मलकर, तोरण निर्मलकर शेखर कचलाम मानसिंह साहू रुपलाल निर्मलकर एवं रुपलाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डौंडी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत डौंडी विकासखण्ड के ग्राम घोटिया में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम घोटिया सहित पेण्ड्री, पचेड़ा, पटेली, टेकाढोड़ा, सिंगनवाही, भर्रीटोला-36, धोतिमटोला और ठेमाबुजुर्ग के ग्रामीणों बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में पात्र परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से त्वरित रूप से लाभान्वित किया गया। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। इस शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलॉग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्जवला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय किए जाने संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ ही शिविर में सिकल सेल की जांच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया गया।

# शिक्षक सौंखी लाल पोर्ते को मिला डॉ. भीम राव अंबेडकर अवार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रांतीय समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य इकाई धमतरी के तत्वाधान में आयोजित पँद्रह जून को सदगुरू कबीर की 600 वीं जयँती के सुअवसर पर बिलाई माता मँदिर के पास गोंडवाना भवन धमतरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुँदर दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष दिल्ली, अतिथि डॉ.गोकुल बँजारे चँदन, व जैनम जैन साहित्यकार व पत्रकार बालोद, महासंरक्षक सुशीला देवी बाल्मीकि, प्रांतीय अध्यक्ष जी.आर. बंजारे ज्वाला मंचासीन रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, बेहतरीन कला कौशल, डेंटिंग, पेंटिंग रचनात्मक कार्यों तथा साँस्कतिक, साहित्यिक, खेलकूद, नशाबंदी, बालिका शिक्षा, महिला शसक्तिकरण, पर्यावरण, समाज सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका वि.खं. बेमेतरा के उत्कृष्ट शिक्षक सौंखी लाल पोर्ते को अतिथियों के करकमलों शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर डॉ.भीमराव अँबेडकर अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कलाकार नेशनल अवार्ड प्राप्त शिक्षक नरोत्तम लाल साहू, कलाकार व व्याख्याकार शिक्षक महेश्वर प्रसाद श्रीवास, लक्षवीर बाँधे, नँदकुमार यादव, गन्नू यादव, अनिता पोर्ते, सीता यादव, हेमा, भूमिका, चँदन हिमांशु उपस्थित रहे। मिडिल स्कुल मटका से सुनिता मानिकपुरी, ज्योति बनाफर, मँजू साहू, पुनित राम निर्मलकर ने शुभकामनायें दी। बधाई प्रेषित करने वालों में विकास खँड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार खरे, बी.आर.सी. राजेंद्र कुमार साहू, सँकुल समन्वयक सुरेश साहू, शिक्षक रोशन साहू, टेकराम साहू, रूपेश साहू आदि शामिल रहे।

# जिन्दल स्टील एंड पावर को कृषि प्रोत्साहन व बुजुर्ग कल्याण के लिए ग्रीनटेक अवार्ड

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com






जाने-माने उद्योगपति और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर को कृषि प्रोत्साहन और वरिष्ठ नागरिक कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्रीनटेक अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर हुए सामाजिक कार्यों के मूल्यांकन के बाद 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में कंपनी को उपरोक्त दोनों ही क्षेत्रों में सराहनीय योगदान के लिए ये दोनों सम्मान प्रदान किये गए, जो शालू जिन्दल के नेतृत्व वाले जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से समाज में व्यापक और सकारात्मक बदलाव लाने के जेएसपी के व्यापक दृष्टिकोण का परिचायक है। जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने इस अवसर पर कहा, इन दोनों ग्रीनटेक पुरस्कारों को पाकर हम गौरवान्वित हैं। यह सम्मान हमें पंक्ति के आखिरी व्यक्ति तक विकास की लौ पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। चाहे किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक उपलब्ध कराना हो या बुजुर्गों के लिए गौरव और सम्मान का वातावरण तैयार करना, हमारे सभी प्रयास सेवा भावना से प्रेरित हैं। यह पुरस्कार मैं अपनी टीम और उन जुझारू समुदायों को समर्पित करती हूं, जिनके साथ हम निरंतर काम कर रहे हैं। दोनों क्षेत्रों में मिले सम्मान के लिए उन्होंने निर्णायक मंडल का भी आभार व्यक्त किया। कृषि प्रोत्साहन के लिए मिला पुरस्कार इस बात की पहचान है कि जिन्दल फाउंडेशन ने गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा काम किया है। फाउंडेशन ने अब तक 25,000 से अधिक किसानों को जैविक खेती, पानी की बचत वाली सिंचाई, खेती के नए उपकरणों के प्रयोग और मिट्टी की अच्छी सेहत बनाए रखने की ट्रेनिंग दी है। इससे किसानों की फसल का उत्पादन बढ़ा, आमदनी बढ़ी और साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला। हाल ही में, अंगुल जिले में किसानों के लिए मोबाइल सॉइल टेस्टिंग लैब की शुरुआत श्रीमती शालू जिन्दल ने की, जो नवीन जिन्दल के दृष्टिकोण पर आधारित प्राकृतिक खेती के मिशन का अगला चरण है। जिन्दल फाउंडेशन की वाटरशेड विकास परियोजना और बाड़ी कार्यक्रम की तो अनेक राष्ट्रीय मंचों पर सराहना की गई है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण के लिए मिला ये पुरस्कार इस बात का सबूत है कि जिन्दल स्टील एंड पावर बुजुर्गों के मान-सम्मान और उनकी देखभाल को अपना दायित्व मानती है।

जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल हेल्थ क्लिनिक, डे-केयर सेंटर, घर-घर जाकर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक सेहत के लिए परामर्श जैसे कार्यक्रम विशेष रूप से गांवों में रहने वाले हजारों बुजुर्गों के लिए लाभकारी साबित हुए हैं। इन पहलों से बुजुर्गों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक जुड़ाव में सुधार हुआ है। फाउंडेशन जरूरतमंद बुजुर्गों के पोषण और देखभाल के लिए विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर रहा है और शीघ्र ही जिन्दल अपना घर के नाम से एक आधुनिक सुविधा-संपन्न वृद्धाश्रम की स्थापना करने जा रहा है, जहां वरिष्ठ नागरिक गरिमापूर्ण और स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

इन दो ग्रीनटेक पुरस्कारों के माध्यम से जेएसपी और जिन्दल फाउंडेशन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि इनोवेशन और समावेशन को साथ लेकर चलने वाली उनकी सोच, भारत में सामाजिक परिवर्तन की एक प्रेरक शक्ति है।

## शिक्षा से ही सशक्त समाज : हरदी में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुईं कल्पना योगेश तिवारी

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम हरदी के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव समारोह में गांव की शिक्षा संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिली। इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया और शिक्षा के प्रति गहरा संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन शाला प्रबंधन समिति एवं शाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जहाँ नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक तिलक, पुष्प और मिठाई से स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा केवल ज्ञान का साधन नहीं है, बल्कि आत्मबल, संस्कार और आत्मनिर्भरता की नींव है। गांव का हर बच्चा पढ़े और आगे बढ़े, यह हमारी परम्परा है।

गांव की बेटियां और बेटे जब किताबों के पन्ने पलटते हैं, तो एक समृद्ध भारत की नींव बनती है। उन्होंने शिक्षकों और पालकों से अनुरोध किया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की यह पहल तभी सफल होगी जब घर और विद्यालय दोनों मिलकर प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों की आँखों में नया जोश देखने को मिला, वहीं ग्रामवासी और शाला परिवार इस आयोजन से गदगद दिखे। शिक्षकों ने कहा कि कल्पना तिवारी का सरल और प्रेरणादायी संवाद हमेशा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह आयोजन में शामिल हुए अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति उभय पाल, सांसद प्रतिनिधि राजेश पाल, सपना सुनील देशलहरे सरपंच, प्रवीण परगनिहा, भुलु राम वर्मा, पुनीत राम जांगड़े, समस्त पंचगण और शाला में पढ़ रहे बच्चो के पालक, हरदी और लाटा ग्रामीण शामिक हुए।

# राजस्व मंत्री ने 28 लाख की लागत से बनने वाले सड़क का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट रोड से आगे पंचशील नगर तक लगभग 28 लाख की लागत से बनने वाले सड़क का भूमिपूजन किया। उन्होंने स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं नागरिकों कि उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। मंत्री वर्मा ने नगर पालिका के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के निर्देश दिये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय पार्षद एवं नागरिक उपस्थित थे।

# मार्कशीट पाने के लिये स्कूल के चक्कर लगाते नजर आये स्कूली छात्राएं

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



शाला प्रवेश उत्सव के 16 जून को सभी स्कूलों में मनाया गया, परंतु इस बार 5 व 8वीं के मार्कशीट के लेटलतीफी के कारण कई स्कूली छात्राएं अपने मार्कशीट अर्जित करने के लिये स्कूल के चक्कर लगाते नजर आये। वहीं इसी सम्बंध मे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल से जानकारी लिया गया तो बताया गया कि संकुल समन्वयक को मार्कशीट दिया जा चुका है जो कि बहुत जल्द छात्र छात्राओं को मिल जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनाएं कैलिफोर्निया बादाम, प्रोटीन का प्राकृतिक स्रोत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक,मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे में आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे ज़रूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है। रोजाना बादाम खाने से आपका योग अभ्यास और भी सशक्त बन सकता है। न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा, योग या कोई भी शारीरिक गतिविधि तब सबसे ज्यादा असर दिखाती है, जब उसके साथ सही खानपान जोड़ा जाए। मैं हमेशा यही सलाह देती हूं कि योग के साथ प्रोटीन से भरपूर आहार लेना चाहिए, और बादाम इसका बेहतरीन उदाहरण है। बादाम में प्रोटीन, डाइटरी फाइबर और दिल के लिए अच्छे फैट्स होते हैं, जो वजन नियंत्रित रखने और पोषण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। इनका फायदा न सिर्फ हमारी दादी-नानी की बातों से, बल्कि 200 से ज्यादा वैज्ञानिक रिसर्च से भी साबित हो चुका है। यही कारण है कि बादाम हर रोज़ के भोजन में शामिल किए जाने योग्य एक बेहतरीन चीज़ है।

## राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों को 30 जून तक कराना होगा ई-केवायसी

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। राशन कार्डों में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून तक अपना ई-केवायसी पूर्ण कराना होगा। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत 379636 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इन राशनकार्डों में 1308413 सदस्य पंजीकृत हैं जिसमें से 1166187 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है और 142226 का शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं।

## डॉ. बागरेचा क्लिनिक के सफलतापूर्व 30 वर्ष पूर्ण होने पर इलाज मे 50 प्रतिशत की छूट

**रायपुर।** फिजियोथेरेपिस्ट, मोतीबाग चौक स्थित डॉ. बागरेचा क्लिनिक के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा (छ.ग.राज्यपाल के भू.पू.मानसेवी फिजियोथेरेपिस्ट) ने इन 30 वर्षों में सैकडों मरिजों को जहां डॉक्टर ने सर्जरी को अनिवार्य बताया था उन मरिजों को स्लिप डिस्क, सर्वाइकल, स्पांडिलिसिस, जैसी बीमारियों से फिजियोथेरेपी से ठीक किया हैं। फ्रोज़न शोल्डर, लकवा, बेल्सपाल्सी, वात रोग व अन्य रोग जैसे मासपेशियों की तकलीफ, नसो से संबंधित बिमारियों को बखूबी से फिजियोथेरेपी से ठीक कर रहे हैं। डॉ. बागरेचा क्लीनिक की संचालिका डॉ.रिशा बागरेचा ने नॉन-सर्जिकल कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट में मोटापा, झुर्रियां, झाइयां, हाइपर पिग्मेंटेशन जैसे त्वचा में दाग, फेस-बस्ट लिफ्टिंग व अन्य कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट बिना सर्जरी के ठीक कर काई मुकाम स्थापित किए हैं। 30 सालो के विश्वास व मरिजो के प्यार को देखते हुए डॉक्टर बागरेचा क्लिनिक में निःशुल्क परामर्श के साथ इलाज मे 50% छूट 18 जून से 25 जून तक दी जा रही है, ताकि मरीजों को आर्थिक लाभ मिलसके।

# एआई समर्थित मुस्कान डिजाइनिंग, मध्य भारत का पहला ब्रावा प्लस डेंटल ट्रीटमेंट हुआ डॉ. मिश्रा हॉस्पिटल में

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



जन्मजात आड़े-तिरछे दांत हों या किसी दुर्घटना के कारण दंत-पंक्तियों के बिगड़ जाने से आयी विकृति से परेशानियां या मुस्कान का बिगड़ जाना, ऐसी समस्याओं के लिए ब्रावा प्लस, एआई समर्थित आधुनिकतम तकनीक माना जाता है। डॉ. मिश्रा हॉस्पिटल नयापारा, रायपुर स्थित दांतों के अस्पताल में इस तकनीक का सफल प्रयोग किया गया जो मध्य भारत में इस तरह का पहला उपयोग माना गया है। यह कार्य डॉ. हमजा दरगाहवाला, एमडीएस आर्थोडोंटिक्स तथा डॉ. अबीर मिश्रा एमडीएस माइक्रो एंडोडोंटिक्स की टीम ने सफलता से करते हुए रायपुर की दंत उपचार सुविधाओं को नए युग मे पहुंचा दिया है। दांतों में तार बंधवाकर कई महीनों या सालों तक घूमते हुए लोग अक्सर देखे जाते हैं। यह उपचार भी दंत पंक्तियों को सीधा करने के लिए ही किया जाता है पर इसकी तकलीफें बहुत अधिक होती हैं। ब्रावा प्लस में यह उपचार दांतों के पीछे से किया जाता है, जो सामने से दिखाई नहीं पड़ता। इस तकनीक में दांतों की ट्रे बदलनी नहीं पड़ती, बार-बार हॉस्पिटल के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सौ प्रतिशत इनविजिबल अलाइनमेंट के कारण यह तकनीक दुनिया में तेजी से लोकप्रिय हुयी है। मध्य भारत, विशेषकर छत्तीसगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी जिसे अब डॉक्टर मिश्रा हॉस्पिटल नयापारा, रायपुर में डॉक्टर अबीर मिश्रा तथा डॉक्टर हमजा दरगाहवाला द्वारा शुरू किया गया है। इस उपचार से रायपुर के मरीजों को बहुत लाभ और संतुष्टि मिली है। दाँतों में ओवरलैप गैप, कर्व्ड अलाइनमेंट, चबाने या बोलने में दिक्कत, मसूढ़ों की बीमारियों से राहत का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुस्कान की कायाकल्प में यह तकनीक बहुत उपयोगी और सुरक्षित है। इसके पहले इनविजिबल आर्थोडोंटिक्स में इनवेसलाइन को सबसे अच्छा माना जाता था लेकिन उसमें बार-बार दांत में लगाने वाली ट्रे बदलनी पड़ती थी। मरीज़ के ट्रे के इस्तेमाल के अधिकतम वक़्त के आधार पर उपचार की सफलता सुनिश्चित होती थी।

# कसौधन वैश्य समाज शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




कसौधन वैश्य समाज शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रॉयल पैलेस राजनंदगांव में श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कसौधन गोत्र प्रवर्तक महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह उपस्थित रहे थे। साथ ही समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे डॉक्टर रमन सिंह ने नवनिर्वाचित छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आशीष गोविंद गुप्ता एवं उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता रायपुर को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई एवं मुकेश गुप्ता रायपुर को समाज में इनके कार्यों एवं उनके समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। हम मुकेश गुप्ता को इस सम्मान के लिए बधाई देते है, यह सम्मान अन्य लोगों को भी समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा एवं निलेश गुप्ता बिलासपुर को डॉ रमन सिंग द्वारा समाज में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिसने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इन्होंने अपने कार्यो से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाया है और उनकी सेवाओं ने समाज में एक नई दिशा देने का काम किया है। उनकी निष्ठा और समर्पण ने समाज में एक सकारात्मक प्रभाव डाला है और हमें विश्वास है कि यह सम्मान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। नितिन मुकेश गुप्ता रायपुर को बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष बनने की हार्दिक बधाई दी।

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

- राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से करें आम जनता का काम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने महानदी भवन नवा रायपुर में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, क्रियान्वयन तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डिजिटल भू-अभिलेख, ई-गिरदावरी, ड्रोन सर्वे आधारित स्वामित्व योजना, नक्शा परियोजना तथा त्रिवर्षीय भू-सर्वेक्षण कार्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और विभाग को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें राजस्व विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, उप सचिव द्वय लोकेश चंद्राकर, सुनील चंद्रवंशी, सहित विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री वर्मा ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्तावों पर भी विस्तृत चर्चाएं की गईं, जिनमें रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी एवं पहले से स्थानांतरित अधिकारियों के प्रभार की स्थिति की समीक्षा सम्मिलित रही। राजस्व विभाग के पदोन्नत अधिकारियों को एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़ है, इसकी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से ही आम जनता का विश्वास सुदृढ़ होता है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और जनता की समस्याओं का तत्पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाकर आमजन को अधिक पारदर्शी एवं दक्ष सेवाएं प्रदान की जाएं।

## 375 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण, 150 से अधिक होंगे समाप्त

# शिक्षा व्यवस्था पर संकट : कवर्धा में दो स्कूल बंद, 150 से अधिक शालाएं विलय की भेंट चढ़ीं

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




एक भी स्कूल बंद नहीं होगा- छत्तीसगढ़ शासन-प्रशासन द्वारा बार-बार दोहराए गए इस दावे पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। कवर्धा जिले में युक्तियुक्तकरण की आड़ में न केवल दो प्राथमिक शालाओं को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, बल्कि 150 से अधिक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं ऐसी हैं, जिनका अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो रहा है। यह खुलासा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया है।

**स्कूलों का अस्तित्व समाप्त**-टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि कवर्धा ब्लॉक में शहर की दो प्रमुख प्राथमिक शालाएं हटरीपारा एवं नगर पालिका कन्या प्राथमिक शाला में से एक को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार स. लोहारा ब्लॉक के नवघटा एवं सबराटोला प्राथमिक शालाओं में से एक को भी बंद किया गया है। हालत यह है कि इन शालाओं में कार्यरत शिक्षकों को अब तक यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है कि किस स्कूल को बंद किया गया है और किसे चालू रखा गया है। इससे न केवल शिक्षकों में असमंजस है, बल्कि छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भी गहरी चिंता व्याप्त है। 375 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण, 150 से अधिक होंगे समाप्त-एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 375 शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है, जिनमें से 150 से अधिक शालाएं पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। युक्तियुक्तकरण के नाम पर छोटे स्कूलों को बड़े स्कूलों में विलय किया जा रहा है, जिससे बच्चों को अब लंबी दूरी तय कर पढ़ाई के लिए जाना होगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा के अधिकार पर सीधा प्रहार है।

**नया सत्र शुरू, पर आदेश अधूरा**-जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 15 जून तक इन मर्ज किए जाने वाले स्कूलों को लेकर कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है। जबकि 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में 375 स्कूलों के भविष्य पर अनिश्चितता छाई हुई है। जिन स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, वे नए सत्र के पहले दिन अलग-अलग रूप से चालू हो गए हैं, जिससे प्रशासनिक अव्यवस्था और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

**विरोध तेज**-एसोसिएशन पदाधिकारियों आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चंद्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चंद्राकर आदि ने बताया कि शिक्षा के सुधार की बात करने वाला शासन 1499 शिक्षकों के पद ही समाप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्कूल बंद करके और शिक्षकों की संख्या घटाकर नहीं लाई जा सकती।

**त्रुटिपूर्ण योजना निरस्त हो**-टीचर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट मांग की है कि शासन-प्रशासन को अपनी गलती स्वीकार करते हुए युक्तियुक्तकरण योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो शिक्षक वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा। शिक्षा सिर्फ भवन और शिक्षक नहीं, यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि स्कूल ही नहीं रहेंगे, तो गांवों और कस्बों में शिक्षा का आधार कैसे मजबूत होगा? शासन को चाहिए कि युक्तियुक्तकरण की पुनः समीक्षा कर वास्तविक ज़मीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले।

# कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में यूको बैंक बी सी क्लब द्वारा अन्नदान




**रायपुर।** यूको बैंक की बी सी क्लब समूह द्वारा एकत्र किया गया धनराशि से सूखा अनाज लेकर माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम आकर अन्नदान किया गया। चांवल, दाल, खाने का तेल, शक्कर, चायपत्ती, और मसाला, नमक साबुन, डिटर्जेंट पाउडर, टुथपेस्ट नारियल तेल, इत्यादि सामग्री दान में दिया गया। यूको बैंक बी सी क्लब के सदस्यों को कुलदीप निगम वृद्धाश्रम की स्थापना से अब तक के सफर से अवगत कराया गया और सभी बुजुर्गों से सौजन्य भेंट करने के बाद सभी सदस्यों ने आश्रम द्वारा बुजुर्गों की सेवा की सराहना करते हुए भविष्य में भी यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। सभी सदस्य बुजुर्गों से मिलकर उनका हालचाल पूछा। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, एस के घोष, जी एन दहदकर, एस एल पाल, प्रभा प्रधान, राजेंद्र कुमार निगम, बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारुल चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

# जशपुर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ऊंचे पहुंच, का दिखाते हैं धौंस, कलेक्टर मीटिंग की भी परवाह नहीं

## टीएल मीटिंग में अनुपस्थित रहने को लेकर मिल रहे लगातार शो कॉज नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर आगामी 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को रणजीता स्टेडियम में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई उसका सभी गंभीरता से पालन करेंगे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महाविद्यालय के बच्चों, जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी और एनजीओ, मीडिया के पत्रकारों के साथ आम नागरिकों को योग दिवस पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया हैं। सीएमओ को नोटिस



अनुपस्थित नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय और कृषि विभाग के उप संचालक एम आर भगत को बैठक में अनुपस्थित होने के कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ इससे पहले भी कई बार मीटिंग से नदारद रहे हैं। उन्हें पहले भी शो कॉज नोटिस कलेक्टर की ओर से जारी किया जा चुका है।

**ऊंची पहुंच का धौंस**-सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय अपनी ऊंची पहुंच का। धौंस दिखाकर उच्च अधिकारियों और खासकर कलेक्टर की मीटिंग से गायब रहते हैं। कहा यह भी जाता है कि सीएम के क्षेत्रों में लगातार पदस्थापना होने की वजह से उन्हें अपने कार्यों को लेकर अति आत्मविश्वास है।

**एंटी करप्शन से भी फर्क नहीं पड़ा**-तिल्दा नेवरा में पदस्थापना के दौरान सीएमओ रहते हुए सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दागदार होने के बाद भी सीएम जिले का मुख्यालय मिल जाना उन्हें अपने कार्यों की उत्कृष्टता का प्रमाण लगता है। यही वजह है कि आईएएस अधिकारी की मीटिंग को नजरअंदाज करना भी उन्हें कुछ बढ़ा नहीं लगता।

**तैयारी को लेकर निर्देश** -कलेक्टर ने ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत , नगरीय निकाय और सभी विभागों के अधिकारियों को समाज कल्याण के अंतर्गत yoga.ayush.gov.in और yoga-sangam में पंजीयन करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का जशपुर, दुलदुला, कुनकुरी और तपकरा में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शिवरीनारायण में पार्किंग व्यवस्था नही होने से मंदिर क्षेत्र के दुकानदार परेशान

- स्थानीय प्रशासन से नगर में शीघ्र पार्किंग व्यवस्था बनाने दुकानदारों ने लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

टेम्पल सिटी शिवरीनारायण का मध्यनगरी चौक, नगर के मुख्य मंदिर परिसर से लगा हुआ है और यह नगर का सबसे पुराना बाजार क्षेत्र है यहां भगवान शिवरीनारायण, माता शबरी, श्रीराम जनकी एवं भगवान जगन्नाथ स्वामी की दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए यहां प्रतिदिन हजारों श्रध्दालु आते है जिसमें से कई श्रध्दालु अपने निजी वाहन चार पहिया, दुपहिया से आते और ये श्रध्दालु अपने वाहनो को नगर में पार्किग व्यवस्था न होने के कारण मध्यनगरी चौक के दुकानों के सामने खड़ी कर भगवान दर्शन के लिए मंदिर चले जाते हैं। मध्यनगरी चौक के दुकानदारों का कहना है कि श्रध्दालुओं के वाहन हमारे दुकानों के सामने खड़ी होने से हमारे दुकान के ग्राहकों को दुकान अंदर आने में परेशानी होती है और कई बार ग्राहकों




को अपनी वाहन बाजार में खड़ी करने के लिए जगह नही मिलती जिसके कारण ग्राहक दुकान से समान खरीदे बिना ही वापस चले जाते है । इससे हमारे दुकानो पर बूरा असर पड़ रहा है यदि इस बाजार के आस पास क्षेत्र में वाहन के लिए पार्किंग व्यवस्था होती तो हम दुकानदारों को कोई परेशानी नही होती और न ही ग्राहक वापस होते। इस क्षेत्र के दुकानदारों का यह भी कहना है कि मध्यनगरी चौक के व्यापारियों व्दारा काफी लम्बे समय से इस बाजार क्षेत्र के आस पास पार्किग बनवाने नगर पंचायत से मांग कर रहे हैं फिर भी नगरपंचायत इस ओर कोई ध्यान नही दे रही है अभी हाल ही में लगभग दो सप्ताह पूर्व मध्यनगरी चौक के आस पास पार्किग व्यवस्था बनाने हेतु शिवरीनारायण के मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश साहू तहसीलदार अविनाश चौहान एवं टी आई भास्कर शर्मा को पुनः आवेदन दिए है उस पर भी अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नही की है।

# कलेक्टर रोहित व्यास ने गृह निर्माण मंडल, सीजीएमएससी और आदिम जाति विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक

- विकासकार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में गृह निर्माण मंडल, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कलेक्टर ने तीनों विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर व्यास ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में भी विकासकार्य तेजी से संचालित हो इसे प्राथमिकता में



रखकर कार्य करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु लगातार फील्ड विजिट करने और आवश्यकता अनुसार समन्वय स्थापित कर कार्यों को तेजी से क्रियान्वयन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राजस्व न्यायालयों में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र करें ऑनलाइन एंट्री : कलेक्टर व्यास

## कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों की ली समीक्षा बैठक

- एसडीएमों को तहसीलों का नियमित निरीक्षण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, खाता विभाजन, अभिलेख शुद्धता, राजस्व के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के अंतर्गत प्राप्त समस्त आवेदनों को प्राप्ति के उपरांत जल्द से जल्द ऑनलाइन एंट्री करते हुए समय सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने आधार प्रविष्टियां, नक्शा अपडेट, वन अधिकार पत्र के प्रकरणों को विशेष ध्यान देकर निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भू अर्जन के प्रकरणों की भी जानकारी लेते हुए उनका निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व (एसडीएम) को नियमित रूप से तहसीलों का निरीक्षण करने जे निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान शासकीय विभागों, विभिन्न सामाजिक संगठनों को भूमि आबंटन की स्थिति की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने असर्वेक्षित ग्रामों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द सर्वे कार्य करवाने को कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम ओंकार यादव, आकांक्षा त्रिपाठी, ऋतुराज बिसेन, नंदजी पांडेय, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, विश्वासराव मस्के सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# आमासिवनी बस्ती का पानी स्वर्ण भूमि के कॉलोनाइजर द्वारा अपनी भूमि पर बाउंड्रीवाल बनाने से बस्ती के बाहर एकत्रित



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के क्षेत्र के अंतर्गत आमासिवनी बस्ती क्षेत्र का पानी स्वर्णभूमि के कॉलोनाइजर द्वारा बाउंड्रीवाल बनाने से बस्ती के बाहर एकत्रित हो रहा था, इससे आमासिवनी बस्ती क्षेत्र में जलभराव की समस्या आ जाती। इसे देखकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने स्वर्ण भूमि के सम्बंधित कॉलोनाइजर से बात कर उनसे स्वर्ण भूमि की जमीन से भरा हुआ एकत्रित हुआ पानी निकास करने रास्ता नगर निगम जोन 9 टीम से निकलवाया। इससे अब बारिश में आमासिवनी बस्ती क्षेत्र में जल के भराव की समस्या नहीं आएगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक, गन्दगी मिलने, डस्टबिन नहीं मिलने पर 25 दुकानों से 6500 रूपये जुर्माना वसूला



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त (स्वास्थ्य) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों की सहायता से जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और 25 दुकानों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक, गन्दगी मिलने, दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने पर कुल 6500 रूपये सम्बंधित दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की और इस सम्बन्ध में रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त पॉलीथिन, गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

# मातृत्व के बाद मौन संघर्षः छत्तीसगढ़ में प्रसवोत्तर मूत्र असंयम के बढ़ते मामले तत्काल ध्यान देने की मांग करते हैं : डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में मातृ स्वास्थ्य का एक बढ़ता मुददा उभर रहा है, एक ऐसा मुददा जो दैनिक जीवन को प्रभावित करता है लेकिन इसके बारे में शायद ही कभी बात की जाती है। तनाव मूत्र असंयम (एसयूआई), छींकने, खांसने या सामान उठाने जैसी गतिविधियों के दौरान मूत्र का अनैच्छिक रिसाव, राज्य में प्रसव के बाद अनुमानित 10% से 40% महिलाओं को प्रभावित कर रहा है। एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (यूरोलॉजी), एफएमएएस, एयूए फेलोशिप (शिकागो) डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा, एसयूआई विशेष रूप से उन महिलाओं में आम है जो योनि से प्रसव



करा चुकी हैं, विशेष रूप से उन महिलाओं में जिनमें एपीसीओटॉमी या संदंश-सहायता वाले प्रसव शामिल हैं। उच्च मातृ आयु, उच्च बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), एकाधिक गर्भधारण और पेल्विक फ्लोर स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता की कमी जैसे कारकों से जोखिम बढ़ जाता है।

इसकी व्यापकता के बावजूद, छत्तीसगढ़ में कई महिलाएं चुपचाप सहती हैं, लक्षणों को सामान्य करती हैं और कलंक और सीमित पहुंच के कारण देखभाल से बचती हैं। एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (यूरोलॉजी), एफएमएएस, एयूए फेलोशिप (शिकागो) डॉ. राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा, तनावपूर्ण मूत्र असंयम एक शारीरिक स्वास्थ्य समस्या से कहीं अधिक है। यह एक महिला के आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल होने की क्षमता को चुपचाप प्रभावित करता है। दुर्भाग्य से, छत्तीसगढ़ में कई महिलाएं इन लक्षणों को सामान्य कर रही हैं, जिससे समय पर निदान और उपचार में देरी हो रही है। हमें पेल्विक फ्लोर शिक्षा को नियमित प्रसवोत्तर देखभाल में एकीकृत करना चाहिए और पेल्विक फिजियोथेरेपी को सभी जिलों में अधिक सुलभ बनाना चाहिए।

## 30 जून तक कराएं आधार प्रमाणीकरण, नहीं तो रुक सकता है राशन

**कवर्धा।** एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के सुचारु संचालन हेतु भारत सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में सभी राशनकार्डधारकों के परिवारजनों का आधार आधारित प्रमाणीकरण (ई-केवायसी) अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने हितग्राहियों से 30 जून 2025 तक यह प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करने की अपील की है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खाद्यान्न सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने पंचायतों, नगरीय निकायों एवं उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे हितग्राहियों को जागरूक करें एवं शीघ्रता से आधार प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराएं। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने जानकारी दी कि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इस प्रक्रिया से छूट दी गई है। ई-केवायसी की सुविधा जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध है, साथ ही मेरा प्रमाणीकरण मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे भी यह कार्य किया जा सकता है।

# अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर तहसीलदार की अगुवाई में हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

कुरदा ग्राम पंचायत अंतर्गत कुदरी बैराज के पास राजस्व भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। तहसीलदार प्रशांत पटेल के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बेजा कब्जे में बनी दुकानों और निर्माणों को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत कुरदा के प्रस्ताव के आधार पर की गई, जिसमें अवैध रूप से घर और दुकान बना लेने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन ने पहले से ही कब्जाधारियों को चेतावनी दी थी, बावजूद इसके कई लोगों ने सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर लिया था। सोमवार को अचानक तहसीलदार की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाया। कार्रवाई के दौरान लोगों में आक्रोश देखा गया, लेकिन पुलिस बल की



मौजूदगी ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। इस अभियान के तहत फिलहाल घरों के बाहर किए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया है। तहसीलदार प्रशांत पटेल ने स्पष्ट कहा, मेरे क्षेत्र में कोई भी अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले समझाइश दी गई थी, अब कार्रवाई की जा रही है। 15 दिनों का अंतिम नोटिस देकर शेष कब्जाधारियों को भी चेतावनी दी गई है। इसके बाद फिर से कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहवासियों को सरकारी भूमि से दूर रहने की हिदायत दी। साथ ही यह भी कहा गया कि आगे कोई भी नया अतिक्रमण हुआ, तो तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में तहसीलदार प्रशांत पटेल, नायब तहसीलदार, पटवारी समेत चांपा नगर का पूरा पुलिस बल मौजूद रहा।

## पत्रकारों को देख छुपाने लगे बोतल व ग्लास चल रही थी शराब पार्टी

# वन विभाग के कर्मचारी खपरीडीह आरा मील के खिलाफ कार्यवाही करना छोड़ वहीं बैठ छलका रहे थे जाम

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह एक तरफपुरे देश मे एक पेड़ मां के नाम से पेड़ लगाए जा रहे हैं तो वहीं दुसरी ओर प्रतिबंधित पेड़ों की लगातार कटाई की जा रही है तो वहीं खपरीडीह स्थित आरा मील जांच करने के पहुंची वन विभाग की टिम जाम छलका रही थी जब इस बात की जानकारी पत्रकारों हुई तो पत्रकार वहां पहुंच तो वन विभाग की टिम शराब पी रही थी जब पत्रकार इसका विडियो बनाने लगे तो वन विभाग कि टिम बोतल ग्लास छुपाने लगी मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा वन विभाग की टिम बम्हनीडीह खपरीडीह क्षेत्र के दौरे पर निकली थी पर खपरीडीह स्थित आरा मील में जांच करने के बजाय वहां बैठ कर जाम छलका रही है जब की खपरीडीह स्थित आरा मील में प्रतिबंधित लकड़ी का पुरा जकिया मौजूद हैं जिस पर वन विभाग की टिम कार्यवाही करना छोड़ के शराब पार्टी करने में व्यस्त नजर आई आप को बता दें की बम्हनीडीह क्षेत्र में इन दिनों हरे भरे पेड़ों की अवैध




तरीके से कटाई तेजी से चल रही जिस पर वन विभाग किसी तरह की कार्यवाही नहीं कर पा रही है क्षेत्र में शासन द्वारा प्रतिबंधित अर्जुन के पेडो की कटाई तेजी से चल रही है और खपरीडीह सहित आस पास के आरा मील में चिराई कराई जा रही है जिस पर वन विभाग लगाम लगाने के बजाय आरा मील वाले के आगे नतमस्तक नजर आ रही है।

**सरकारी गाड़ी से जाम छलकाने पहुंचे थी वन विभाग की टीम**-खपरीडीह के केसरवानी आरा मील में मंगलवार को करीब 12 बजे वन विभाग की पहुंची जहां वन विभाग की टिम आरा मील के अंदर संचालक के रुम में शराब पी रही थी व्यवस्था सुंदर पटेल ने बताया की टिम आई थी जिनके कहने पर मैने बेटे को बोल कर नास्ता की व्यवस्था की थी शराब वहां कौन लाया था इसकी जानकारी नहीं होने की बात कही है। आप को बता दें की शराब के साथ ही यहां वन विभाग की टिम के लिये चखना की भी व्यवस्था की गई थी जहां वन विभाग की टिम बड़े मजे से जाम छलका कर मजे कर रहे थे वन विभाग की टिम शराब पीने के लिये बकायदा सरकारी गाड़ी से खपरीडीह आरा मील पहुंची हुई थी। खपरीडीह के आरा मील में भारी मात्रा में अर्जुन की लकड़ी मौजूद फिर भी कोई कार्यवाही नहीं। मिली जानकारी के अनुसार खपरीडीह के आरा मील में अर्जुन की लकड़ी भारी मात्रा में है पर उसके खिलाफवन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा है जिससे आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं की किस तरह से वन विभाग और आरा मील संचालक के साठ गांठ से प्रतिबंधित पेड़ों को काट कर यहां चीरा जा रहा है जब की इस लकड़ी की कटाई पर शासन ने रोक लगा रखा है पर यहां तो वन विभाग के देख रेख में इस पेड़ों की कटाई कर चीरा जा रहा है और वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी इस आरा मील में बैठ कर जाम छलका रहे हैं।



- मामले की जांच कराई जा रही है मेडिकल के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।
  **-हिमांशु डोंगरे**
  **डी एफओ जांजगीर चांपा**
- नास्ता के लिए बोले थे तो व्यवस्था किया था शराब कौन लगाया इसकी जानकारी नहीं है।
  **-सुंदर पटेल व्यवस्था आरा मील खपरीडीह**

# जल जीवन मिशन के 06 ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त व 114 ठेकेदारों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के अध्यक्षता में जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन की कार्यों की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न अनुबंधों के अंतर्गत कार्य किये जा रहे ठेकेदारों के कार्यो में धिमी प्रगति के कारण जिले के 3333 योजनाओं में से केवल 1072 योजना पूर्ण होने पर कलेक्टर द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त की गई।

जिसके कारण 06 ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त करने व 114 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिश जारी कर जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सभी ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त करने के निर्देश



कार्यपालन अभियंता को दिये गये। कलेक्टर द्वारा सभी ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण कर जल प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिये गये। अन्यथा सक्त दण्डात्मक कार्यवाही एवं किये गये औचित्यहीन भुगतान की वसूली ठेकेदारों से किये जाने का निर्देश विभाग को दिया गया।

# क्रेडा की योजनाओं का बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में दिख रहा प्रभाव

**भूपेन्द्र सवन्नी, अध्यक्ष एवं राजेश सिंह राणा, सीईओ, क्रेडा के संयुक्त प्रयासों से सुशासन तिहार-2025 में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण**






पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संचालित योजनाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से विष्णु देव सरकार द्वारा प्रदेश में सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत प्रदेश के लगभग सभी पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर जनसामान्य की मांग व शिकायतों को प्राप्त कर उनका निराकरण करने का सफल प्रयास किया गया। क्रेडा सी.ई.ओ. राणा ने पहले ही विभाग के अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिये थे कि क्रेडा न केवल संयंत्र स्थापित करने वाली संस्था है, बल्कि यह जिम्मेदारी से संचालन और रखरखाव के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारी सोच केवल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, सेवा की निरंतरता और जनविश्वास की स्थापना है। इसी कड़ी में प्रदेश स्तर पर क्रेडा के मैदानी अमलों द्वारा भी शिविरों में उपस्थिति दी गई एवं जनसामान्य की मांगों एवं शिकायतों को प्राप्त किया गया। बस्तर संभाग अंतर्गत क्रेडा द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सौर ऊर्जा योजनाओं क सफल क्रियान्वयन हेतु दिये गये दिशा-निर्देशों पर भूपेन्द्र सवन्नी, अध्यक्ष, क्रेडा एवं राजेश सिंह राणा, सीईओ, क्रेडा के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर एवं नारायणपुर से कुल 42 संयंत्रों के अकार्यशील होने की शिकायते प्राप्त हुई थी। क्रेडा के तकनीकी अमलों द्वारा प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु कार्यवाही करते हुए ऐसे 29 संयंत्र जो 05 वर्षीय वारण्टी अवधि अंतर्गत थे को कार्यशील कर दिया गया है तथा ऐसे संयंत्र जिनकी स्थापना हुए 05 वर्षों से अधिक हो चुका है को कार्यशील करने की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिला कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर दिया गया है। क्रेडा द्वारा बस्तर संभाग के अंदरूणी क्षेत्रों में सोलर पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पम्प, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाईमास्ट एवं सोलर स्ट्रीट लाईट तथा कृषकों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोलर कृषि पम्प एवं अन्य सौर संयंत्र स्थापित किये गए है। उक्त संयंत्र ग्रामीणों की मूलभूत आवश्कताओं की पूर्ति एवं सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है। ऐसे संयंत्रों की अकार्यशीलता की शिकायत प्राप्त होने पर क्रेडा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 11 सोलर पेयजल पम्प, 02 सोलर कृषि पम्प, 06 सोलर हाई मास्ट, 10 सोलर पावर प्लांट कार्यशील किये गए है। विदित हो कि, विष्णु देव सरकार द्वारा जनसामान्य को सीधे लाभान्वित करने के उद्देश्य को सफल बनाने हेतु सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध व सुचारू कार्यवाही हेतु क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी व सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा लगातार समीक्षा बैठकों व भ्रमण के दौरान दिये गये थे। जिससे मैदानी क्षेत्रों में क्रेडा से संबंधित आवेदनों व मांगों का प्रभावी निराकरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप हो सका है। लाभान्वित समस्त ग्रामीणों एवं हितग्राहियों द्वारा शासन के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये, शासन के प्रति अपना आभार प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि, विष्णुदेव साय के सुशासन में व क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद सवन्नी व सीईओ राजेश सिंह राणा के मार्गदर्शन में बस्तर संभाग अंतर्गत ग्रामीणों के सर्वेव्यापी विकास हेतु लगातार नये कार्यों व योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत जिला बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर में बस्तर विकास प्राधिकरण, केन्द्रीय सहायता मद एवं डीएमएफ अंतर्गत विभिन्न कार्य स्वीकृत किये गए हैं। जिनका क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है। साथ ही बायोलॉजिकल गार्डन, नारायणपुर में सौर संयंत्रों की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके निर्माण कार्य की कार्यवाही की जा रही है।

# बालको के ग्रीष्मकालीन शिविर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को दिया बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर का उददेश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और कौशल निर्माण को बढ़ावा देना था। दो चरणों में आयोजित शिविर में इस वर्ष 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बालको की कर्मचारी कल्याण एवं सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' के अंतर्गत कंपनी ने 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के 200 से अधिक छात्र शामिल हुए। ये छात्र आस-पास के सरकारी स्कूल में अध्ययनरत हैं। 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' का उददेश्य इन स्कूलों में सीखने के माहौल को बेहतर बनाना है, जिसमें छात्र प्रदर्शन में सुधार, शिक्षकों की क्षमताओं का निर्माण और विज्ञान, अंग्रेज़ी, गणित और लेखाशास्त्र (सेमा) जैसे विषयों में करियर मार्गदर्शन शामिल है। ग्रीष्मकालीन शिविर में शैक्षिक सत्र के साथ-साथ कैलिग्राफी, चित्रकला, नृत्य, व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे रचनात्मक और जीवन कौशल से जुड़े सत्र आयोजित किए गए। इन सत्र का संचालन कंपनी के कर्मचारी स्वयंसेवकों ने किया।

बालको टाउनशिप में कर्मचारियों के बच्चों के लिए साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर बालको की जीवन गुणवत्ता को बढ़ाने की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। इस शिविर में मजेदार और शिक्षाप्रद गतिविधियों के साथ-साथ योग, गुड टच-बैड टच जागरूकता और रचनात्मकता को विकसित करने वाले सत्र का आयोजन किया गया। बालको के कर्मचारी और इंटर्न्स ने सत्र का संचालन कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।


बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बच्चे हमारे बेहतर भविष्य की आशा हैं और इस आशा को स्नेह, अवसर और प्रेरणा के साथ पोषित करना हमारी जिम्मेदारी है। बालको में हम अपने टाउनशिप और आस-पास की समुदाय को अपनी साझा उददेश्य का हिस्सा मानते हैं। हमें एक ऐसा वातावरण तैयार करना, जहां हर बच्चे को समग्र विकास के अवसर मिलें।

सरकारी स्कूल की प्रतिभागी छात्रा अंजलि साहू ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट कनेक्ट ने साल भर मेरी पढ़ाई में बहुत मदद की है। ग्रीष्मकालीन शिविर ने व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे उपयोगी सत्रों के माध्यम से और भी ज्यादा लाभ पहुंचाया। इन सत्रों ने पढ़ाई को मज़ेदार बना दिया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है। बालको, समावेशी और समृद्ध अनुभवों के माध्यम से अगली पीढ़ी को स्नेहपूर्वक संवारते हुए, अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ परस्पर सहयोग की भावना को और मजबूत किया है।

# निजी स्कूल संचालको और जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर पर जल्द एफआईआर दर्ज करवाऊंगा : विकास तिवारी

**रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल पर कार्यवाही की हुई अनुशंसा**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा- राजधानी रायपुर और प्रदेश के लाखो छात्रों के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी और निजी स्कूल संचालको की मिली-भगत के कारण उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सीजी बोर्ड के मान्यता प्राप्त निजी स्कूल जहा कक्षा पहली से कक्षा दसवी तक हिंदी/इंग्लिश मीडियम के सरकारी/प्राइवेट स्कूलों में पाठ्य पुस्तक सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रदान किया जाता है, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी और प्राइवेट स्कूल संचालको की मिली-भगत और भ्रष्टचार के कारण निःशुल्क पाठ्य पुस्तक छात्रों को नहीं दिया जाता है और प्राइवेट स्कूल संचालको द्वारा महँगी और अतिरिक्त सिलेबस वाले पुस्तकों को छात्रों को बेचा जा रहा है। इन पुस्तकों को प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित भी नहीं किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने पिछले साल राजधानी रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग शंकर नगर, कृष्णा किड्स एकेडमी मोहबा बाज़ार, कृष्णा किड्स एकेडमी मोवा, कृष्णा किड्स अवंती विहार, कृष्णा किड्स एकेडमी टाटीबंध, कृष्णा जूनियर डुंडा, केपीएस किड्स भाटागाव, कृष्णा पब्लिक स्कूल आरंग, कृष्णा पब्लिक स्कूल नयापारा राजिम, कृष्णा किड्स जूनियर जीवन विहार कालोनी, श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल अम्लीडीह, श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल सरोना, केपीएस किड्स देवेन्द्र नगर रायपुर जो की कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवी और कक्षा आठवी तक संचालित है ये सभी सीजी बोर्ड के इंग्लिश मीडियम स्कूल है जिनमे पांच हजार से अधिक छात्र-छात्रा अध्ययन रत है इनमे से कोई ही स्कूल निःशुल्क पाठ्य पुस्तक शासन से नहीं लेता और न ही जिला शिक्षा अधिकारी इन फर्जी सीबीएसई स्कूलों पर कोई भी कार्यवाही करते है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र सेवा का है कमाई का नहीं। लेकिन राजधानी रायपुर सहित पुरे प्रदेश में जिला शिक्षा अधिकारी और प्राइवेट स्कूल संचालको की मिली-भगत के चलते छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं दिया जाता है । उन्हें महंगे और अतिरिक्त सिलेबस वाले गुणवत्ता विहीन पुस्तकों को खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। पिछले वर्ष की गयी लिखित शिकायत के बाद दो सदस्यी जाँच कमेटी बनाई गयी थी जिसके रिपोर्ट में साबित हुवा की उक्त निजी स्कूलों द्वारा शासन के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को नहीं लिया गया है और गत आठ-दस वर्षो से छात्रों को महंगा और अतिरिक्त सिलेबस बेचा जा रहा है जो कि गैर कानूनी है। इस जाँच रिपोर्ट को विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा अपने उच्च कार्यालय को नहीं भेजा जा रहा है। जिसके कारण सत्र 2025-26 में भी इन स्कूलों में पढने वाले छात्रों को निःशुल्क पुस्तक से वंचित किया जा रहा है इन स्कूलों द्वारा जबरिया छात्रों को स्कूल खुलने के पहले ही महँगी और गुणवत्ता विहीन पुस्तकों को बेचा जा चुका है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर और इन प्राइवेट स्कूल संचालको के खिलाफ धोखाधड़ी, कूट रचना, ठगी की धाराओं के तहत पुलिस में प्रकरण दर्ज करवाया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी व्यवस्था करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रेडक्रास सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय, जनपद, तहसील, ऐतिहासिक, सार्वजनिक, धार्मिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसमें स्कूल के बच्चों के साथ एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट, जनप्रतिनिधि तथा आमजन भी शामिल होंगे। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष की थीम योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य पर आधारित है। जिसके अंतर्गत राज्य जिला जनपद नगर मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया जाएगा। आयोजक संस्था शासकीय निजी एवं अन्य व्यक्तिगत रूप से योग करने वाले व्यक्ति को आयुष विभाग के पोर्टल https// yoga. ayush. gov. in पर पंजीयन किया जाना है।

18 June 2025 Pride Of Raipur

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चेनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रीकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre Nursery Pre-Primary Classes
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
| --- | --- |
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Nursery, Pre-Primary, Classes 1st to 12th (Maths, Bio, Com. Arts)
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 9425214413, 9329621221

Waterproofing
With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
9301117779

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल
प्रवेश प्रारंभ
प्रथम 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश
द्वितीय 50 विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक
MATHS BIO COMMERCE
पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T.,
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
-: प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल चौक के पास, बोरियाकला
रायपुर मो. 9479116868, 7828168418

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

हिप्नोसिस
पूर्व जन्म दर्शन
मानसिक अवसाद से मुक्ति
किसी भी प्रकार का तनाव
चिंता रिश्ते की समस्या
ऐसा लगता है कि कोई है साथ में पर वो सिर्फ डर है खुद का
भविष्य की चिंता
ऐसे सभी कारणों का निदान संभव है हिप्नोसिस के द्वारा
S. Nitin Astrology & Numerology Expert
www.snitinnumerological.com 7000074769

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Imagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403